✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 117 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 22 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



सीएम सम्राट चौधरी ने पटना में आयोजित 'ग्राम संसद-बिहार चैप्टर : मुखिया संवाद' का किया शुभारंभ

# डूबने से आठ बच्चों की मौत

## कर्मा-धर्मा पर्व को लेकर स्नान करने गये थे सभी बच्चे, हादसे के बाद मची चीख-पुकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज प्रखंड के भीरखुद पंचायत स्थित तरेटा गांव में सोमवार को बाढ़ के पानी में डूबने से छह बच्चों की मौत हो गई। हादसा गैस गोदाम के पास हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी में बच्चों की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद सुल्तानगंज थाना पुलिस और अंचल पदाधिकारी को घटना की सूचना दी गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सभी छह बच्चों को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सभी बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान राहुल कुमार, विकास कुमार, ज्योति कुमारी, पूजा कुमारी, मीनाक्षी कुमारी और आयुष कुमार के रूप में हुई है। सभी बच्चों की उम्र करीब 10 से 15 वर्ष के बीच बताई जा रही है। बताया गया है कि सभी बच्चे



आसपास के विष्णु टोला और दुधैला इलाके के रहने वाले थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक बच्चों के परिवारों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर सुल्तानगंज के अंचल पदाधिकारी रमण कुमार भी अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने सरकारी प्रावधान के अनुसार परिवारों को सहायता दिलाने का भरोसा दिया। वहीं कजरैली थाना क्षेत्र में सोमवार को दो नाबालिग बच्चियों के शव पानी में उतराते मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों बच्चियां गौराचौकी की रहने वाली थीं। परिवार वालों का कहना है कि दोनों बच्चियां रविवार सुबह करीब 8 बजे कर्मा-धर्मा पर्व को लेकर एक साथ घर से निकली थीं। दोपहर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में खोजबीन के बाद भी जब दोनों का पता नहीं चला तो रविवार देर शाम कजरैली थाने में लिखित शिकायत दी गई। सोमवार को केलापुर बहियार की ओर गए ग्रामीणों ने डाड **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

# बक्सर में छात्राओं से घिनौनी हरकत करने वाले दोनों शिक्षक बर्खास्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बक्सर के डुमरांव में छात्राओं से छेड़खानी और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में दोनों शिक्षकों की सरकारी नौकरी चली गई है। जांच में दोनों के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए। इसके बाद शिक्षा विभाग ने दोनों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। बर्खास्त किए गए शिक्षकों में नथुनी अहिर के डेरा स्थित मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक विरेन्द्र प्रसाद और विद्यालय अध्यापक अरविन्द कुमार शामिल हैं। मामला सामने आने के बाद दोनों शिक्षकों पर तुरंत कार्रवाई शुरू की गई थी। 2 सितंबर को दोनों को निलंबित कर दिया गया था। इसके अगले दिन यानी 3 सितंबर को दोनों के खिलाफ आरोप तय किए गए और विभागीय जांच शुरू हुई। जांच में छात्राओं से छेड़खानी, आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने और ऑडियो के जरिए धमकी देने से जुड़े आरोप सही पाए गए। जांच रिपोर्ट आने के बाद शिक्षा विभाग ने पूरे मामले की समीक्षा की। इसके बाद दोनों शिक्षकों को नौकरी से बर्खास्त करने का फैसला लिया गया। यह कार्रवाई बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 14 (XI) के तहत की गई है। अब दोनों शिक्षक भविष्य में किसी भी सरकारी नौकरी के लिए योग्य नहीं होंगे। मामला सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बक्सर के डीएम और एसपी को दोनों आरोपित शिक्षकों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। उन्होंने गिरफ्तारी के बाद मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर जल्द सुनवाई कराने की बात भी कही थी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा और अनुशासन से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं के साथ गलत व्यवहार की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा।

# बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह का इस्तीफा


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। वह भाजपा के एमएलसी हैं। उनके पद छोड़ने के बाद अब विधान परिषद के सभापति पद को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह पद जदयू के हिस्से में जा सकता है। सभापति पद के लिए जदयू के मौजूदा उपसभापति प्रो. डॉ. रामवचन राय का नाम सामने आया है। शुरुआत में उन्हें कार्यकारी सभापति की जिम्मेदारी दी जा सकती है। इसके बाद सभापति पद के लिए आगे की प्रक्रिया पूरी हो सकती है। रामवचन राय जुलाई 2024 में विधान परिषद के उपसभापति चुने गए थे। वह लंबे समय से **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

# नये परिसीमन के बाद ही कराए जायेंगे पंचायत चुनाव : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर जरूरी अपडेट है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में पंचायत चुनाव परिसीमन के बाद ही कराए जायेंगे। उन्होंने यह जानकारी एक ग्राम संवाद कार्यक्रम के दौरान दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिसीमन का काम राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कराया जा रहा है। ऐसे में ग्राम पंचायतों के नये परिसीमन के बाद ही पंचायत चुनाव कराए जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह भी जानकारी दी कि इस बार जनप्रतिनिधियों से पांच सालों के जीडीपी का हिसाब लिया जाएगा। सीएम ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से सरकार अब यह सवाल करेगी कि आखिर पांव सालों में कितना जीडीपी बढ़ा? उन्होंने कहा कि जिला परिषद, प्रखंड और ग्राम



पंचायत और प्रखंड प्रमुख और मुखिया से जिला के जीडीपी को लेकर सवाल किया जाएगा कि कितनी बढ़ोतरी हुई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पंचायतों के परिसीमन के लिए 7500 की आबादी का मानक तय किया गया है। यानी आबादी के आधार पर पंचायतों की सीमाओं को नए सिरे से व्यवस्थित किया जाएगा। उनका कहना था कि बिहार में कई पंचायतें भौगोलिक और आबादी के लिहाज से काफी बड़ी है इसलिए परिसीमन की जरूरत महसूस की गई है। सीएम ने अपने गांव का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस गांव से वह आते हैं उसकी आबादी करीब 20 हजार है। बावजूद उसके साथ तीन अन्य गांव भी जुड़े हुए हैं और सभी मिलकर एक ही पंचायत का हिस्सा हैं। ऐसे उदाहरणों से पंचायतों के आकार और प्रशासनिक व्यवस्था **(शेष पृष्ठ 10 पर)**



# जमुई की घटना पर सरकार सख्त, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : श्रवण कुमार

## जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनीं। मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर फरियादियों की समस्याओं के विधिसम्मत एवं त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी तथा प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुमित कुमार सिंह भी मौजूद रहे। जनसुनवाई के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने जमुई की घटना को अत्यंत दुखद एवं निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि घटना से लोग मर्माहत हैं और सरकार एवं प्रशासन पूरे मामले को लेकर संवेदनशील है। दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून का राज स्थापित करने की नीति पर सरकार लगातार काम कर रही है। ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले तत्वों के खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई की गई है और जमुई मामले में भी दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। विपक्ष द्वारा राज्य का खजाना खाली होने के आरोप पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं बचाव कार्य में लगातार जुटी हुई है और प्रभावित लोगों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार काम किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने भी जमुई की घटना की निंदा करते हुए कहा कि वहां के पुलिस अधिकारी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं जमुई के पुलिस अधीक्षक से बात कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना निंदनीय है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

# पंचायतें मजबूत होंगी तो गांवों में विकास की रफ्तार बढ़ेगी : संजय सरावगी

## आत्मनिर्भर गांव और सक्षम युवाओं के निर्माण में पंचायतों की भूमिका अहम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पटना के ताज सिटी सेंटर में पद्मश्री डॉ. सीपी ठाकुर एवं विधान परिषद सदस्य संजय मयूख की अध्यक्षता में आयोजित 'ग्राम संसद : बिहार चैप्टर-5 ' (मुखिया संवाद) कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करने के मौके पर उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से गांवों को विकास की मजबूत इकाई बनाने तथा आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संजय सरावगी ने कहा कि बिहार के गांवों की ताकत ही बिहार के विकास की असली ताकत है जब पंचायतें मजबूत होंगी, गांवों में विकास की रफ्तार बढ़ेगी और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे, तभी विकसित बिहार का सपना जमीन पर साकार होगा। उन्होंने कहा कि पंचायतों को विकास की मजबूत इकाई बनाकर आत्मनिर्भर गांव, सक्षम युवा और मजबूत स्थानीय लोकतंत्र की दिशा में आगे बढ़ना होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गांवों के विकास से ही देश के समग्र विकास की नींव मजबूत होगी।

उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप विकास की प्राथमिकताएं तय करने और ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए आगे आना चाहिए। विधान पार्षद संजय मयूख ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार पंचायतों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। पंचायतों के परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और परिसीमन के बाद ही अगला पंचायत चुनाव कराया जाएगा।

# बाढ़ प्रभावितों के लिए राम कृपाल यादव ने दिया एक माह का वेतन

## सहकारिता क्षेत्र की संस्थाओं ने 3 करोड़ रुपये की दी सहायता राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार के विभिन्न जिलों में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने अपने एक माह के वेतन की संपूर्ण राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की। लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' में मंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए अपने एक माह के वेतन की राशि का चेक सौंपा।

इस अवसर पर बिहार राज्य भंडार निगम द्वारा 2 करोड़ रुपये तथा बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, पटना द्वारा 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि का चेक भी मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए प्रदान किया गया। इस प्रकार सहकारिता क्षेत्र की संस्थाओं एवं मंत्री की ओर से 3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में दी गई। सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार के कई जिलों में बाढ़ के कारण बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा होना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री राहत कोष में दी गई यह राशि बाढ़ प्रभावित एवं जरूरतमंद लोगों तक राहत और सहायता पहुंचाने में उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र हमेशा से सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील रहा है। संकट की इस घड़ी में सहकारिता विभाग एवं इससे जुड़ी संस्थाओं द्वारा किया गया यह सहयोग मानवीय संवेदना और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचायक है। मुख्यमंत्री राहत कोष में प्राप्त राशि का उपयोग बाढ़ एवं आपदा से प्रभावित तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता और राहत कार्यों के लिए किया जाएगा।

इस अवसर पर सहकारिता सचिव धर्मेन्द्र सिंह, बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे, निदेशक विनय कुमार एवं जितेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक अरविंद कुमार पासवान, बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# विश्व शांति दिवस पर डॉ. आनंद रंजन झा का संदेश: प्रेम और अहिंसा ही मानव कल्याण का मार्ग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली।** विश्व शांति दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने समाज में शांति, करुणा, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नफरत, हिंसा और वैमनस्य को समाप्त कर आपसी प्रेम एवं भाईचारे को बढ़ावा देना ही एक समृद्ध, शांतिपूर्ण और सुंदर समाज के निर्माण का आधार है। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि शांति केवल एक दिन का संकल्प नहीं, बल्कि मानव जीवन की निरंतर आवश्यकता है। युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ समाज में प्रेम, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सत्य, अहिंसा, करुणा और आपसी भाईचारे को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति के भीतर शांति होगी, तभी परिवार, समाज और विश्व में स्थायी शांति की नींव मजबूत होगी।

# पितृपक्ष मेला व आगामी त्योहारों को लेकर रेलवे की तैयारी तेज, चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पितृपक्ष मेला एवं आगामी त्योहारों के दौरान यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेल ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न शहरों से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। वहीं प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए होल्डिंग एरिया बनाए जाएंगे। यह जानकारी पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने सोमवार को पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। महाप्रबंधक ने बताया कि पितृपक्ष मेला और त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के रेलवे स्टेशनों पर पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए स्टेशनों पर यात्रियों के लिए पेयजल, ट्रेनों की उद्घोषणा, मेडिकल बूथ समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेशनों पर भीड़ की स्थिति पर लगातार नजर रखने के लिए 24 घंटे निगरानी वाला वार रूम बनाया जाएगा। रेलवे सुरक्षा बल की अतिरिक्त टुकड़ियों की तैनाती होगी। प्लेटफॉर्म, फुट ओवरब्रिज और सर्कुलेटिंग एरिया में विशेष निगरानी रखी जाएगी। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करना है। अधिक भीड़ वाली लंबी दूरी की ट्रेनों की सामान्य बोगियों में यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से प्रवेश कराने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए रेलवे सुरक्षा बल और वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। भीड़ के दौरान यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए स्टेशनों पर अतिरिक्त कर्मचारियों की भी व्यवस्था की जाएगी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल क्षेत्र में चल रही महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने मोकामा में गंगा नदी पर नवनिर्मित नए रेल पुल का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके चालू होने के बाद उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच रेल संपर्क को एक अतिरिक्त मार्ग मिलेगा।

# संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के चार वर्ष पूर्ण होने पर हर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित होने वाले संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का कल 22 सितंबर को चार वर्ष पूर्ण होने पर आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा की अध्यक्षता में 48 वां महायोगी गोपीचंद स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में विस्तार से चर्चा हुई जिसमें अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव उत्तर प्रदेश शासन डॉ अनिल कुमार सिंह, पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन उत्तर प्रदेश शासन एवं संरक्षक धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक एवं संरक्षक डॉ मिथिलेश झा, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक एवं संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक एवं संरक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय संयोजिका प्रो0रागिनी वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, डॉ नीरा कुमारी, डॉ दीप्ति कुमारी, मनीष कुमार, डॉ एकता वर्मा, डॉ आशीष कुमार, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल, मुरलीधर शुक्ल, तारा विश्वकर्मा, बीजेन्द्र सिंह, दयानी शारदे, ज्ञानी शारदे, मोनिका झा, डॉ राघव नाथ झा, उमा हेनोते, वन्दना पटेरिया सहित शिविर के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम एनएसएस : मंत्री

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय बिहार-झारखंड एनएसएस सम्मेलन-2026 का एएन कॉलेज में शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** युवाओं में सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। एनएसएस के माध्यम से युवा न केवल समाज की समस्याओं को समझते हैं, बल्कि उनके समाधान में सक्रिय भागीदारी भी निभाते हैं। ये बातें बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को एएन कॉलेज, पटना के सभागार में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय बिहार एवं झारखंड राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मेलन-2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, पटना द्वारा आयोजित सम्मेलन में बिहार एवं झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से करीब 300 कार्यक्रम समन्वयक, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्राचार्य, स्वयंसेवक एवं अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री श्रवण कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों से स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने और समाज में स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, लोहिया स्वच्छता अभियान, 'एक पेड़ मां के नाम', जल-जीवन-हरियाली तथा सात निश्चय जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। एनएसएस स्वयंसेवक इन अभियानों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा सामूहिक प्रयासों के माध्यम से स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम का स्वागत संबोधन एएन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने किया। उन्होंने बिहार एवं झारखंड से आए अतिथियों, कार्यक्रम समन्वयकों और कार्यक्रम पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# सिडनी में पार्रमट्टा सिटी के पूर्व मेयर समीर पांडेय से मिले डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिडनी/पटना।** सिडनी में अपने अध्ययन दौरे के क्रम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पार्रमट्टा सिटी के पूर्व मेयर एवं वर्तमान काउंसलर समीर पांडेय के कार्यालय पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने पार्रमट्टा सिटी में स्थानीय शासन एवं प्रशासन की कार्यप्रणाली, नागरिक सुविधाओं तथा शहर में उपलब्ध विभिन्न जनोपयोगी व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। समीर पांडेय ने स्थानीय निकाय के स्तर पर संचालित व्यवस्थाओं तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में उन्हें विस्तार से जानकारी दी। मुलाकात के दौरान स्थानीय प्रशासन में जनप्रतिनिधियों की भूमिका, नागरिक सहभागिता, शहरी सुविधाओं के प्रबंधन तथा विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय समुदाय, विशेषकर बिहार के लोगों से जुड़े सामाजिक एवं सामुदायिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

# श्रद्धापूर्वक मनाई गयी पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. भोला पासवान शास्त्री की जयन्ती माननीय प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनाई गई और नेताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंगनी लाल मंडल ने कहा कि छात्र जीवन से ही शास्त्री जी ने असहयोग आन्दोलन में भाग लिया। ये दो बार जेल भी गये। शास्त्री जी घोर मानवतावादी थे और इनके इसी मानवीय गुण के कारण सभी वर्ग और लोगों के बीच इनकी लोकप्रियता रही। साथ ही सरल स्वभाव और बेसहारों के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने को ये तैयार रहते थे। इन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कभी सरकारी वाहन की सुविधा नहीं ली। इनके इसी जीवनशैली से लोकसेवकों को प्रेरणा देती है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मो अली अशरफ फातमी, प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के नेता डॉ तनवीर हसन, एजाज अहमद, फराज फातमी, फैयाज आलम कमाल, हरेंद्र कुमार कुशवाहा, मुकुंद सिंह, संजय यादव, आरजू खान, राजेश यादव, मोहिबुल हसन हीरा, अकलु राम, जावेद अहमद, गणेश कुमार यादव, ओम प्रकाश चौटाला, नीतू कुमारी, अशोक कुमार यादव, अक्की यादव, सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा, दर्पण कुमार यादव, उपेंद्र कुमार राम, रंजीत कुमार राय, चंदेश्वर प्रसाद सिंह सहित सैंकड़ों की संख्या में नेताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पटना में गूंजा पर्यावरण बचाओ का नारा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना में आज पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक विशाल जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रेम यूथ फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई गई पेंटिंग और पोस्टर के माध्यम से पूरी दुनिया को पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण के नारों वाले पोस्टर बनाया गया । पोस्टर में एक तरफ फैक्ट्रियों के धुएं से मरती धरती और दूसरी तरफ हरे-भरे पेड़ों से जिंदा धरती का अंतर बेहद खूबसूरती से दिखाया गया है। पेड़ के नीचे हाथों पर टिकी धरती यह बता रही है कि धरती की सुरक्षा हमारे ही हाथों में है। छात्राओं की पेंटिंग बनी आकर्षण का केंद्रः छात्राओं ने बताया कि उन्होंने रात भर जागकर ये पेंटिंग बनाई हैं। पेंटिंग में दिखाया गया है कि कैसे इंसान खुद ही अपनी धरती को जलाकर खत्म कर रहा है और अगर अभी नहीं जागे तो भविष्य में सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा।

# सामाजिक न्याय और समान अवसर के लिए करना होगा संघर्ष : राजेंद्र पाल गौतम

## कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी भोला पासवान शास्त्री की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पटना के सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी भोला पासवान शास्त्री की जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेसकमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम शामिल हुए। उन्होंने भोला पासवान शास्त्री के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके सपनों को पूरा करने के लिए आज भी शिक्षा, अधिकार और समान अवसर की लड़ाई जारी रखने की जरूरत है। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि लंबे समय तक समाज के बड़े वर्ग को संपत्ति और ज्ञान से वंचित रखा गया जिसका असर आज भी दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से वंचित रहने पर व्यक्ति अपने अधिकारों और अवसरों से भी दूर हो जाता है। उन्होंने सामाजिक भेदभाव और असमानता का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण की सिफारिश को लागू होने में भी कई दशक लगे। गौतम ने कहा कि भोला पासवान शास्त्री स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे और उन्होंने अपने जीवन में अधिकारों तथा वंचित समाज के लिए संघर्ष किया। उन्होंने सामाजिक एकता को जरूरी बताते हुए कहा कि जातिगत विभाजन ने समाज की सामूहिक शक्ति को कमजोर किया है। राजेंद्र पाल गौतम ने शिक्षा और आर्थिक अवसरों के सवाल पर भी चिंता जताई।

# पानी की सुविधा सुलभ कराने के उद्देश्य से चला जा रहा विशेष ड्राइव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल द्वारा स्टेशनों, कार्य स्थलों और रेलवे कॉलोनियों में सुरक्षित, साफ और हाइजीनिक पीने के पानी की सुविधा को बेहतर बनाने और उसकी उपलब्धता पक्का करने के लिए एक स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है। इसे संबंधित डिपार्टमेंट के साथ मिलकर लागू किया गया है और उच्चाधिकारियों द्वारा प्रोग्रेस की रेगुलर मॉनिटरिंग और रिव्यू किया जा रहा है। विशेष सफाई ड्राइव के तहत पहचाने गए 795 ओवरहेड, अंडरग्राउंड और पीवीसी पानी के टैंकों में से 357 को पहले ही साफ और डिसइंफेक्ट किया जा चुका है। बाकी टैंकों पर तेजी से काम पूरा करने के लिए कड़ी नजर रखी जा रही है। समस्तीपुर स्टेशन पर ऑटोमैटिक क्लोरीनीकरण प्लांट स्थापित है तथा अन्य लोकेशनों पर प्रस्तावित है। इसी तरह आयरन रिमूवल प्लांट दौरम मधेपुरा स्टेशन पर कार्यरत है जबकि सहरसा और बनमनखी स्टेशनों पर लगाने का प्रस्ताव है। लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल के सुपौल, सरायगढ़, सिमरी बख्तियारपुर, ललितग्राम एवं सहरसा स्टेशनों पर 50 हजार गैलन के पांच नये आरसीसी वाटर टैंक के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। पानी की क्वालिटी सुधार हेतु रेलवे बोर्ड के निर्देशों का पालन करते हुए समस्तीपुर डिवीजन ने पानी की क्वालिटी सुधारने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया है जिसके तहत पानी के स्टोरेज टैंकों की सफाई, क्लोरीनेशन/डिसइंफेक्शन, पानी की क्वालिटी की मॉनिटरिंग और सोर्स से लेकर नल तक ट्रीटमेंट की जरूरतों का रिव्यू शामिल किया जा रहा है।

# हमारे हुनर को मिला सम्मान, सरस मेला में जीविका दीदियों ने सजाया आत्मनिर्भरता का बाजार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जीविका दीदियों को रोजगार के साथ सम्मान प्रदान करने का काम किया है। राजधानी पटना के गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में रविवार को सरस मेला-2026 का शानदार आगाज हुआ। मेले में बिहार की जीविका दीदियों के साथ देश के विभिन्न राज्यों से आई महिला कारीगरों और उद्यमियों ने अपने हुनर और उत्पादों का प्रदर्शन किया है। यहां मधुबनी पेंटिंग, सिल्क साड़ी, अचार, लेदर उत्पाद, बेसन, पश्मीना सहित हस्तशिल्प और घरेलू उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला लोगों को आकर्षित कर रही है। सरस मेला में इस बार मधुबनी पेंटिंग, लेदर उत्पाद और मिथिला के प्रसिद्ध मखाना खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मेले में पहुंचे आगंतुकों ने कहा कि बिहार की पहचान से जुड़े मखाना और मधुबनी पेंटिंग जैसे उत्पाद अब केवल राज्य या देश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। इन उत्पादों के जरिए बिहार की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपरा को नई पहचान मिल रही है। मेले में देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंची महिला कारीगरों की मौजूदगी भी बिहार की बढ़ती पहचान और बाजार की संभावनाओं को दर्शा रही है। सरस मेला में भाग लेने पहुंची जीविका दीदी प्रीति कुमारी ने कहा कि सरस मेला हजारों आत्मनिर्भर महिलाओं के लिए सम्मान का मंच है। मैं पीएमसीएच स्थित दीदी की रसोई में अकाउंटेंट के पद पर तैनात हूं। मेला में पहली बार लिट्टी-चोखा, चिकन चावल का स्टॉल लगाने का मौका प्राप्त हुआ है। युवा मुख्यमंत्री की सरकार ने हमारी जैसी हजारों महिलाओं को सम्मानित मंच प्रदान करके आत्मनिर्भरता की नयी नींव रखी है। रविवार को मेरे स्टॉल पर आंगतुकों की अत्यंत भीड़ मौजूद रही जिससे हमारे आत्मविश्वास को नया बल मिला है। मेले में अनोखे मधुनबी पेंटिंग, सिक्की आर्ट्स, डिकोस्टर, ज्वेलरी बॉक्स, गणपति, जूट का बैग प्रोडक्ट का स्टॉल लगाकर आर्कषण का केंद्र बनी हूई मधुबनी की दीदी संगीता देवी ने कहा कि रविवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार सरस मेला का जायजा लेने ज्ञान भवन पहुंचे थे। मेरे स्टॉल पर आने के बाद उन्हें मेरी अनोखी मधुनबी पेंटिंग का तारीफ की। साथ ही मेला में मौजूद मेरे जैसी कई महिलाओं को जरूरी सुझाव भी दिया। सरस मेला महिला समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में हस्त कारीगरी निर्माण करने वाली महिलाओं के लिए एक सम्मान का मंच है। वहीं मेले में पश्मीना कारगरी का स्टॉल लगाकर आंगुतकों का आर्कषण जीत रही कश्मीर से आयी शमीमा ने कहा कि पहली बार बिहार आयी हूं। बिहार में आधुनिकता के साथ विकास की तीव्र गति देखकर बेहद प्रसन्न हूं। अब बिहार में भी अन्य राज्यों की तरह बड़े-बड़े उद्योग स्थापित होने का असीम संभावनाएं नजर आ रही है। मैं अपने आप को खूशनसीब मानती हूं कि मुझे बिहार आकर यहां के लोगों से मिलने का मौका मिला। मेरे स्टॉल पर आ रही महिला आगंतुकों को कश्मीरी पश्मीना की कारीगरी बेहद अच्छी लग रही है। सरस मेले में अपनी कारीगरी का हुनर दिखाने के लिए मैं मुख्यमंत्री का धन्यवाद करना चाहूंगी। अतिथि को भगवान मानने वाले इस बिहार को नयी ऊंचाई छुने से अब कोई नहीं रोक सकता।

# दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री, बिहार सरकार डॉ. संतोष कुमार सुमन ने जमुई की घटना को अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बताते हुए कहा कि किसी बेटी के साथ दुर्व्यवहार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। पुलिस मुख्यालय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए महिला एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी गठित की है। आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू हो चुकी है और सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक वीडियो को टेकडाउन कराने की कार्रवाई भी की जा रही है। डॉ. सुमन ने कहा कि सरकार पूरी तरह संवेदनशील है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना उसकी प्राथमिकता है। डॉ. सुमन ने कहा कि बिहार में सुशासन और कानून का राज है। घटना हुई है, यह दुखद है, लेकिन इस मामले में किसी दोषी को बचाने का सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा राहुल गांधी और विपक्ष के दूसरे नेता राजनीतिक बयान देने से पहले यह भी देखें कि पुलिस मुख्यालय ने कितनी तेजी से संज्ञान लिया है और एसआइटी का गठन किया गया है। निश्चिंत रहें, यह बिहार है–कानून अपना काम करेगा। दोषी कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा और किसी निर्दोष को भी परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष और त्वरित हो तथा दोषियों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# पात्र भूमिहीन परिवार वासभूमि के अधिकार से वंचित न रहे : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**सासाराम।** समाहरणालय, रोहतास स्थित डीआरडीए सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा द्वारा अभियान बसेरा के संबंध में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में जिलाधिकारी ने अभियान बसेरा के तहत पात्र भूमिहीन परिवारों को वासभूमि का अधिकार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया एवं आवेदन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। जिलाधिकारी ने जिले के पात्र वासभूमिहीन परिवारों से अपील की कि वे बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा संचालित अभियान बसेरा के तहत अपने वासभूमि के अधिकार के लिए संबंधित अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र वासभूमिहीन परिवार वासभूमि के अधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के पात्र भूमिहीन परिवार निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ परिवार के सभी सदस्यों का विवरण एवं मोबाइल नंबर, आधार की स्व-अभिप्रमाणित प्रतियां, जाति प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड/मतदाता पहचान-पत्र/निवास प्रमाण-पत्र, परिवार का सामूहिक फोटो तथा निर्धारित प्ररूप में शपथ-पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि आवेदन संबंधित अंचल कार्यालय में ही जमा करना है। इसके लिए पटना स्थित राज्य मुख्यालय जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी व्यक्ति या संस्था के बहकावे में आकर पटना मुख्यालय न जाएं। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा लोगों को दिग्भ्रमित कर जिलों से पटना मुख्यालय लाने का प्रयास किया जाता है तो ऐसे लोगों को चिह्नित कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान बसेरा के अंतर्गत अब तक 92 हजार से अधिक परिवारों को वासभूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है। उन्होंने पात्र भूमिहीन परिवारों से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन जमा कर इस पहल का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वास का अधिकार सम्मान का आधार और सशक्त परिवार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिकायत एवं सुझाव के लिए बिहार भूमि पोर्टल पर उपलब्ध जन शिकायत व्यवस्था का उपयोग किया जा सकता है। प्रेस कांफ्रेंस में उप विकास आयुक्त रोहतास, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रोहितेश्वर धाम उत्सव को लेकर बैठक

## 26 सितंबर को रोहितेश्वर धाम में होगी महाआरती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रोहतास।** रोहतास नगर पंचायत अंतर्गत यात्री मंदिर परिसर में रोहितेश्वर धाम उत्सव को लेकर आयोजकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 24 नवंबर को रोहितेश्वर धाम में आयोजित होने वाले उत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए लोगों से सहयोग की अपील की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 26 सितंबर को रोहितेश्वर धाम परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को व्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए तैयारी शुरू करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में रोहितेश्वर धाम उत्सव के उद्देश्य, कार्यक्रम की रूपरेखा, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा आयोजन को व्यवस्थित बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने अपने-अपने सुझाव दिए। उपस्थित लोगों ने कहा कि रोहितेश्वर धाम क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है। ऐसे आयोजनों से धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं इस बैठक में 24 नवंबर को होने वाले उत्सव के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में हट्टा एवं तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं आयोजन से जुड़े लोग मौजूद रहे। मौके पर कृष्ण सिंह, मुकेश सिंह, संतोष कुमार उर्फ भोला, संजीव कुशवाहा, राजबली यादव, एसपी सिंह, श्रीकांत कुमार, विशाल देव, अजय देव, विशाल गुप्ता, सनोज कुमार चंद्रवंशी, सुदामा राम, सुधीर सिंह, सादिक राजा खान एवं तोराब नियाजी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# शिक्षकों की आवाज बने डॉ. प्रकाश चतुर्वेदी, अनुदान का मिला आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** गैर अनुदानित 216 कॉलेजों के हजारों शिक्षकों और कर्मियों की आवाज बनकर डॉ. प्रकाश चतुर्वेदी ने सरकार के समक्ष उनकी पीड़ा को मजबूती से रखा है। उन्होंने कहा कि वित्त रहित शिक्षकों ने वर्षों तक बिना वेतन के भी बिहार में शिक्षा की लौ जलाए रखी है, लेकिन उनका बकाया भुगतान लंबे समय से लंबित रहने से परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। बता दें कि डॉ. चतुर्वेदी शिक्षा के क्षेत्र में पहले से सक्रिय रहे हैं और वर्ष 2013 में भी उन्होंने हजारों छात्र-छात्राओं के हित में विशेष परीक्षा आयोजित कराने की मांग उठाई थी जिससे कई छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सका था और वे सदैव छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयासरत रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर डॉ. चतुर्वेदी की एमएलसी जीवन कुमार से वार्ता हुई जिसमें एमएलसी ने पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि अगले फेज में गैर अनुदानित कॉलेजों की मांग को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के समक्ष रखकर अनुदान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि बिहार के सभी शिक्षकों को एक समान सम्मान दिया जाएगा और सभी को एकता के सूत्र में बांधकर उनके हित में ठोस निर्णय लिया जाएगा। डॉ. चतुर्वेदी के इस प्रयास से प्रदेश के 216 गैर अनुदानित कॉलेजों के शिक्षकों में नई उम्मीद जगी है और शिक्षक उन्हें अपना सच्चा हितैषी बताते हुए आभार व्यक्त कर रहे हैं।

# जनता दरबार में 94 मामलों की सुनवाई, 27 का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में सोमवार को 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 94 परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में प्राप्त परिवादों में सबसे अधिक 72 मामले भूमि विवाद से जुड़े हुए थे जबकि 9 मामले जन वितरण प्रणाली एवं आपूर्ति से संबंधित और 13 मामले अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित थे जिन पर अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने मानवीय और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए 27 परिवादियों के आवेदनों का मौके पर ही सुनवाई कर निष्पादन कर दिया जिससे उपस्थित लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास और बढ़ा। शेष बचे मामलों के लिए उन्होंने संबंधित अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों और आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी शिकायतों की नियमानुसार जांच कर निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित करें और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने परिवादियों को आश्वस्त किया कि उनकी हर शिकायत पर पारदर्शी तरीके से कार्रवाई होगी और किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है ताकि आम नागरिक सीधे अपनी बात प्रशासन के समक्ष रख सकें और उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

# रौनियार वैश्य समाज की बैठक में संगठन और समाज भवन पर मंथन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रौनियार वैश्य समाज की बैठक अध्यक्ष जमुना प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। संचालन रामजी गुप्ता ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा समाज के विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समाज के लिए भवन निर्माण की दिशा में पहल शुरू करने पर भी सहमति बनी। सदस्यों ने समाज की एकता, युवाओं की भागीदारी और जरूरतमंद परिवारों की सहायता पर जोर दिया। बैठक में जीवन प्रसाद, पप्पू गुप्ता, रविंद्र प्रसाद, प्रेम प्रसाद गुप्ता, प्रवीण कुमार गुप्ता, शंभू प्रसाद गुप्ता, अनिल कुमार, राजेश प्रसाद, अनिल गुप्ता, विश्वजीत, श्रवण कुमार, उदय पासवान, शिव पूजन गुप्ता, पिंटू दिलवाला, अजय गुप्ता, बजरंग प्रसाद, नीरज कुमार, संजय प्रसाद गुप्ता, प्रदीप कुमार, मनीष कुमार गुप्ता, मोनू कुमार, संतोष कुमार, मुन्ना कुमार गुप्ता सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

# एसपी के जनता दरबार में 30 परिवादियों की सुनी गई शिकायतें

## संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने जनता दरबार आयोजित कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनीं। जनता दरबार में कुल 30 परिवादियों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से एसपी को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक परिवादी की शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसपी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। शिकायतों की जांच निष्पक्षता के साथ करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। जनता दरबार के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आम लोगों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ। एसपी ने परिवादियों को उनकी शिकायतों पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया तथा संबंधित अधिकारियों को मामलों की लगातार निगरानी करते हुए निस्तारण की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

# सोलर सेवा सेतु कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को गति देने के लिए सोमवार को प्रखंड स्तर पर सोलर सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लेकर योजना की जानकारी ली। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक अधिक से अधिक परिवारों को रूफटॉप सोलर से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे विशेष जन-जागरूकता अभियान के तहत इन कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में विद्युत विभाग के पदाधिकारियों, बैंक प्रतिनिधियों, जीविका दीदियों और अधिकृत सोलर विक्रेताओं ने ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन प्रक्रिया, केंद्र व राज्य सरकार के अनुदान, आसान ऋण सुविधा, विक्रेता सूची, पैनल स्थापना और अनुमानित लागत के बारे में विस्तार से बताया। लोगों की सुविधा के लिए मोबाइल ऐप और ऑनलाइन आवेदन का लाइव डेमो भी कराया गया और पहले से लंबित आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। योजना के तहत 1 किलोवाट पर केंद्र से 30 हजार और बिहार सरकार से 10 हजार कुल 40 हजार, 2 किलोवाट पर केंद्र से 60 हजार और राज्य से 20 हजार कुल 80 हजार तथा 3 किलोवाट या अधिक पर केंद्र से 78 हजार और राज्य से 20 हजार कुल 98 हजार रुपये तक अनुदान मिल रहा है। साथ ही पात्र उपभोक्ताओं को आसान किस्तों पर बैंक ऋण की सुविधा भी दी जा रही है। इस अवसर पर विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने जिलेवासियों से अपील की कि वे नजदीकी कैंप में आकर एक ही स्थान पर जानकारी, आवेदन और मार्गदर्शन की सुविधा का लाभ लें, स्वच्छ ऊर्जा अपनाएं और ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें।

# महिला से चैन छिनतई, ग्रामीणों की मदद से अपराधी गिरफ्तार, दो सोने की चैन बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेन छिनतई के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुन्ना यादव पिता राजेश यादव, ग्राम गेरवा डीह, थाना अकोंढ़ा जिला कटिहार के रूप में हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत पहलेजा मोड़ के समीप एक महिला सुबह में मॉर्निंग वॉक कर रही थी। इसी दौरान एक अपराधी ने उसके गले से झपट्टा मारकर सोने की चेन लेकर भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों ने इसकी तत्काल सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीछा कर सुअरा के पास एक चोर को धर दबोचा।


## झारखण्ड सरकार
## कारा, एवं सुधारात्मक सेवाएँ निरीक्षणालय
## केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू

### अल्पकालीन ई०–निविदा सूचना

**TENDER : - HJ AND DM/CJ MEDININAGAR/Q4/2026/3220**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। (चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.10.2026 से 31.12.2026 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 10,000.00 (दस हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | दिनांक–03.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 10.10.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | दिनांक–03.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 10.10.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–12.10.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) | रू० 2,76,000.00 (दो लाख छियत्तर हजार) मात्र online स्वीकार की जायेगी। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–13.10.2026 को अपराह्न 11.30 बजे, अधीक्षक, केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, पलामू की उपस्थिति में। |

नोट :– 1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
केन्द्रीय कारा मेदिनीनगर, पलामू।

PR.NO.390286 District(26-27):D


# 34 वर्षीय युवक लापता, मां ने पट्टीदारों पर लगाया गायब करने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला(रोहतास)।** जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के ईसरा गांव से एक 34 वर्षीय युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में लापता युवक की मां ने थाने में लिखित शिकायत देकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अकोढी गोला थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में ईसरा गांव निवासी पयारो कुंवर, उम्र 65 वर्ष, पति स्व. राम जी सिंह ने बताया है कि उनका पुत्र संतोष कुमार, उम्र 34 वर्ष, 15/09/26 से लापता है। काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिला। थक हार कर वे थाने में आवेदन दे रही हैं। आवेदन के अनुसार संतोष कुमार 15 सितंबर को सुबह 10 बजे खाना खाकर मोबाईल चार्जर खरीदने के लिए रोतवा बाजार गया था। वहां से वापस आकर उसने घर का सारा काम किया और अपने बैग में कपड़े रखे और फिर से खाना-पीना खाकर मार्केट के लिए निकल गया। परिजनों का कहना है कि जब वह बहुत देर तक घर नहीं आया तो उसे फोन किया गया। पहले उसने कहा कि 2 घंटे में घर आ रहा हूं। शाम 5 बजे तक बात हुई तो उसने कहा कि कुछ देर में मार्केट से आ रहा हूं। इसके बाद फोन करने पर उसने फोन नहीं उठाया और उसके बाद से उसका मोबाईल नंबर बंद बता रहा है। अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। मां ने बताया कि घर से जाते समय संतोष चेक वाला शर्ट और जींस पहना हुआ था। पयारो कुंवर ने अपने ही गांव के अपने पट्टीदार पिता और उनके बेटा पर मिलकर उनके पुत्र को गायब करने का संदेह जताया है। पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# एनएच-19 पर सड़क हादसे में युवा अधिवक्ता की मौत, परिवार में मचा कोहराम

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से प्रवीण दुबे ने तोड़ा दम, अधिवक्ता समाज में शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव निवासी युवा अधिवक्ता प्रवीण दुबे की सोमवार को एनएच-19 पर सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा सुअरा गांव के समीप एनएच-19 के अंडरपास के पास हुआ। दुर्घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, युवा अधिवक्ता के असामयिक निधन से डिहरी अनुमंडल एवं सासाराम न्यायालय के अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि प्रवीण दुबे डिहरी की लाला कॉलोनी में रहते थे। वे बाइक से डिहरी व्यवहार न्यायालय से सासाराम न्यायालय जा रहे थे। सुअरा गांव के समीप अंडरपास के पास सर्विस लेन में जाने के लिए मुड़ने के दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता को तत्काल नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन, अधिवक्ता एवं परिचित अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल परिसर में परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। बताया गया कि अंडरपास से पहले सर्विस लेन में जाने का रास्ता बंद किए जाने के कारण वाहनों को ओवरब्रिज पार कर अंडरपास की ओर मुड़ना पड़ता है। इसी दौरान हादसा होने की बात सामने आई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार वाहन की तलाश में जुटी है। प्रवीण दुबे के निधन पर विधिक संघ डिहरी में शोक की लहर है। पूर्व अध्यक्ष विधिक संघ डिहरी उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय ने कहा कि युवा अधिवक्ता का असामयिक निधन अधिवक्ता समाज के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त माता, भाई, पत्नी एवं पुत्र-पुत्री को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, अधिवक्ता मिथिला शरण राय, सोनू उपाध्याय, मनोज पांडेय, उपेंद्र कुमार, बृजेश तिवारी, महेंद्र पांडेय, रंजीत दुबे, विनय दुबे, विनोद कुमार सिंह, श्वेता पांडेय, मनीषा दुबे, अरविंद पांडेय, कमलेश कुमार, संघ के सचिव रितेश कुमार, गोपाल राम, कपिल पांडेय, नीरज चतुर्वेदी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे। सभी ने नम आंखों से अपने साथी को श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# 28 सितंबर के राजभवन मार्च को लेकर करगहर में एआइवायएफ-एआइएसफ का जोरदार स्वागत

## नुक्कड़ सभा में रोजगार, शिक्षा और महंगाई के मुद्दों पर पटना चलने का आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** 28 सितंबर को पटना में प्रस्तावित राजभवन मार्च को लेकर ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन एवं ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में बिहार दौरे पर निकले छात्र-नौजवानों के जत्थे का सोमवार को करगहर में जोरदार स्वागत किया गया। करगहर बाजार से बाहर ग्राम सहुआर के समीप भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महागठबंधन समर्थित करगहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर नेताओं का अभिनंदन किया। इस दौरान एआइवायएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन सिन्हा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष शंभू देवा, एआइएसएफ बिहार प्रदेश अध्यक्ष सुधीर कुमार तथा एआइएसएफ बिहार राज्य सचिव गयासुद्दीन सहित अन्य नेता करगहर पहुंचे। इसके बाद करगहर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-नौजवानों और आम लोगों को संबोधित करते हुए 28 सितंबर को पटना में होने वाले राजभवन मार्च में भाग लेने का आह्वान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने रोजगार, शिक्षा, छात्र-नौजवानों के अधिकार, महंगाई तथा जनसरोकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि छात्र-नौजवानों के सवालों को लेकर संगठन की ओर से आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। नेताओं ने अधिक से अधिक संख्या में पटना पहुंचकर राजभवन मार्च में शामिल होने की अपील की। नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता एआइवायएफ रोहतास जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह मुखिया ने की जबकि संचालन एवं आगत अतिथियों का स्वागत महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया। सभा में नौजवान संघ, छात्र संघ, किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन सहित विभिन्न जनसंगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा में जग नारायण गुप्ता, फेंकू सेठ, रामचंद्र राम, कृष्णा गुप्ता, सुग्रीम राम, जयप्रकाश गुप्ता, श्रीराम राम, शिवपर्सन सिंह कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद, टेंगरी राम, छांगुर पासवान, जय राम राम, अर्जुन राम, अशोक राम, योगेश गुप्ता, मूसा अंसारी, जग नारायण राम, रमन राम, धर्मेंद्र राम, ब्रिंद कुमार सिंह, राजेश राम, सुनील राम, राम प्रसाद सेठ, लक्ष्मण केसरी, निर्मल सिंह, कृष्णा बिहारी पासवान एवं इल्ताफ अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वर्वेद संदेश यात्रा के क्रम में कटार पहुंचे संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** विहंगम योग संत समाज के 103वें वार्षिकोत्सव 'समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव' के तहत राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा के क्रम में संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज शनिवार की संध्या महर्षि सदाफल देव आश्रम, कटार पहुंचे। उनके आगमन पर बड़ी संख्या में भक्त-शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। संत प्रवर ने कहा कि अज्ञान ही दुख का मूल कारण है और ज्ञान से ही जीवन में सुख एवं शांति प्राप्त होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को विहंगम योग की साधना पद्धति अपनाने तथा सद्गुरु की ज्ञान-धारा से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वर्वेद मानव कल्याण और आत्मज्ञान का महत्वपूर्ण मार्गदर्शक ग्रंथ है। इस अवसर पर उन्होंने आगामी 14 एवं 15 दिसंबर को स्वर्वेद महामंदिर धाम, उमरहां, वाराणसी में आयोजित 103वें वार्षिकोत्सव एवं 25 हजार कुंडीय महायज्ञ में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में डिहरी अनुमंडल के बड़ी संख्या में भक्त-शिष्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।


## समाहरणालय, गढ़वा (समाज कल्याण शाखा)

### सेविका/सहायिका चयन हेतु प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा जिला अन्तर्गत अवस्थित ऑगनबाड़ी केन्द्रों में सेविका/सहायिका के रिक्त पदों पर चयन हेतु आमसभा की तिथि ऑगनबाड़ी केन्द्रवार निर्धारित की गई है। इस सूचना के माध्यम से सभी योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नविवरण के अनुसार निर्धारित तिथियों को ससमय आमसभा में उपस्थित होकर चयन कार्यक्रम में भाग लें :–

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | ऑगनबाड़ी केन्द्र का नाम | रिक्त पद | पोषक क्षेत्र का जातिबाहुल्य | आमसभा की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | भण्डरिया | भण्डरिया | बंजारीनौकाटोला | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 09.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 2 | भण्डरिया | भण्डरिया | चपलसी | सेविका/सहायिका | ST | शनिवार 10.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 3 | भण्डरिया | भण्डरिया | बिजका–1 | सेविका/सहायिका | ST | सोमवार 12.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 4 | भण्डरिया | भण्डरिया | पर्रो | सेविका | ST | मंलगवार 13.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 5 | भण्डरिया | बड़गड़ | रूद | सेविका/सहायिका | SC | बुधवार 14.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 6 | भण्डरिया | बड़गड़ | तुमेरा | सेविका/सहायिका | SC | गुरूवार 15.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 7 | भण्डरिया | बड़गड़ | चपिया | सेविका/सहायिका | ST | शुक्रवार 16.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 8 | भण्डरिया | बड़गड़ | खुर्रा | सेविका/सहायिका | ST | शनिवार 17.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 9 | भण्डरिया | बड़गड़ | चेमो | सेविका/सहायिका | ST | गुरूवार 22.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 10 | भण्डरिया | बड़गड़ | पुनरवासमरदा | सेविका | ST | शुक्रवार 23.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 11 | भवनाथपुर | खरौंधी | सिरपलिया | सहायिका | ST | शुक्रवार 09.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 12 | भवनाथपुर | खरौंधी | सिसरी | सेविका | BC-1 | शनिवार 10.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 13 | भवनाथपुर | केतार | चौराबिगहा | सहायिका | BC-2 | सोमवार 12.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 14 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | सिन्दुरियाझोपड़पटी | सहायिका | SC | मंलगवार 13.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 15 | नगरउंटारी | विशुनपुरा | चितरी | सहायिका | SC | शुक्रवार 09.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 16 | नगरउंटारी | नगरउंटारी | रमनाझुरहा | सहायिका | BC-1 | शनिवार 10.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 17 | मेराल | डंडई | लोरा | सहायिका | ST | शुक्रवार 09.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 18 | मेराल | मेराल | गटियरवा | सहायिका | ST | शनिवार 10.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 19 | मेराल | मेराल | हासनदागपूर्व | सहायिका | BC-1 | सोमवार 12.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 20 | मेराल | मेराल | सोहबरिया | सहायिका | BC-1 | मंलगवार 13.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |
| 21 | मेराल | मेराल | चामाउत्तर | सहायिका | SC | बुधवार 14.10.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से |

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 390208 Social Welfare,Women and Child Development (26-27)_D

# समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। इसी क्रम में आज दिनांक 21 सितंबर 2026 को जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान कुल 17 परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी परिवादों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें तथा परिवादियों को उनके मामलों में की गई कार्रवाई से अवगत कराएं। इसी क्रम में अनुमंडल कार्यालय, नवादा में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें आमजनों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# मेडिएटर के चयन हेतु एक दिवसीय इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन

**सरल, सुलभ और त्वरित न्याय**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के सहयोग से नवादा न्यायमंडल के अधिवक्ताओं की उपस्थिति में 21 सितंबर 2026 को कॉन्फ्रेंस रूम, लाइब्रेरी हॉल, व्यवहार न्यायालय, नवादा में मेडिएटर के चयन हेतु एक दिवसीय इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेडिएटर के रूप में चयनित किए जाने वाले अधिवक्ताओं के साथ इंटरेक्शन किया गया। इसके उपरांत जिला अधिवक्ता संघ से चयनित अधिवक्ताओं के लिए मेडिएटर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से आम लोगों को सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराना तथा आपसी सहमति से सुलहनीय मामलों का समाधान सुनिश्चित करना है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से ऐसे मामलों के शीघ्र निष्पादन में सहायता मिलेगी, जिनमें आपसी समझौते की पर्याप्त संभावना है। पंचायत स्तर पर सुलहनीय मामलों में दोनों पक्षों की सहमति एवं आपसी समझ-बूझ के आधार पर मामलों का समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मेडिएटर प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिवक्ताओं को मध्यस्थता की प्रक्रिया एवं तकनीकों से प्रशिक्षित करना है, ताकि वे दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर आपसी सहमति से मामलों के समाधान में प्रभावी भूमिका निभा सकें। इससे न्यायालयों में लंबित सुलहनीय मामलों के त्वरित निष्पादन में भी सहायता मिलेगी।

## एक नजर

### हर्ट अटैक से वार्ड पार्षद की मौत

**रजौली (नवादा)**। रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत के वार्ड संख्या 8 के वार्ड पार्षद नंदलाल राजवंशी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। उनके निधन से जाजपुर गांव समेत पूरे पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई है। वे अपने पीछे पत्नी और दो बेटों को छोड़ गए हैं।परिजनों के अनुसार बीते रविवार को अचानक नंदलाल राजवंशी की तबीयत बिगड़ गई थी। आनन-फानन में परिजनों ने उन्हें रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर कर दिया। पावापुरी में इलाज के दौरान ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर ग्रामीण दिलीप साव, रूना देवी, कैलाश राजवंशी, जितेंद्र राजवंशी, अजय राजवंशी, मनोज राजवंशी समेत कई ग्रामीणों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने एक अच्छे जनप्रतिनिधि को खो दिया है।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय छबैल में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण

**कौआकोल**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल के सौजन्य से सोमवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय छबैल में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की स्वास्थ्य जांच की। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जांच की गई तथा उन्हें स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। इस दौरान स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर जागरूक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण होने से बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी मिलती है और किसी बीमारी या स्वास्थ्य समस्या का समय रहते पता लगाया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ए - वन कंपटीशन सेंटर का 18वें स्थापना दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन




**नवादा**। गांव की झोपड़ियां तक शिक्षा का दीप जलाने के संकल्पों के साथ सोमवार को ए- वन कंपटीशन सेंटर में 18वां स्थापना दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों से लेकर बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था बनाने का संकल्प लिया गया। संस्थान के निदेशक डॉ अमरदीप सिन्हा ने कहे कि बेरोजगार छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता की बेहतर तैयारी कराकर सफलता का मुकाम तय करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बताएं कि नियमित क्लास करने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बेहतर नौकरी हासिल किया है। सभी छात्र - छात्राओं ने बताएं कि प्रतियोगी क्षेत्र में जिले में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराने वाले ए वन कंपटीशन सेंटर में अव्वल संस्थान बताया। डॉ अमरदीप सिन्हा ने कहें की परीक्षा में सामान्य अध्ययन से प्रश्न पूछे गए। बीपीएससी शिक्षक, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, दरोगा, बिहार पुलिस, अग्निवीर, जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर अपनी तैयारी का आकलन करना जरूरी है। डॉ अमरदीप सिन्हा ने बताएं की जांच परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की अब तक की तैयारी का मूल्यांकन करना था ताकि वह अपनी कमजोरी को पहचान कर बेहतर रणनीति बना सके, परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं में प्रेरणा सिन्हा, अमृता प्रीतम, सुमन सिंह, विवेक पांडे, मधु कुमारी, तान्या राज, दीपशिखा कुमारी, शुभम राज, ज्योति सिन्हा, सोहन कुमार शंकर, पूजा कुमारी, विकास कुमार को सम्मानित किया जाएगा।

# नवादा विधि महाविद्यालय में एशियन पार्लियामेंटरी डिबेट प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा विधि महाविद्यालय, नवादा में आईक्यूएसी के तत्वावधान में 18 एवं 19 सितंबर, 2026 को दो दिवसीय एशियन पार्लियामेंटरी डिबेट प्रतियोगिता 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, वाक्-कौशल, आलोचनात्मक चिंतन, नेतृत्व क्षमता एवं समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता का विकास करना था। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गई, जिनमें प्रारंभिक चरण, सेमीफाइनल चरण तथा फाइनल चरण शामिल थे। विभिन्न चरणों में प्रतिभागियों ने अपनी तार्किक क्षमता, विषयगत समझ, विचारों की स्पष्टता एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति का सराहनीय प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल एवं फाइनल चरणों का निर्णयन श्री तोषवंत राज एवं श्री सुधांशु रंजन द्वारा किया गया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के तर्क, प्रस्तुति, विषय की समझ एवं संवाद-कौशल के आधार पर प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को विशेष रूप से सफल बनाया। प्रतिभागी टीमों में स्नेहा, अनुराधा एवं शहजाद आलम की टीम ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सलीम जावेद, एसोसिएट प्रोफेसर, पटना विश्वविद्यालय तथा डॉ. तामेश्वर नाथ, IIIT उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने अपने प्रेरणादायी एवं विचारोत्तेजक संबोधनों से विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। उन्होंने दूरदर्शी विचारों एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को अपने भविष्य को बेहतर दिशा देने तथा शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.एन. मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। महाविद्यालय की सचिव श्रीमती कला देवी, डॉ. मनीष पंकज एवं डॉ. प्रियंका की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। महाविद्यालय परिवार ने उनके बहुमूल्य समय एवं सहभागिता के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# भनैल लोदीपुर पैक्स में तीन सदस्य पदों पर चुनाव, एक पद पर निर्विरोध निर्वाचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर**। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अकबरपुर प्रखंड के भनैल लोदीपुर पैक्स में सदस्य के तीन पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत 16 सितंबर 2026 को चुनाव का नोटिफिकेशन जारी किया गया था। तीन सदस्य पदों में एक पद पिछड़ा वर्ग, एक पद पिछड़ा वर्ग महिला तथा एक पद अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत कुल छह अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था। सोमवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटिनी) की गई। संवीक्षा के दौरान अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पद पर एकमात्र अभ्यर्थी शोभा देवी का नामांकन वैध पाए जाने के बाद उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। वहीं, पिछड़ा वर्ग के पद के लिए गणपत यादव एवं मुकेश यादव तथा पिछड़ा वर्ग महिला के पद के लिए रेशमा देवी एवं रूबी देवी ने नामांकन दाखिल किया है। इन दोनों पदों पर एक से अधिक अभ्यर्थी होने के कारण चुनाव की स्थिति बनी हुई है। अकबरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी राधा रमन मुरारी ने बताया कि 23 सितंबर 2026 को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। यदि निर्धारित समय तक अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस नहीं लिया जाता है, तो पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग महिला के दोनों पदों के लिए 30 सितंबर को मतदान कराया जाएगा। इसी दिन मतगणना भी कराई जाएगी और शाम तक चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत संपन्न कराई जाएगी।

# ग्रामीण आजीविका को मजबूत करेगा वैज्ञानिक बकरी पालन

**केवीके में सात दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। एसएआरए एल प्रोजेक्ट के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में "ग्रामीण आजीविका के लिए बकरी पालन के वैज्ञानिक तरीके" विषय पर आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों एवं युवाओं को बकरी पालन की वैज्ञानिक एवं उन्नत तकनीकों से अवगत कराकर इसे आय एवं टिकाऊ आजीविका के प्रभावी साधन के रूप में विकसित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह, कोर्स कोऑर्डिनेटर रजत रंजन,विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर सिंह एवं अंगद कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बकरी पालन अपनाने तथा इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ एवं स्थायी आजीविका स्थापित करने को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। विशेषज्ञों ने बकरी पालन को केवल पारंपरिक पशुपालन तक सीमित न रखकर वैज्ञानिक प्रबंधन, बेहतर पोषण और स्वास्थ्य देखभाल के साथ व्यवसाय के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान पशुपालकों एवं ग्रामीण युवाओं को उन्नत बकरी पालन तकनीक, उपयुक्त नस्ल का चयन एवं नस्ल सुधार, संतुलित पोषण, आवास प्रबंधन, रोगों की पहचान एवं रोकथाम, टीकाकरण, प्रजनन प्रबंधन तथा बकरी एवं बकरी उत्पादों के बेहतर विपणन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी,ताकि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने स्तर पर बकरी पालन में लागू कर सकें।



# हत्याकांड का आरोपित गिरफ्तार, कट्टा बरामद

**दो लाख के बकाये को लेकर हुआ विवाद, छोटे यादव की हत्या का खुलासा**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। छबिलापुर थाना क्षेत्र के केशरी बिगहा गांव निवासी छोटे यादव हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त केशरी बिगहा गांव निवासी सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया है।डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक और गिरफ्तार आरोपित के बीच पहले से परिचय था। दोनों के बीच दो लाख रुपये से अधिक की बकाया राशि को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के क्रम में हत्या की घटना को अंजाम देने की बात अनुसंधान में सामने आई है।12 जुलाई को बदमाश ने घटना को अंजाम दिया था । पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर छबिलापुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने घटना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त देशी कट्टा बरामद किया गया है। छबिलापुर थानाध्यक्ष अनोज कुमार पाठक, उत्तम कुमार झा, राजेश कुमार व जवान शामिल थे।

### विभिन्न मामलों में पांच आरोपित गिरफ्तार

**सरमेरा**। थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में विभिन्न मामलों में फरार चल रहे पांच आरोपितों को सरमेरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में बड़ी केनार गांव निवासी सरयुग पासवान का पुत्र छोटे पासवान, चुहरचक गांव निवासी राजेंद्र यादव का पुत्र अवधेश कुमार यादव तथा परनावां गांव निवासी नवलेश पासवान, दुखी पासवान और रामलगन पासवान शामिल हैं। थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि सभी आरोपित विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस को इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# राजगीर में बिहार क्षत्रिय प्रतिनिधि संकल्प सम्मेलन आयोजित

**पटना में पांच लाख लोगों के गांधी मैदान आयोजन का संकल्प**




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर**। राष्ट्रीय राजपूत महासभा सहित विभिन्न संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में राजगीर कन्वेंशन हॉल में बिहार क्षत्रिय प्रतिनिधि संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसिद्ध पत्रकार कन्हैया भेलारी, पूर्व मुखिया साधु शरण सिंह, पूर्व प्राचार्य वीरेंद्र प्रसाद सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया साधु शरण सिंह ने की, जबकि संचालन डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया।सम्मेलन में पांच लाख लोगों के गांधी मैदान, पटना में ऐतिहासिक आयोजन, बिहार में समाज के वजूद, ईडब्ल्यूएस, यूजीसी, शिक्षा को व्यवसाय बनाने, सामाजिक कुरीतियों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इन विषयों पर सर्वसम्मति से संकल्प लिए गए। आयोजकों ने बताया कि बिहार के शेष 37 जिलों में संकल्प सम्मेलन आयोजित करने के बाद अंतिम कार्यक्रम पटना के गांधी मैदान में किया जाएगा।सम्मेलन में रामजन्म सिंह, संजय कुमार सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, निरंजन सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह, संतोष कुमार सिंह, शंभु सिंह, डॉ. कुमार अखिलेश सिंह, सिद्धनाथ सिंह, मनीष कुमार सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए।

# नालंदा में बनेगा पटेल छात्रावास, युवाओं को मिलेगा बेहतर आवासीय ठिकाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ**। नालंदा में पटेल छात्रावास निर्माण की पहल को लेकर टाउन हॉल में पंचायत प्रतिनिधि सह युवा संवाद का आयोजन किया गया। पटेल छात्रावास निर्माण संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों और युवाओं ने छात्रावास निर्माण को लेकर विचार-विमर्श किया।मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह अमनौर विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू पटेल ने कहा कि सीतामढ़ी, जहानाबाद और समस्तीपुर के बाद अब नालंदा में भी पटेल छात्रावास निर्माण की तैयारी है। नालंदा प्राचीन काल से ज्ञान और शिक्षा की धरती रही है। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए छात्रावास का निर्माण महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होंने कहा कि बिहारशरीफ में ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई के लिए आते हैं। छात्रावास बनने से उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिल सकेगा तथा पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल तैयार होगा।कांग्रेस नेता दिलीप कुमार ने कहा कि छात्रावास से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों और युवाओं ने सुझाव देते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। मौके पर कौशलेंद्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया, अविनाश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का 12वां जिला सम्मेलन संपन्न, संजय कुमार बने जिलाध्यक्ष



**बिहारशरीफ**। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, नालंदा का 12वां जिला सम्मेलन रविवार को जिला महासंघ कार्यालय, बिहारशरीफ में आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन महासंघ के महामंत्री साथी सुवेश सिंह ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में संयुक्त मंत्री अमित कुमार मिश्रा एवं उपाध्यक्ष राम किशोर सिंह ने प्रतिनिधियों और प्रेक्षकों को संबोधित किया।सम्मेलन के दौरान संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से नई जिला कमेटी का चयन किया गया। संजय कुमार को जिला अध्यक्ष, राकेश कुमार को जिला मंत्री, जयवर्धन कुमार और नदीम को सहायक जिला मंत्री तथा धीरज कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं राजेश कुमार को संघर्ष अध्यक्ष और कुमुद कुमार को संघर्ष मंत्री बनाया गया।महिला संयोजिका के लिए खुशबू कुमारी का चयन किया गया। इसके अलावा सोनम कुमारी, बेबी कुमारी और आशा कुमारी को भी संगठन की जिम्मेदारी दी गई।

### राशन कार्ड के लिए डीलर के यहां पहुंचकर कराना होगा ई-केवाइसी

**बिहारशरीफ**। राशन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले लोगों को अब नजदीकी जन वितरण प्रणाली डीलर के यहां पहुंचकर अंगूठे का निशान लगाकर ई-केवाईसी कराना होगा। ई-केवाईसी के बिना राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकेगी। जिले में राशन कार्ड के लिए कुल 57,453 नए लोगों ने आवेदन किया है। सभी आवेदनों की ऑनलाइन इंट्री पूरी हो चुकी है, लेकिन अब तक महज 13,351 आवेदकों का ही ई-केवाईसी हो सका है। वहीं 43,826 आवेदकों का ई-केवाईसी लंबित है। आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान डीएम उदिता सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर ई-केवाईसी का कार्य पूरा कराया जाए। उन्होंने 30 सितंबर तक कम से कम 27,727 आवेदकों का ई-केवाईसी कराने का लक्ष्य दिया था। कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।राशन कार्ड बनने के बाद कार्डधारियों की संख्या के अनुसार अनाज आवंटन के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा जाता है। इसके बाद लाभुकों की संख्या के आधार पर प्रत्येक माह अनाज का आवंटन प्राप्त होता है।

# एनसीसी कैडेटों को फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट और मैप रीडिंग का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। 38 बिहार बटालियन एनसीसी की ओर से आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेटों के सामरिक एवं सैन्य कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों से आए एनसीसी कैडेटों को फील्ड क्राफ्ट (एफसी), बैटल क्राफ्ट (बीसी) और मैप रीडिंग (एमआर) का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।शिविर कमान अधिकारी कर्नल अजय कुमार के निर्देशन में सैन्य प्रशिक्षक (पीआई स्टाफ) सूबेदार विशाल पांडेय ने कैडेटों को युद्ध क्षेत्र में उपयोग होने वाली बुनियादी तकनीकों की जानकारी दी। मैप रीडिंग प्रशिक्षण के तहत कैडेटों को सर्विस प्रोटेक्टर और प्रिज्मीय कम्पास के उपयोग, ग्रिड रेफरेंस निकालने, नक्शे पर अपनी स्थिति पहचानने तथा रात में तारों और कम्पास की सहायता से दिशा निर्धारित करने का अभ्यास कराया गया।फील्ड क्राफ्ट के तहत प्राकृतिक आड़ व कवर का उपयोग, विभिन्न प्रकार की क्रॉलिंग, छलावरण तथा दूरी का अनुमान लगाने की तकनीक सिखाई गई। वहीं बैटल क्राफ्ट में सेक्शन फॉर्मेशन, फील्ड सिग्नल, फायर एंड मूवमेंट और आपात परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने का अभ्यास कराया गया। कर्नल अजय कुमार ने कहा कि मैप रीडिंग, एफसी और बीसी का प्रशिक्षण कैडेटों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करता है। प्रशिक्षण में कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सैन्य अधिकारी, एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर्स तथा पीआई स्टाफ के सूबेदार मदन सिंह मेहता सहित अन्य मौजूद रहे।

# शिक्षक हितों के लिए लगातार संघर्ष जारी रहेगा : नवल किशोर यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के भावी उम्मीदवार एवं शिक्षक नेता विधान पार्षद डॉ. (प्रो.) नवल किशोर यादव ने सोमवार को हरनौत प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षकों से संवाद किया। उन्होंने कल्याण बिगहा स्थित स्व. रामलखन सिंह स्मृति वाटिका में नीतीश कुमार के माता-पिता एवं पत्नी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद गोनावां में सर गणेश दत्त की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। विद्यालयों में शिक्षकों से बातचीत के दौरान उन्होंने सेवा-शर्त, वेतनमान, पेंशन, अवकाश समेत अन्य समस्याओं की जानकारी ली और आगामी शिक्षक निर्वाचन में समर्थन की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज देश और समाज को दिशा देने का काम करता है। शिक्षकों के हितों से जुड़े मुद्दों को विधान परिषद में मजबूती से उठाया गया है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा, सेवा-शर्त, उच्चतर शिक्षा में वेतन कटौती, संस्कृत एवं अल्पसंख्यक शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाई जाएगी। विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, प्रयोगशाला समेत आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा। तेलमर, कल्याण बिगहा, सेवदाह, सुहाड़ी, गोनावां, पोवारी और हरनौत समेत विभिन्न विद्यालयों में उन्होंने संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों शिक्षक व समर्थक मौजूद रहे।

### मोबाइल पर चंद सेकेंड में पहुंचेगा डीड डॉक्यूमेंट, पेपरलेस निबंधन ने पकड़ी रफ्तार

**बिहारशरीफ**। जमीन निबंधन की नई पेपरलेस व्यवस्था अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगी है। निबंधन प्रक्रिया पूरी होने के कुछ ही मिनटों बाद खरीदार के मोबाइल नंबर पर रजिस्टर्ड डीड डॉक्यूमेंट का एसएमएस पहुंच जाता है। कार्यालय की ओर से रजिस्टर्ड डीड की पीडीएफ कॉपी भी उपलब्ध कराई जाती है। जरूरत पड़ने पर इसका प्रिंट निकाला जा सकता है। डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहने के साथ भविष्य में भी आसानी से उपलब्ध रहेगा।बिहारशरीफ निबंधन कार्यालय में अब प्रतिदिन करीब आठ जमीनों का निबंधन होने लगा है। वहीं, अलग-अलग तिथियों के लिए 10 लोगों ने ऑनलाइन स्लॉट बुक कराया है। जिला अवर निबंधक मनीष कुमार ने बताया कि पेपरलेस निबंधन को लेकर लोगों की भ्रांतियां दूर हो रही हैं। अब तक 50 से अधिक लोगों ने इसकी जानकारी ली है और 10 से अधिक लोगों ने ऑनलाइन स्लॉट बुक कराया है।उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था में जमीन विक्रेता के मोबाइल पर ओटीपी भेजा जाता है। विक्रेता द्वारा ओटीपी देने के बाद ही निबंधन प्रक्रिया आगे बढ़ती है। इससे फर्जी तरीके से किसी दूसरे की जमीन बेचने की आशंका कम होगी।अवर निबंधक ने बताया कि कार्यालय में हेल्प डेस्क की व्यवस्था है। लोग कार्यालय पहुंचकर नई प्रक्रिया की जानकारी ले सकते हैं और कर्मियों की सहायता से आसानी से जमीन का निबंधन करा सकते हैं।

# गैस रिसाव के बाद सड़क पर लगी आग, मचा हड़कंप

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। लहेरी थाना क्षेत्र के मेहरपर दुर्गा स्थान के पास सोमवार सुबह इंडियन ऑयल की पाइपलाइन से गैस रिसाव के कारण सड़क पर आग लग गई। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई और इलाके में दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।स्थानीय युवक आनंद देव आर्य ने बताया कि पाइपलाइन के पास पिछले दो से तीन दिनों से गैस रिसाव हो रहा था। इसके बावजूद समय रहते इसकी जांच और मरम्मत नहीं की गई। उन्होंने बताया कि बीती शाम भी वहां कूड़ा जलाकर आग लगाने की बात सामने आई थी। सोमवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे लोगों ने सड़क किनारे गैस रिसाव के कारण आग की लपटें उठती देखीं।अग्निशमन पदाधिकारी कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि पाइपलाइन से गैस लीकेज होने की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और आग को नियंत्रित कर दिया।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत सिलैंजा उच्च विद्यालय में चला स्वच्छता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बेलागंज प्रखंड अंतर्गत सिलैंजा उच्च विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा में मेरा योगदान' कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री चंद्रवंशी ने कहा कि स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए जिस प्रकार स्वस्थ रहने के लिए हम अपने शरीर को स्वच्छ रखते हैं, उसी प्रकार स्वस्थ परिवार, गांव और समाज के निर्माण के लिए आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ गांव, स्वच्छ घर और स्वस्थ समाज' के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में शुरू किए गए स्वच्छता अभियान ने देशभर में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी को बढ़ाने का कार्य किया है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे विशेष सेवा संकल्प अभियान में भाजपा ओबीसी मोर्चा ने स्वच्छता को प्राथमिकता दी है। पूरे अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया है कि वे घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और जनभागीदारी को मजबूत बनाएं। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद साहू, सोनू कुमार, मुकेश मांडव, रणधीर कुमार, मधेश्वर चंद्रवंशी, नीरज कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।

# बुनियादी सुविधाओं से आगे बढ़कर तकनीक और नवाचार के नेतृत्व की ओर बढ़ रहा बिहार : मंत्री

## एआई से बदलेगी बिहार के विकास की रफ्तार, उद्योग और खेल के क्षेत्र में खुलेंगे रोजगार के नए द्वार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार अब बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के विकास से आगे बढ़कर तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नई संभावनाओं की ओर बढ़ रहा है। एआई के इस्तेमाल से उद्योग, स्टार्टअप और खेल के क्षेत्र में रोजगार, उद्यमिता और नवाचार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं। खेल एवं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने सोमवार को मगध महिला कॉलेज में आयोजित सेमिनार में कहा कि पिछले दो दशकों में बिहार में बुनियादी सुविधाओं का व्यापक विस्तार हुआ है। अब राज्य को नई तकनीक के साथ विकास के अगले चरण की ओर बढ़ना है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, बिहार क्षेत्रीय शाखा, मगध महिला कॉलेज के आईक्यूएसी एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'बिहार के विकास में एआई की संभावनाएं : उद्योग और खेल पर विशेष ध्यान' विषयक सेमिनार में मंत्री ने कहा कि राज्य में बड़ी कंपनियों की मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां स्थापित हो रही हैं। अमूल जैसी कंपनी को महज 24 घंटे में जमीन आवंटित की गई। बिहटा के आधुनिक इरेडिएशन सेंटर के माध्यम से मखाना, सत्तू, आम और लीची जैसे उत्पाद अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया तक निर्यात किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप नीति के तहत 31 दिनों में 74 स्टार्टअप की पहचान कर उन्हें काम शुरू करने के लिए 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। मंत्री ने युवाओं और महिलाओं से एआई व नई तकनीकों को समझने तथा नीति निर्माण में अपने सुझाव देने की अपील की। मंत्री ने कहा कि खिलाड़ी को ओलंपिक स्तर तक पहुंचाने में कोच के साथ न्यूट्रिशनिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट और प्रदर्शन विश्लेषकों की टीम की भूमिका होती है। एआई के जरिए खिलाड़ियों के प्रदर्शन, प्रशिक्षण, पोषण और रिकवरी से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण कर खेल प्रशिक्षण को अधिक वैज्ञानिक बनाया जा सकता है। इससे स्पोर्ट्स इंडस्ट्री में रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। उन्होंने महिलाओं से जागरूक और मानसिक रूप से मजबूत रहने का आह्वान किया। बिहार ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय ने कहा कि एआई केवल तकनीक या चैटजीपीटी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन, सोच और कार्यशैली में बदलाव लाने वाला माध्यम है। बिहार में उपलब्ध संसाधनों और क्षमताओं से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण कर एआई का प्रभावी इस्तेमाल किया जाए तो राजस्व और विकास को नई दिशा मिल सकती है।

# कृषि, डेयरी, खाद्य भंडारण एवं ग्रामीण उद्योगों के लिए प्राथमिकता के आधार पर ऋण सुलभ कराएं सहकारी बैंक : राम कृपाल यादव


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, पटना की 77वीं वार्षिक आम बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के मंत्री राम कृपाल यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में बैंक की वित्तीय स्थिति, विगत वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों, बैंकिंग सेवाओं के विस्तार तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर बैंक के वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रमुख उपलब्धियों एवं रणनीतिक पहलों को भी प्रस्तुत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि सहकारी बैंक ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि, डेयरी, खाद्य भंडारण एवं ग्रामीण उद्योगों के लिए प्राथमिकता के आधार पर ऋण सुलभ कराने का कार्य सहकारी बैंकों द्वारा किया जाए। इससे किसानों, पशुपालकों, ग्रामीण उद्यमियों तथा छोटे व्यवसायियों को अपनी आर्थिक गतिविधियों के विस्तार में सहायता मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। मंत्री ने बैंकिंग व्यवस्था में तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि सहकारी बैंकों में भी डिजिटलीकरण एवं साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं को सरल, पारदर्शी, सुरक्षित एवं ग्राहक-केंद्रित बनाया जाना चाहिए। बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे द्वारा बताया गया कि वित्तीय सुदृढ़ता, ग्रामीण विकास एवं वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता देते हुए बैंकिंग व्यवस्था को अधिक सक्षम और आधुनिक बनाया जा रहा है। विगत वित्तीय वर्ष में बैंक ने अपनी परिसंपत्तियों की गुणवत्ता, ऋण वितरण प्रणाली तथा परिचालन दक्षता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

# वरिष्ठ पत्रकार देवब्रत मंडल के निधन पर डॉ. प्रेम कुमार ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े देवब्रत मंडल के निधन पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि देवब्रत मंडल के निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि देवब्रत मंडल अपनी निष्पक्ष कलम, निर्भीक पत्रकारिता और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सदैव याद किए जाएंगे। उन्होंने पत्रकारिता को केवल पेशे के रूप में नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और जनहित की आवाज के रूप में जिया। उनकी लेखनी ने सदैव सच्चाई को सामने लाने तथा समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि देवब्रत मंडल की कलम भले ही अब थम गई है, लेकिन उनकी निर्भीक पत्रकारिता और विचारों की विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को लंबे समय तक स्मरण किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार, पत्रकारिता जगत के साथियों और सभी शुभचिंतकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# खेलकूद में आगे बढ़ना करियर का महत्वपूर्ण विकल्प : प्रो. दिलीप कुमार केसरी

## मिर्जा गालिब कॉलेज की मेजबानी में अंतर महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शहर के प्रतिष्ठित अल्पसंख्यक महाविद्यालय मिर्जा गालिब कॉलेज, गया की ओर से मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम, गांधी मैदान, गया में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि खेलकूद आज युवाओं के लिए करियर का महत्वपूर्ण विकल्प बन चुका है। खेल के क्षेत्र में प्रतिभा और मेहनत के दम पर युवा बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से खेलकूद में भाग लेने से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। मिर्जा गालिब कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए पूरी ऊर्जा और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का संदेश दिया। कॉलेज के शासी निकाय के सचिव शकील अहमद खान ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद और एस.एन. सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद के बीच मुकाबला खेला गया। इसमें एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद की टीम ने जीत दर्ज की। मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी, फुटबॉल खिलाड़ी और शहर के खेलप्रेमी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मगध विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. सुदर्शन राय, डॉ. जोगेंद्र प्रसाद, डॉ. मनीष कुमार, सैयद नियाजउद्दीन, डॉ. अब्दुल कैसर, शमीम अहमद, खतीब अहमद, प्रकाश सोलंकी, डॉ. जोफैल हसन, डॉ. मो. सफदर अली, डॉ. जेबा काजमी, डॉ. प्रियंका सहित अन्य शिक्षक, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं और दर्शक उपस्थित रहे।

# राज्यभर में खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्ती जारी

## एक्सपायर्ड, मिलावटी एवं संदूषित खाद्य सामग्री पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में आम लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के नियमित निरीक्षण, नमूना संग्रहण एवं जांच की कार्रवाई लगातार जारी है। स्वास्थ्य सचिव-सह-खाद्य संरक्षा आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा टीमों द्वारा विभिन्न जिलों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच की जा रही है। इसी क्रम में अरवल, गोपालगंज, रोहतास, बेगूसराय, गया, मुजफ्फरपुर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सहरसा, सारण, सीवान एवं वैशाली सहित 12 जिलों में कुल 26 निरीक्षण किए गए। 21 सितंबर 2026 तक कुल 652 खाद्य नमूने संग्रहित किए जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए अथवा अनुपयुक्त खाद्य सामग्री के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के क्रम में दूध, पनीर एवं मिठाइयों को नष्ट कराया गया। गया में पिंड बलूची फ्रेंचाइजी ओवन, आई. राय काशी नाथ मोड़, स्वराजपुरी रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं पेय पदार्थों की नियमित जांच, पेयजल की रासायनिक जांच, किचन की स्वच्छता एवं हाइजीन तथा फूड हैंडलर्स की मेडिकल जांच से संबंधित अभिलेखों में सुधार की आवश्यकता पाई गई।

# शहर की ट्रैफिक व नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर मंथन, एसडीओ ने व्यवसायियों संग की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शहर की यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने को लेकर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) एवं आईएएस अधिकारी जतिन कुमार के नेतृत्व में शहरवासियों और व्यवसायियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष गीता देवी, उपाध्यक्ष तालकेश्वर चौधरी उर्फ भोला चौधरी, नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शिनी, अंचलाधिकारी उषा कुमारी, राजस्व पदाधिकारी अमित कुमार तथा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में व्यवसायी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू और व्यवस्थित बनाने, सार्वजनिक स्थलों पर हुए अतिक्रमण के समाधान, मांस-मछली दुकानों के संचालन को व्यवस्थित करने, फल एवं सब्जी मंडी के लिए उचित स्थान निर्धारित करने तथा टेंपो, टोटो, बस स्टैंड और पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि समग्र परिवहन व्यवस्था को सुधारने के लिए जनसहभागिता आवश्यक है, ताकि शहर में लगने वाले जाम और ट्रैफिक समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जा सके। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। सामाजिक कार्यकर्ता दीनानाथ पांडे ने जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रमुख चौक-चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की मांग की। उन्होंने कहा कि शहर की कई सड़कों पर अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है और 20 फीट चौड़ी सड़कें भी कई स्थानों पर संकरी हो गई है।

# कोंच में 16 वर्षीय किशोर लापता, थाना में आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** थाना क्षेत्र के गोरकट्टी गांव से 16 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने कोंच थाने में आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई है। आवेदक संजय कुमार पिता स्व. सुदामा यादव, ग्राम गोरकट्टी, पोस्ट तरारी के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र मुन्ना कुमार (16) 20 सितंबर को सुबह करीब 4 बजे घर से सड़क पर टहलने के लिए निकला था, जो सुबह 6-7 बजे तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला। किशोर की लंबाई करीब 5 फीट, रंग सांवला है और गले पर जलने का निशान है। वह 9 वीं का छात्र है। थाना पुलिस को आवेदन देकर किशोर की बरामदगी की मांग की गई है।

# माटी कला आयोग बनाने की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** रविवार को गुरारू बाजार में बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के बैनर तले कुम्हार जाति का सम्मेलन सह प्रखण्ड स्तरीय चुनाव सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में गया जिला के अध्यक्ष-बाल अमृत प्रजापत, उपाध्यक्ष-सुरेश पंडित, सचिव सह उप सचिव विपिन कुमार प्रजापति एवं सुधीर पंडित उपस्थित हुए। इन पदाधिकारियों के मार्ग दर्शन में प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों का चुनाव कराया गया जिसमें लक्ष्मण प्रजापति अध्यक्ष, श्रीराम प्रजापति सचिव एवं विवेक कुमार बिट्टू कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। सम्मेलन में पूर्व मुखिया सह जनसुराज नेता राजदेव प्रजापति, राजेश प्रजापति, सतेन्द्र प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, अमेरिका प्रजापति, पप्पू प्रजापति सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन में बिहार सरकार से बिहार राज्य माटी कला आयोग की स्थापना की मांग की गई। सम्मेलन में उपस्थित नेताओं ने कहा कि हम प्रजापति समुदाय माटी के कलाकार हैं। आदि काल से ही समाज में हमारे कला का महत्व रहा है जो इस आधुनिक युग में समाप्ति के कगार पर है। हमारे समाज के समक्ष आज रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है जो काफी चिंतनीय विषय है।

# जेपी मेमोरियल स्कूल में अग्निशमन टीम ने छात्रों को बताए आग से बचाव के उपाय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के जेपी मेमोरियल स्कूल में सोमवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने छात्र-छात्राओं को आग से बचाव और सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों ने बच्चों को आग लगने के कारणों, उससे होने वाले नुकसान तथा आग पर काबू पाने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए जितेंद्र कुमार मल्होत्रा ने कहा कि आग से बचाव के लिए जागरूकता और सही जानकारी बेहद जरूरी है। थोड़ी सी सावधानी और समय पर उठाया गया सही कदम आग से होने वाली बड़ी दुर्घटना को रोक सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को भी आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सुरक्षित स्थान पर जाने और दूसरों को भी सुरक्षित करने की जानकारी होनी चाहिए। अग्निशमन टीम ने विद्यार्थियों को घरेलू गैस सिलेंडर, बिजली के शॉर्ट सर्किट तथा अन्य कारणों से लगने वाली आग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

# अभियान बसेरा के तहत अब ऑनलाइन और पंचायत स्तर पर कर सकेंगे वासभूमि के लिए आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अभियान बसेरा के तहत वासभूमि के लिए आवेदन करने वाले भूमिहीन परिवारों को अब आवेदन जमा करने के लिए पटना आने की जरूरत नहीं होगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने लाभार्थियों की सुविधा के लिए बिहारभूमि पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू कर दी है। इसके साथ ही अब पंचायत स्तर पर भी आवेदन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए पंचायत सरकार भवन में चार दिवसीय शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां इच्छुक लाभार्थी वासभूमि के लिए अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि अभियान बसेरा के तहत वासभूमि के लिए आवेदन करने वाले भूमिहीन परिवारों की सुविधा विभाग की प्राथमिकता है। अब लाभार्थी अपने संबंधित अंचल कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पंचायत सरकार भवन में आयोजित चार दिवसीय शिविरों में भी आवेदन जमा करने की व्यवस्था की गई है। इससे लाभार्थियों को आवेदन के लिए अनावश्यक यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। अभियान बसेरा के तहत वासभूमिहीन लाभार्थियों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर आवेदन जमा करने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए पंचायत सरकार भवन में चार दिवसीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक लाभार्थी अपने पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचकर वासभूमि के लिए आवेदन जमा कर सकते हैं। इससे उन्हें आवेदन जमा करने के लिए अंचल कार्यालय या पटना जाने की जरूरत नहीं होगी। विभाग के सचिव जय सिंह ने स्पष्ट किया है कि अभियान बसेरा के तहत वासभूमि के लिए आवेदन संबंधित अंचल कार्यालय में भी जमा किया जा सकता है। सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे आवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करें और आवेदक को प्राप्ति रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। आवेदन जमा नहीं होने की स्थिति में संबंधित अंचलाधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। लाभार्थियों से अपील की गई है कि आवेदन जमा करते समय प्राप्ति रसीद अवश्य लें और उसे सुरक्षित रखें।

# पत्रकारों के निधन पर श्रमजीवी पत्रकार संघ ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गया जिले के वरिष्ठ पत्रकार रामजी सिंह एवं देवब्रत मंडल के आकस्मिक निधन पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की टिकारी अनुमंडल इकाई ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। दोनों पत्रकारों के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। अनुमंडल इकाई के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रामजी सिंह और देवब्रत मंडल का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। दोनों पत्रकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज और आम लोगों की आवाज को प्रमुखता से उठाया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत ने अपने दो कर्मठ साथियों को खो दिया है। उन्होंने दिवंगत पत्रकारों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल से आरंभिक निम्नवत् कोचिंग ट्रेन के एस.एल.आर. कोच में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैं:–

**ई–नीलामी कैटलॉग संख्या: SLR-LEASE-26-9**

**AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** गाड़ी संख्या 13024 (गया से हावड़ा) गया–हावड़ा एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी लॉट संख्या:** 13024-SLR-F1-GAYA-HWH-25-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 25.09.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**AA/2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** गाड़ी संख्या 13697 (गया से दिल्ली) गया–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी लॉट संख्या:** 13697-SLR-F1-GAYA-DLI-25-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 25.09.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**AA/3) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** गाड़ी संख्या 12397 (गया से नई–दिल्ली) गया–नई–दिल्ली महाबोधि एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी लॉट संख्या:** 12397-SLR-F1-GAYA-NDLS-25-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 25.09.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी।

**AA/4) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** गाड़ी संख्या 22409 (गया से आनंद विहार टर्मिनस) गया–ANVT गरीब रथ एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (3.9 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी लॉट संख्या:** 22409-SLR-F1-GAYA-ANVT-25-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 25.09.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:00 बजे बंद होगी।

**AA/5) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** गाड़ी संख्या 12389 (गया से चेन्नई) गया–चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस के FSLR के पार्सल स्थान (4 टी) का आवंटन। **ई–नीलामी लॉट संख्या:** 12389-SLR-F1-GAYA-MAS-25-1 **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 25.09.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:10 बजे बंद होगी।

वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय।

पीआर/0933/डीडीयू/सीओएमएम/ईएन/टी/26–27/64


# तीन सालों में बिहार में ऑनलाइन पढ़ने वालों की संख्या 51% बढ़ी, छोटे शहरों और कस्बों से बढ़ा एनरोलमेंट

## पटना की हिस्सेदारी 13.19% जबकि 63.70% एनरोलमेंट छह बड़े शहरों के बाहर से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार में हायर एजुकेशन के लिए ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। खास बात यह है कि राज्य के बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों और कस्बों से भी ऑनलाइन शिक्षा को अपनाने वालों की संख्या बढ़ रही है। कॉलेज विद्या के एनरोलमेंट डेटा के अनुसार 2025-26 में बिहार के 63.70 प्रतिशत एनरोलमेंट राज्य के छह सबसे बड़े शहरों के बाहर से हुए जबकि पटना 13.19 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ राज्य में सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा। कॉलेज विद्या के कुल एनरोलमेंट में बिहार की हिस्सेदारी 2023-24 में 11.08 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में 16.71 प्रतिशत हो गई है। यह तीन सेशन में 51 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। राज्य की हिस्सेदारी 2024-25 में 12.88 प्रतिशत रही जो 2025-26 में बढ़कर 16.71 प्रतिशत हो गई। कॉलेज विद्या के सीओओ और को-फाउंडर रोहित गुप्ता ने कहा कि हायर एजुकेशन को लेकर पढ़ने वालों का नजरिया बदल रहा है। डिग्री हासिल करने का फैसला अब केवल कॉलेज या स्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रोग्राम की प्रासंगिकता, करियर के लक्ष्य और अन्य जिम्मेदारियों के साथ पढ़ाई जारी रखने की सुविधा जैसे पहलुओं पर भी निर्भर करता है। बिहार के ट्रेंड्स बताते हैं कि पढ़ने वाले हायर एजुकेशन के लिए अलग-अलग विकल्प तलाश रहे हैं और ऑनलाइन प्रोग्राम इस सफर का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहे हैं। पिछले तीन सेशन में बिहार के ऑनलाइन पढ़ने वालों की प्रोफाइल में युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम में 25 साल से कम उम्र के पढ़ने वालों की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत से बढ़कर 71 प्रतिशत हो गई है। वहीं, 2025-26 में पोस्टग्रेजुएट एनरोलमेंट में 21-25 वर्ष आयु वर्ग की हिस्सेदारी 64 प्रतिशत रही। अंडरग्रेजुएट स्तर पर भी युवा पढ़ने वालों की हिस्सेदारी मजबूत बनी हुई है। 25 साल से कम उम्र के पढ़ने वालों की हिस्सेदारी 91 प्रतिशत है जो दो सेशन पहले 81 प्रतिशत थी। बिहार में एनरोलमेंट के आंकड़े बिजनेस और टेक्नोलॉजी से जुड़े प्रोग्राम की बढ़ती पसंद को भी दर्शाते हैं। राज्य के कुल एनरोलमेंट में पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम की हिस्सेदारी 58.35 प्रतिशत है। इनमें एमबीए की हिस्सेदारी 58.23 प्रतिशत, जबकि पोस्टग्रेजुएट एनरोलमेंट में एमसीए की हिस्सेदारी 20.25 प्रतिशत है। अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में बीसीए की हिस्सेदारी 38.46 प्रतिशत है। इसके बाद बी कॉम 30.77 प्रतिशत और बीबीए 23.08 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ प्रमुख विकल्प रहे।


**शपथ–पत्र**

मैं अरविन्द कुमार पिता मनोहर लाल, ग्राम-जोगडी पो.- बेरी खरियावॉं, थाना-सलैया, जिला-औरंगाबाद (बिहार) पिन कोड 824218 शपथ एवं निष्ठापूर्वक निम्नलिखित बातों का बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।

मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या- 2520 8050 0936 है जिसमें मेरी पुत्री का नाम राजनन्दनी (RAJNANDANI) अंकित है। मेरी पुत्री का विद्यालय का नामांकन पंजी में मेरी पुत्री का नाम राजनन्दनी कुमारी (RAJNANDANI KUMARI) अंकित है। राजनन्दनी (RAJNANDANI) एवं राजनन्दनी कुमारी (RAJNANDANI KUMARI) दोनों मेरी पुत्री का ही नाम है। मेरी पुत्री उक्त दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती है। इस नाम से मेरे गांव में अन्य कोई दूसरी महिला नहीं है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
अरविन्द कुमार



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडों के संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:– AA/1) **1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि:** पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के दक्षिण तरफ में स्थित मिक्स पार्किंग (दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया) वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षो के लिए। **2. ई–नीलामी कैटलॉग संख्या:** COM-PARK-DDU-26 **3. ई–नीलामी लॉट संख्या:** PARKING-DDU-DDU-MX-67-26-1 **4. ई–नीलामी की तिथि ,एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 25.09.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। 5. वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय।

पीआर/0932/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएन/26–27/28

संपादकीय

# क्या पाकिस्तान में यही है नेताओं की नियति?

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान नियाजी तीन साल से जेल में बंद हैं. उन्हें जमानत भी नहीं मिल रही है. पाकिस्तान के कानून के मुताबिक उन्हें इतने लंबे समय तक जेल में नहीं रखा जा सकता. सारी दुनिया के राजनेता देख रहे हैं. पाकिस्तान की मित्र बिरादरी भी चुप्पी साधे बैठी है. मुल्क में सेना के इशारे पर सरकार नाचने लगे तो फिर लोकतंत्र की बात करना ही बेकार है. चूंकि इमरान खान क्रिकेटर भी रह चुके हैं इसलिए अब सारी दुनिया के जाने-माने क्रिकेट खिलाड़ी और विशेषज्ञ उनके समर्थन में आगे आ रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया के सात पूर्व कप्तानों ने वहां के विदेश मंत्री से इस मामले में शीघ्र और सख्त कदम उठाने की मांग की है. खिलाड़ियों को लगता है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लगातार जेल में रहने से उनकी हत्या की आशंका है अथवा उन्हें धीमा जहर देकर मारा जा सकता है. इमरान खान रावलपिंडी की कुख्यात अडियाला जेल में बंद हैं. ऑस्ट्रेलिया के जिन दिग्गज खिलाड़ियों ने सरकार से दखल देने की मांग की है उनमें ग्रेग चैपल, एलन बॉर्डर, इयान चैपल, किम ह्यूज, मार्क टेलर, बेलिंडा क्लार्क, पेट कमिंस और स्टीव वा शामिल हैं. इन सभी खिलाड़ियों ने आशंका जताई है कि 73 साल के पूर्व प्रधानमंत्री को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं, जो राजनीतिक कैदियों को दी जाती हैं. न उनका ढंग से इलाज हो रहा है और न ही स्तरीय तथा पौष्टिक भोजन मिल रहा है. ऑस्ट्रेलिया के इन खिलाड़ियों से पहले पाकिस्तान के ही चुनिंदा पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों ने भी अपनी सरकार से इमरान खान के साथ मानवीय बरताव का अनुरोध किया था. इन खिलाड़ियों में रमीज राजा, जावेद मियांदाद और वसीम अकरम जैसे सशक्त हस्ताक्षर शामिल हैं और उन्होंने इमरान खान के साथ लंबे समय तक क्रिकेट खेली है. पाकिस्तान के अलावा भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर, कपिल देव और दिलीप वेंगसरकर ने भी वहां की शहबाज सरकार से इमरान खान के मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया था. वेस्टइंडीज के सर्वकालिक महान बल्लेबाज ब्रायन लारा और माइकल होल्डिंग भी ऐसी ही अपीलें पाकिस्तान की फौज और शहबाज हुकूमत से कर चुके हैं. हालांकि शहबाज शरीफ की विवशता समझी जा सकती है. वे तो अपने सगे बड़े भाई मियां नवाज शरीफ तक को जेल में बंद रहने से रोक नहीं पाए थे. इसलिए फिलहाल तो अभी तक किसी खिलाड़ी की अपील का कोई असर नहीं हुआ है. बता दूं कि इमरान खान पर डेढ़ सौ से अधिक मुकदमे लाद दिए गए हैं. तीन साल में वे एक बार ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जेल से बाहर आए थे. उन्हें जमानत मिल गई थी. मगर, सरकार ने उन्हें फिर से जेल के सींखचों के पीछे पहुंचा दिया. सूचनाएं हैं कि इमरान खान ने राजनीति छोड़ने और फौज तथा अमेरिका की आलोचना बंद करने का वादा नहीं किया था, इसलिए उन्हें फिर अंदर कर दिया गया. गौरतलब है कि पाकिस्तान में अभी तक बीस प्रधानमंत्री हुए हैं. इनमें सात को जेल की हवा खानी पड़ी है. इनके नाम हैं - हुसैन शहीद सुहरावर्दी, जुल्फिकार अली भुट्टो और उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो, मियां नवाज शरीफ, शाहिद खाकान अब्बासी, यूसुफ रजा गिलानी और इमरान खान. इनमें से बेनजीर भुट्टो और सुहरावर्दी को छोड़कर सभी को इसी अडियाला जेल में रखा गया था. यह विडंबना है कि इन सभी को सेना का कोप भाजन बनना पड़ा है. बेचारे जुल्फिकार अली भुट्टो को तो जेल में ही निर्दयतापूर्वक फांसी दे दी गई थी. इस फांसी की सारे संसार में निंदा हुई थी. यह भी क्रूर और अमानवीय पहलू है कि भुट्टो की फांसी दिखाने के लिए दुनियाभर से पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था. उन्हें भी रावलपिंडी जेल में फांसी दी गई थी. उसके बाद फौजी तानाशाह जनरल जिया उल हक के कार्यकाल में उस जेल को नेस्तनाबूद कर दिया गया था और वहां जिन्ना पार्क बना दिया गया था.

# यूपीआई शुल्क: सुविधाओं का विस्तार या उपभोक्ता पर बोझ?

**भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में यूपीआई केवल भुगतान का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि वह रोजमर्रा के आर्थिक व्यवहार का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सब्जी वाले से लेकर बड़े कारोबारी तक, टैक्सी से लेकर ऑनलाइन खरीदारी तक और घरेलू लेन-देन से लेकर व्यावसायिक भुगतान तक-यूपीआई ने पैसे के लेन-देन की आदत, गति और भाषा तीनों बदल दी हैं। ऐसे में यूपीआई से जुड़े शुल्क की व्यवस्था केवल बैंकिंग या फिनटेक कंपनियों का कारोबारी विषय नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध उपभोक्ता की आदत, छोटे व्यापार की लागत और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा से है। यहां एक तथ्यात्मक स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है। सितंबर 2026 में सरकार ने जो नया ढांचा स्पष्ट किया है, उसके अनुसार व्यक्ति से व्यक्ति यानी पी2पी को यूपीआई भुगतान किसी भी राशि पर निःशुल्क रहेगा।**

रू.2,000 तक के व्यापारी भुगतान पर भी एमडीआर नहीं है। रू.2,000 से अधिक के कुछ पी2एम यानी ग्राहक से व्यापारी भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर का प्रावधान किया गया है और रू.75,000 या उससे अधिक के लेन-देन पर प्रति लेन-देन अधिकतम रू. 300 की सीमा रखी गई है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह शुल्क ग्राहक से सीधे वसूल किया जाने वाला लेन-देन शुल्क नहीं है, बल्कि व्यापारी-पक्ष का एमडीआर है।

फिर भी इस बदलाव को केवल 'शुल्क लगा या नहीं लगा' के प्रश्न तक सीमित करना उचित नहीं होगा। असली सवाल यह है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था को लंबे समय तक टिकाऊ कैसे बनाया जाए और उसकी लागत किसके हिस्से में जाए। यूपीआई की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसकी सरलता और लगभग बिना लागत की अनुभूति रही है। अगस्त 2026 में यूपीआई पर करीब 24.51 अरब लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य लगभग रू.29.82 लाख करोड़ रहा। यह आंकड़ा बताता है कि यूपीआई अब किसी वैकल्पिक भुगतान माध्यम की श्रेणी में नहीं, बल्कि भारत के आर्थिक जीवन के बुनियादी ढांचे में शामिल हो चुका है। यूपीआई के इस विस्तार के पीछे एक मनोवैज्ञानिक परिवर्तन भी हुआ है। लोगों ने डिजिटल भुगतान को केवल सुविधा नहीं, स्वाभाविक व्यवहार मान लिया है। पहले दस रुपये, पचास रुपये या सौ रुपये के लिए जेब से नकद निकालना सामान्य थाय आज वही भुगतान मोबाइल से कुछ सेकंड में हो जाता है। जब कोई सेवा वर्षों तक निःशुल्क उपलब्ध रहती है तो उपभोक्ता उसके पीछे मौजूद तकनीकी, बैंकिंग और साइबर-सुरक्षा लागत को लगभग भूल जाता है। इसलिए बाद में किसी प्रकार का शुल्क या लागत सामने आने पर स्वाभाविक रूप से असहजता पैदा होती है।

यहीं आधुनिक बाजार व्यवस्था की एक बड़ी विसंगति दिखाई देती है। अनेक डिजिटल और उपभोक्ता सेवाएं पहले मुफ्त, अत्यंत सस्ती या भारी छूट के साथ उपलब्ध कराई जाती हैं। उपभोक्ता को उस सुविधा का




अभ्यस्त बनाया जाता है, बाजार में उसका व्यवहार बदलता है और प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ने के बाद लागत की नई संरचना सामने आती है। ओला-उबर जैसी सेवाओं से लेकर ऑनलाइन व्यापार, डिजिटल सदस्यता और विभिन्न प्लेटफॉर्म सेवाओं तक इस मॉडल के अलग-अलग रूप दिखाई देते हैं। यह कहना उचित नहीं होगा कि हर मामले में यही रणनीति अपनाई जाती है, लेकिन उपभोक्ता के दृष्टिकोण से प्रश्न महत्वपूर्ण है-यदि किसी सेवा की दीर्घकालिक लागत है तो उसकी जानकारी शुरुआत से स्पष्ट क्यों न हो? यूपीआई के मामले में यह प्रश्न और गंभीर है क्योंकि इसके उपयोगकर्ता केवल शहरी मध्यमवर्ग नहीं हैं। छोटे दुकानदार, स्ट्रीट वेंडर, घरेलू उद्यमी, ग्रामीण उपभोक्ता और पहली बार बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े लोग भी इसके बड़े हिस्से हैं। सरकार की 2025 की प्रोत्साहन योजना में भी छोटे व्यापारियों के रू.2,000 तक के भीम-यूपीआई भुगतान को शून्य एमडीआर के दायरे में रखते हुए रू.1,500 करोड़ का प्रावधान किया गया था। इसका उद्देश्य छोटे व्यापारियों के बीच डिजिटल भुगतान को बढ़ाना और भुगतान ढांचे को मजबूत करना था।

इसलिए शुल्क की किसी भी व्यवस्था का पहला सिद्धांत होना चाहिए-छोटे भुगतान और छोटे कारोबार की रक्षा। रू.100, रू.500 या रू.1,000 के भुगतान पर लागत बढ़ाने वाला मॉडल डिजिटल समावेशन की भावना के विपरीत जा सकता है। इसके विपरीत बड़े व्यावसायिक भुगतान से जुड़ी लागत को अलग तरीके से देखा जा सकता है, बशर्ते शुल्क पारदर्शी, सीमित और पूर्व घोषित हो तथा उसका भार अनुचित रूप से ग्राहक पर न डाला जाए। यहां डेबिट और क्रेडिट कार्ड का उदाहरण भी महत्वपूर्ण है। यूपीआई के व्यापक प्रसार ने कार्ड भुगतान को रोजमर्रा के छोटे भुगतानों में पीछे धकेला है। यदि यूपीआई के कुछ बड़े व्यापारी लेन-देन पर लागत बढ़ती है तो कुछ कारोबारी वैकल्पिक भुगतान माध्यमों की ओर देख सकते हैं। कार्ड, नेट बैंकिंग, वॉलेट या अन्य डिजिटल माध्यम फिर कुछ क्षेत्रों में अधिक सक्रिय हो सकते हैं। इससे भुगतान बाजार में विविधता बढ़ सकती है, लेकिन यदि उपभोक्ता को हर माध्यम में अलग-अलग शुल्क, सुविधा और शर्तों का सामना करना पड़े तो डिजिटल भुगतान की सरलता कमजोर भी हो सकती है। इसलिए प्रतिस्पर्धा का उद्देश्य केवल माध्यम बदलना नहीं, बल्कि उपभोक्ता को बेहतर विकल्प देना होना चाहिए।

दूसरी ओर यूपीआई को मुफ्त बनाए रखने की भी कीमत है। भुगतान प्रणाली को चौबीसों घंटे चलाने के लिए बैंकिंग सर्वर, डेटा सेंटर, साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकने वाली प्रणालियां, ग्राहक सहायता और तकनीकी उन्नयन पर लगातार खर्च होता है। जैसे-जैसे लेन-देन बढ़ते हैं, वैसे-वैसे विश्वसनीयता और क्षमता पर निवेश की आवश्यकता भी बढ़ती है।

सरकार की 2025 की योजना में भी तकनीकी विफलताओं को घटाने और सिस्टम अपटाइम सुधारने को प्रोत्साहन से जोड़ा गया था। इसलिए सवाल यह नहीं होना चाहिए कि यूपीआई की हर सेवा हमेशा मुफ्त रहे या नहीं, सवाल यह होना चाहिए कि उसकी लागत का न्यायपूर्ण और पारदर्शी वितरण कैसे हो। सरकार, बैंक, फिनटेक कंपनियां और भुगतान नेटवर्क यदि इस व्यवस्था से आर्थिक लाभ लेते हैं तो उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सुरक्षा, विश्वसनीयता और नवाचार पर पर्याप्त निवेश हो। शुल्क का उद्देश्य केवल राजस्व जुटाना नहीं, बल्कि बेहतर डिजिटल भुगतान व्यवस्था के निर्माण से जुड़ा होना चाहिए।

सबसे महत्वपूर्ण बात उपभोक्ता विश्वास की है। डिजिटल अर्थव्यवस्था विश्वास पर चलती है। यदि आज किसी सेवा को 'मुफ्त' बताया जाए और कल अचानक उसकी लागत सामने आए, तो उपभोक्ता में अविश्वास पैदा हो सकता है। इसलिए भविष्य में किसी भी डिजिटल भुगतान व्यवस्था की शुरुआत करते समय उसकी संभावित लागत, शुल्क संरचना और उसे लागू करने की परिस्थितियां पहले से स्पष्ट होनी चाहिए। उपभोक्ता को यह पता होना चाहिए कि कौन-सी सेवा निःशुल्क है, किस पर लागत है, लागत कौन वहन करेगा और उसका अधिकतम स्तर क्या होगा। भारत तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार कर रहा है। ऐसे समय में यूपीआई की सफलता को केवल लेन-देन की संख्या से नहीं, बल्कि उसकी स्थिरता, सुरक्षा, पहुंच और उपभोक्ता विश्वास से मापना होगा। भारत की विकास-आकांक्षाओं के लिए उत्पादकता, नवाचार और मजबूत डिजिटल आधारभूत ढांचा महत्वपूर्ण हैं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भी भारत की उत्पादकता और नवाचार क्षमता को दीर्घकालिक विकास से जोड़ता है।

यूपीआई शुल्क की बहस इसलिए वास्तव में 'शुल्क बनाम मुफ्त' की बहस नहीं है। यह उस आर्थिक दर्शन की परीक्षा है जिसमें डिजिटल सुविधा आम आदमी तक सस्ती, सरल और सुरक्षित रूप में पहुंचती है। छोटे भुगतान मुफ्त रहें, छोटे व्यापारियों पर अनावश्यक भार न पड़े, बड़े व्यावसायिक लेन-देन में लागत की तार्किक व्यवस्था हो, शुल्क की जानकारी पहले से सार्वजनिक हो और उससे प्राप्त संसाधन भुगतान प्रणाली की सुरक्षा व क्षमता बढ़ाने में लगें, ऐसा संतुलन ही टिकाऊ रास्ता हो सकता है। भारत को डिजिटल भुगतान का विस्तार रोकना नहीं, बल्कि उसकी अगली पीढ़ी तैयार करनी है। यूपीआई की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने भुगतान को बैंक की शाखा और बटुए की सीमा से निकालकर मोबाइल की स्क्रीन तक पहुंचा दिया। अब अगली चुनौती यह है कि यह सुविधा आर्थिक रूप से टिकाऊ भी रहे और आम उपभोक्ता के लिए सहज भी।

अध्यात्म

## धन सफलता प्रेम

एक दिन एक औरत अपने घर के बाहर आई और उसने तीन संतों को अपने घर के सामने देखा। वह उन्हें जानती नहीं थी। औरत ने कहा - 'कृपया भीतर आइये और भोजन ...करिये। ' संत बोले - 'क्या तुम्हारे पति घर पर हैं? ' औरत ने कहा - 'नहीं, वे अभी बाहर गए हैं। '

संत बोले - 'हम तभी भीतर आयेंगे जब वह घर पर हों। '

शाम को उस औरत का पति घर आया और औरत ने उसे यह सब बताया।

औरत के पति ने कहा - 'जाओ और उनसे कहो कि मैं घर आ गया हूँ और उनको आदर सहित बुलाओ। '

औरत बाहर गई और उनको भीतर आने के लिए कहा।

संत बोले - 'हम सब किसी भी घर में एक साथ नहीं जाते। '

'पर क्यों?' - औरत ने पूछा।

उनमें से एक संत ने कहा - 'मेरा नाम धन है' - फिर दूसरे संतों की ओर इशारा कर के कहा - 'इन दोनों के नाम सफलता और प्रेम हैं। हममें से कोई एक ही भीतर आ सकता है। आप घर के अन्य सदस्यों से मिलकर तय कर लें कि भीतर किसे निमंत्रित करना है। '

औरत ने भीतर जाकर अपने पति को यह सब बताया। उसका पति बहुत प्रसन्न हो गया और बोला - 'यदि ऐसा है तो हमें धन को आमंत्रित करना चाहिए। हमारा घर खुशियों से भर जाएगा। '

लेकिन उसकी पत्नी ने कहा - 'मुझे लगता है कि हमें सफलता को आमंत्रित करना चाहिए। '

उनकी बेटी दूसरे कमरे से यह सब सुन रही थी। वह उनके पास आई और बोली - 'मुझे लगता है कि हमें प्रेम को आमंत्रित करना चाहिए। प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है। '

'तुम ठीक कहती हो, हमें प्रेम को ही बुलाना चाहिए' - उसके माता-पिता ने कहा।

औरत घर के बाहर गई और उसने संतों से पूछा - 'आप में से जिनका नाम प्रेम है वे कृपया घर में प्रवेश कर भोजन ग्रहण करें। ' प्रेम घर की ओर बढ़ चले। बाकी के दो संत भी उनके पीछे चलने लगे। औरत ने आश्चर्य से उन दोनों से पूछा - 'मैंने तो सिर्फ़ प्रेम को आमंत्रित किया था। आप लोग भीतर क्यों जा रहे हैं? ' उनमें से एक ने कहा - 'यदि आपने धन और सफलता में से किसी एक को आमंत्रित किया होता तो केवल वही भीतर जाता। आपने प्रेम को आमंत्रित किया है। प्रेम कभी अकेला नहीं जाता। प्रेम जहाँ-जहाँ जाता है, धन और सफलता उसके पीछे जाते हैं।


# हिंदी सेवा का अमित दृष्टांत...

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की हिंदी सेवा एक नहीं, अनेक दृष्टियों से ध्यान देने योग्य है। मूलतः गुजरातीभाषी श्री शाह स्वयं हिंदी में काम करते हैं, इसलिए स्वाभाविक तौर पर हिंदी में सरकारी कामकाज बढ़ा है। श्री शाह के कारण सरकारी पत्रावलियां हिंदी में बनती हैं। श्री शाह के मार्गदर्शन में केंद्रीय गृह मंत्रालय राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं, अनुवाद-कार्य और हिंदी-सलाहकार समितियों के माध्यम से लगातार प्रयासरत है। श्री शाह हिंदी को प्रशासन, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, पत्रकारिता और उच्च ज्ञान-विमर्श की भाषा बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री, आधुनिक शब्दावली और अनुवाद की मजबूत व्यवस्था की अनवरत हिमायत करते हैं।**

हिंदी के प्रति अमित शाह का लगाव केवल औपचारिक राजभाषा-नीति तक सीमित नहीं दिखाई देता। वर्ष 2019 में हिंदी दिवस के अवसर पर उन्होंने हिंदी को स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना से जोड़ा था। गत वर्ष 2025 में भी श्री शाह ने हिंदी दिवस पर आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में हिंदी के संवर्धन से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर बल दिया था।

पिछले एक वर्ष में माननीय गृह मंत्री जी के नेतृत्?व में राजभाषा विभाग ने हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। जून 2025 में भारतीय भाषा अनुभाग की शुरुआत हुई। इसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं के बीच संवाद बढ़ाना और उन्हें तकनीक तथा प्रशासन से जोड़ना है। इस पहल से राजभाषा विभाग के काम का दायरा भी व्यापक हुआ है। विभाग ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों यानी नराकासों के काम को प्रोत्साहित करने के लिए 'नराकास प्रोत्साहन सम्मान' की व्यवस्था भी शुरू की है।

इससे उन नराकासों को आगे आने का अवसर मिलेगा, जो अपने क्षेत्र में राजभाषा के काम को बेहतर ढंग से आगे बढ़ा रही हैं। तकनीक के क्षेत्र में भी राजभाषा विभाग ने नई पहल की है। 'भारती - बहुभाषी अनुवाद सारथी' के माध्यम से हिंदी से भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद को आसान बनाने की दिशा में काम हुआ है। इसके साथ 'हिंदी शब्द-सिंधु' जैसे शब्दकोश को भी विकसित किया गया है। 'हिंदी शब्द-सिंधु' में विभिन्न



भारतीय भाषाओं के शब्दों को शामिल किया जा रहा है। इसका उद्देश्य हिंदी को दूसरी भारतीय भाषाओं से जोड़ना है, न कि उनसे अलग करना। इन प्रयासों से साफ है कि राजभाषा का काम अब केवल सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग तक सीमित नहीं है। यह भाषा, तकनीक और भारतीय भाषाओं के बीच नए संबंध बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

श्री शाह के हिंदी प्रेम का एक उल्लेखनीय पक्ष यह भी है कि वे हिंदी को भारतीय भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय उनके साथ चलने वाली भाषा के रूप में देखते हैं। अमित शाह का हिंदी प्रेम हिंदी के विकास के साथ भारतीय भाषाओं के सम्मान और संरक्षण के रूप में आगे बढ़ता है। कहना न होगा कि यह दृष्टि भारतीय भाषायी एकता को मजबूत करनेवाली है। हिंदी की वास्तविक शक्ति उसकी आत्मीयता, समावेशिता और संवादधर्मिता में है। भारत में हिंदी का विस्तार तभी सार्थक होगा, जब वह दूसरी भारतीय भाषाओं के प्रति सम्मान और संवाद का भाव लेकर आगे बढ़े। हिंदी का भारतीय भाषाओं से संबंध वर्चस्व का नहीं, आदान-प्रदान का होना चाहिए। भारतीय भाषाओं का इतिहास भी प्रतिस्पर्धा का इतिहास नहीं, बल्कि परस्पर आदान-प्रदान का इतिहास है। हिंदी ने दूसरी भारतीय भाषाओं से असंख्य शब्द, मुहावरे, साहित्यिक संस्कार और विचार ग्रहण किए हैं। दूसरी ओर हिंदी के माध्यम से भी अनेक भारतीय भाषाओं का साहित्य व्यापक पाठक वर्ग तक पहुँचा है।

इसलिए हिंदी को संपर्क और सेतु की भाषा के रूप में विकसित किया जा सका है। श्री शाह का यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है कि हिंदी की समृद्धि भारतीय भाषाओं की समृद्धि से जुड़ी है। भारतीय भाषाओं की विविधता का सम्मान बनाए रखना ही भारत की भाषायी वास्तविकता के अनुरूप है। श्री अमित शाह का यह विचार आज विशेष रूप से प्रासंगिक है। श्री शाह के लिए हिंदी का समर्थन किसी एक क्षेत्रीय पहचान का विस्तार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर संचार की एक साझा भाषा को मजबूत करने का प्रयास है।

भारत की भाषायी परंपरा में हिंदी का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि उसे देश के बड़े भूभाग में समझा और बोला जाता है, बल्कि इसलिए भी है कि उसने विभिन्न प्रदेशों, समुदायों और भाषायी संस्कृतियों के बीच संवाद का माध्यम बनने की ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन अनुवाद, सोशल मीडिया और डिजिटल प्रकाशन के दौर में हिंदी के सामने अभूतपूर्व अवसर हैं। यदि हिंदी में उच्चस्तरीय वैज्ञानिक, तकनीकी, दार्शनिक और सामाजिक विज्ञान संबंधी सामग्री का पर्याप्त निर्माण होता है, तो वह ज्ञान की भाषा के रूप में अपनी भूमिका और मजबूत कर सकती है। साथ ही यही तकनीक अन्य भारतीय भाषाओं के विकास के लिए भी इस्तेमाल की जानी चाहिए।

श्री शाह उन गुजरातीभाषी मनीषियों की पांत में आ गए हैं जिनमें स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह तक की हिंदी के प्रति आग्रह की एक ऐसी परंपरा दिखाई देती है, जिसमें हिंदी को राष्ट्रीय संवाद और जनजागरण की भाषा बनाने की आकांक्षा प्रमुख रही है। हिंदी के अनेक हिंदीतरभाषियों ने अपने विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी को अपनाया। दयानंद सरस्वती ने संस्कृत के प्रकांड विद्वान होने के बावजूद अपने सामाजिक और धार्मिक सुधार के संदेश को केवल संस्कृत के विद्वत् वर्ग तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने जनसाधारण तक पहुँचने के लिए हिंदी का सहारा लिया। उनकी प्रसिद्ध कृति सत्यार्थ प्रकाश मूलतः हिंदी में लिखी गई। इसी तरह महात्मा गांधी मूलतः गुजरातीभाषी थे किंतु हिंदी में अखबार निकाले और हिंदी के महत्व को एक अलग राजनीतिक और राष्ट्रीय संदर्भ प्रदान किया। दक्षिण भारत में हिंदी के प्रचार के लिए उन्होंने अपने पुत्र देवदास गांधी को भेजा और 1918 में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना के प्रयासों को आगे बढ़ाया। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक संवाद में हिंदी का व्यापक प्रयोग दिखाई देता है। वे देश-विदेश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों से संवाद करते हुए हिंदी का प्रयोग करते हैं और भारतीय भाषाओं के महत्व पर भी जोर देते रहे हैं।

दयानंद सरस्वती, गांधी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह - इन चारों की हिंदी संबंधी दृष्टियों को एक साथ देखने पर हिंदी के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण सूत्र निकलता है: हिंदी जितनी जनभाषा होगी, उतनी ही प्रभावी होगी; जितनी समावेशी होगी, उतनी ही स्वीकार्य होगी; और जितनी भारतीय भाषाओं से जुड़ेगी, उतनी ही समृद्ध होगी।

हिंदी प्रेम का सर्वोच्च रूप हिंदी को दूसरों पर थोपना नहीं, बल्कि उसे ऐसा सक्षम माध्यम बनाना है जो भारत की विविध आवाजों को एक-दूसरे तक पहुँचाए। दयानंद ने हिंदी को जनजागरण का माध्यम बनाया, गांधी ने उसे राष्ट्रीय संवाद की शक्ति दी और आज हिंदी के सामने डिजिटल युग में विश्वव्यापी संवाद की नई संभावनाएँ हैं। इन पड़ावों को जोड़कर देखा जाए तो हिंदी की यात्रा केवल एक भाषा की यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय समाज में संवाद, जागरण और आत्मविश्वास की यात्रा भी है। भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं होती, वह समाज की स्मृति, संस्कृति और सामूहिक चेतना को भी अपने भीतर संजोए रहती है। भारत जैसे बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक देश में भाषा का प्रश्न इसलिए और अधिक संवेदनशील हो जाता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज पैसों के मामले में नियम बनाकर चलना होगा। आराम या घर की जरूरतों पर तुरंत खर्च करने का मन हो सकता है। कोई भी बड़ी खरीदारी करने से पहले अपनी प्राथमिकताओं को जरूर देख लें।

**वृषभ**
आज फालतू रुके हुए पैसों को निकालने का रास्ता मिल सकता है। किसी की सलाह पर आंख बंद करके भरोसा करने के बजाय खुद पड़ताल करें।

**मिथुन**
आज कमाई के नए रास्तों पर विचार होगा। विकल्पों को देखना अच्छी बात है, पर एक साथ कई जगह पैसे न लगाएं। किसी बातचीत से कमाई का नया जरिया मिल सकता है।

**कर्क**
आज पैसों की स्थिति को लेकर मन थोड़ा संवेदनशील रह सकता है। परिवार के खर्चों का दबाव महसूस होगा। असली जरूरतों और मन की चिंताओं को अलग रखें।

**सिंह**
आज खर्चों पर ध्यान देने की जरूरत है। दोस्तों या परिवार के साथ बाहर जाने में खर्च बढ़ सकता है। क्या जरूरी है और क्या केवल मन की चाहत, इसमें अंतर समझें।

**कन्या**
आज बजट सही करने का दिन है, पर हर छोटी बात पर ज्यादा न उलझें। आज आपकी समझ और निर्णय क्षमता मजबूत रहेगी। दूसरों से छूटी छोटी बातें आप तुरंत पकड़ लेंगे, जिससे काम बेहतर होगा।

**तुला**
आज पैसों के मामले में सही तालमेल देंगे। लेन-देन या कागजी बातचीत में आपकी मीठी बोली फायदा कराएगी। दूसरों को दिखाने के लिए खर्च न करें।

**वृश्चिक**
आज पैसों के मामले में सावधानी जरूरी है। आप भविष्य की सुरक्षा और बचत पर ध्यान देंगे। किसी भी अस्पष्ट सौदे से दूर रहें। किसी भी कागज पर दस्तखत करने से पहले पूरी बात पढ़ लें।

**धनु**
आज पैसों को लेकर मन में उत्साह रहेगा। बड़ी योजनाएं बनाने का मन होगा। बिना सोचे जोखिम न लें। हर तरह के नतीजों को ध्यान में रखकर फैसला लेना ही समझदारी होगी।

**मकर**
आज पैसों के पुराने वादों और कर्जों की समीक्षा का दिन है। अस्थायी दबाव में आकर अपनी बचत की योजना न बदलें। आपकी पुरानी सोच आपको बड़े नुकसान से बचाकर रखेगी।

**कुंभ**
आज कमाई के नए विचार मन में आ सकते हैं। हर विचार पर तुरंत पैसा लगाना सही नहीं होगा। पहले जोखिम की जांच करें। किसी के दबाव में आकर किसी को पैसा उधार न दें।

**मीन**
आज का दिन पुरानी आदतों पर ध्यान देने को कह रहे हैं। बचत के पुराने तरीकों को सुधारें। रातों-रात लाभ कमाने के चक्कर में न पड़ें, धीरे-धीरे बढ़ाया गया कदम ही मजबूती देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### टीपीएस कॉलेज में एनसीसी का नामांकन सत्र संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी. पी. एस. कॉलेज, पटना में 123 बिहार बटालियन एनसीसी, राजेंद्र नगर के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु नए कैडेटों का नामांकन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर 123 बिहार बटालियन से सूबेदार नौलेश कुमार सिंह, हवलदार अनिल कुमार एवं हवलदार राजीव कुमार झा उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार




शांडिल्य ने कहा किएनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने चयनित कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए एनसीसी के उच्च आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। एनसीसी अधिकारी डॉ. सोनू प्रताप चौधरी ने बताया कि चयनित कैडेटों को नियमित प्रशिक्षण, सामुदायिक सेवा, साहसिक गतिविधियों तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास संभव हो सकेगा।

### एसडीपीओ ने किया भगवानगंज थाना का औचक निरीक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मसौढ़ी-1 राघव दयाल ने सोमवार को भगवानगंज थाना का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, वायरलेस, CCTNS प्रणाली और सिरिस्ता कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही थाने में लंबित कांडों के अनुसंधान की समीक्षा की और थाने की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों के संधारण की



जांच की।निरीक्षण के बाद एसडीपीओ ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान करने, निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनुसंधान पूरा करने और कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने को कहा। आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया।अपराध की रोकथाम और विधि-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए रात्रि गश्ती और वाहन जांच को और अधिक सख्त और प्रभावशाली बनाने का निर्देश दिया गया।

### तरेगना रेलवे स्टेशन पर अज्ञात युवक का शव बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर लगातार हो रही घटनाओं के बीच सोमवार को तारेगना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर पूछताछ केंद्र के पास एक अज्ञात युवक का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई,घटना के संबंध में तारेगना जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि पूछताछ केंद्र के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 30-35 वर्ष है और देखने से मजदूर जैसा प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि मजदूरी कर लौटने के दौरान ही उसकी मौत हुई है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस शव की पहचान करने और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता चल सकेगा।

### शिक्षक प्रतिनिधि चुनाव में डॉ. अजय कुमार निर्विरोध निर्वाचित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** द्वारकानाथ महाविद्यालय, मसौढ़ी में शिक्षक प्रतिनिधि निर्वाचन 2026-27 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। इसमें राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार निर्विरोध शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित हुए हैं। इस संबंध में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा कुलसचिव, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के माध्यम से सूचना भेजी गई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि कुलसचिव के पत्रांक के आलोक में बिहार विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 (यथा संशोधित) के दिशा-निर्देशों के तहत महाविद्यालय स्तर पर चुनाव दिनांक 21/09/2026 को कराया गया। चुनाव में डॉ. अजय कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।महाविद्यालय प्रशासन ने निर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि के नाम पर अनुमोदन के लिए विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेज दिया है।

### रेलवे ट्रैक के किनारे से अज्ञात शव बरामद

**पुनपुन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केवड़ा ओपी अंतर्गत जोलबिगहा सूर्य मंदिर के पास रेलवे ट्रैक के बगल में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि व्यक्ति की हत्या कर शव को ट्रैक किनारे फेंक दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही केवड़ा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच के लिए ऋछ टीम और डॉग स्क्वायड को सूचना दे दी है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विधि-व्यवस्था सामान्य है और मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### औंटा टाल जंक्शन पर युद्धस्तर पर इंटरलिंकिंग कार्य जारी

**20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक ट्रेनों के परिचालन पर असर**


**मोकामा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** औंटा टाल जंक्शन पर डाउन लाइन को काटकर मेन लाइन से इंटरलिंक करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। रेलवे की ओर से सीमित अवधि के लिए मिले ब्लॉक के दौरान सैकड़ों मजदूरों की टीम एक साथ जुटकर ट्रैक इंटरलिंकिंग और अन्य तकनीकी कार्यों को पूरा करने में लगी है।रेलवे परिचालन को सुगम और सुरक्षित बनाने



की दिशा में चल रहे इस कार्य के कारण क्षेत्र में ट्रेनों के परिचालन पर व्यापक असर पड़ा है। राजेंद्र सेतु पर प्री-एनआई और एनआई कार्य के चलते 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहने की जानकारी है। इस दौरान बड़ी संख्या में ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव और समय में परिवर्तन किया गया है।रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिहार में 300 से अधिक ट्रेन ट्रिप रद्द और 350 से अधिक ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए जाने का असर यात्रियों पर पड़ रहा है। औंटा टाल जंक्शन पर सीमित ब्लॉक में चल रहे कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए बड़ी संख्या में कर्मी और मजदूर लगातार काम कर रहे हैं।इसका सीधा असर हाथीदह, मोकामा, सिमरिया और बरौनी से सफर करने वाले यात्रियों पर पड़ सकता है।

### लहसुना पुलिस ने चलाया शराबबंदी के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने के लिए लहसुना थाना पुलिस अब गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में थाना क्षेत्र के घोरहुआ मुसहरी टोला में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष विक्रम कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुसहरी टोला में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच बैठक की और सरकार द्वारा लागू शराबबंदी कानून के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस ने लोगों को स्पष्ट रूप से कहा कि शराब पीना, बनाना, बेचना और भंडारण करना गंभीर अपराध है। पकड़े जाने पर जेल के साथ-साथ भारी जुर्माना भी लगेगा।



अभियान के दौरान पुलिस ने विशेष रूप से पिछड़े टोले-मोहल्लों और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदाय के लोगों को जागरूक किया। अक्सर देखा जाता है कि एजेंट और दलाल भोले-भाले लोगों को पैसों का लालच देकर अवैध शराब के धंधे में धकेल देते हैं। पुलिस ने ग्रामीणों को ऐसे दलालों और एजेंटों की बातों में न आने की सख्त हिदायत दी।थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित करें और उन्हें नशे से दूर रखें। यदि आपके आसपास कोई शराब बनाता या बेचता है तो तुरंत पुलिस को गुप्त सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# सांसद निधि से बने अस्पताल को वर्षों से डॉक्टर का इंतजार

## 10 हजार आबादी इलाज को मोहताज, दौलतपुर पंचायत में 20 सालों से स्वास्थ्य उपकेंद्र की है मांग

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एक तरफ सरकार हर पंचायत में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी तरफ मसौढ़ी प्रखंड का दौलतपुर पंचायत पिछले 20 वर्षों से एक अदद स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए तरस रहा है।.स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 20 वर्ष पूर्व सांसद निधि से दौलतपुर बाजार में स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए पक्का भवन बनाया गया था। ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी कि अब बीमार होने पर दूर नहीं जाना पड़ेगा। लेकिन भवन बनने के बाद आज तक उसमें ताला तक नहीं खुला। न डॉक्टर आए, न नर्स, न दवा। धीरे-धीरे यह भवन खंडहर में तब्दील





हो गया और अब लोग इसमें भूसा, लकड़ी रखते हैं और मवेशी बांधते हैं। दौलतपुर पंचायत मुख्यालय समेत आसपास के 20 गांवों की करीब 10 हजार की आबादी इस उपेक्षा की शिकार है। सर्दी-खांसी से लेकर प्रसव तक के लिए लोगों को 8 से 10 किलोमीटर दूर मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल जाना पड़ता है। रात में इमरजेंसी होने पर तो जान पर बन आती है। ग्रामीण रामबाबू यादव, सुरेश प्रसाद समेत कई लोगों ने बताया कि हमने कई बार सीएस, डीएम और विधायक-सांसद को लिखित आवेदन दिया। हर बार आश्वासन मिला, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं हुआ।ग्रामीणों का कहना है कि अगर दौलतपुर बाजार स्थित इस स्वास्थ्य उपकेंद्र को चालू कर दिया जाए तो दौलतपुर, समेत करीब 20 गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। छोटे-छोटे इलाज के लिए मसौढ़ी नहीं जाना पड़ेगा।लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जर्जर हो रहे भवन की मरम्मत कराकर जल्द से जल्द डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाए, ताकि 20 साल का इंतजार खत्म हो सके। हालांकि अब स्थानीय लोगों में गुस्सा भी पनपने लगा है। लोग स्थानीय प्रशासन पर सरकार पर विरोध प्रदर्शन भी करते नजर आ रहे हैं और अपनी मांग रख रहे हैं,जनमे अक्षय कुमार, वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार, महेश यादव, सरफराज आलम, जितेंद्र यादव, डॉ प्रेम कुमार, राकेश कुमार, मालती देवी, चंचल देवी, पार्वती देवी आदी शामिल रहे।

## पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय टेबल टेनिस महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता 2026 का आज भव्य शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में 21 एवं 22 सितंबर 2026 को किया जा रहा है। कार्यक्रम की विशेष अतिथि पापिया दत्ता गांधी, जो राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियन रह चुकी हैं, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के खेल समन्वयक डॉ. मुकेश कुमार, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. श्यामा रॉय तथा प्रो. प्रमांशी जयदेव ने छात्राओं के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका, अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में गंगा देवी महिला महाविद्यालय, जेडी विमेंस कॉलेज, अरविंद महिला कॉलेज, ए.एन. कॉलेज एवं आर.पी.एम. कॉलेज के खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह के पश्चात महिला एवं पुरुष वर्ग के टेबल टेनिस मुकाबले प्रारंभ हुए। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 22 सितंबर 2026 को भी विभिन्न मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन प्रतियोगिता का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय की खेल समिति की समन्वयक डॉ. मनीषा कुमारी के साथ डॉ. मंजरी शुक्ला, प्रो. प्रमांशी जयदेव, डॉ. ललित कुमार, डॉ. शशि अग्रवाल, डॉ. अभिक सिंह, डॉ. अश्वनी राज तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। साथ ही महाविद्यालय के खेल विभाग की प्रशिक्षक शाइस्ता प्रवीण एवं सभी छात्राओं का भी प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## तुलसी स्मृति समारोह में तुलसीदास के साहित्य और लोकमंगल दृष्टि का स्मरण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संभावना चैरिटेबल ट्रस्ट, बाढ़ के तत्वावधान में रविवार को संभावना वाटिका, ढेलवागोसाईं रोड, बाढ़ में गोस्वामी तुलसीदास की 529वीं जयंती के उपलक्ष्य में तुलसी स्मृति समारोह-2026 का आयोजन किया गया। समारोह में तुलसीदास के साहित्य, भक्ति-भावना, लोकमंगल की दृष्टि तथा सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना में उनके योगदान का स्मरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यसेवी जीतेन्द्र चैतन्य ने किया, जबकि 'संभावना सुरभि' के संपादक अमित कुमार ने स्वागत भाषण दिया। समारोह की अध्यक्षता प्रो. डॉ. मुचकुंद शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. नरेंद्र दूबे, पूर्व प्राचार्य, एएनएस कॉलेज, बाढ़ उपस्थित रहे। शशि भूषण प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। वक्ताओं ने तुलसीदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'रामचरितमानस' भारतीय लोकजीवन, नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदना को गहराई से प्रभावित करने वाली कालजयी कृति है।

**मरांची में मवेशी कारोबारी हत्याकांड में नया मोड़**

## चश्मदीद बताए जा रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत, हादसा या हत्या

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मरांची थाना क्षेत्र में मवेशी कारोबारी रामप्रवेश सिंह की हत्या के मामले में रविवार को दो शव मिलने से सनसनी फैल गई। एक ओर पुलिस ने सिक्स लेन ब्रिज के समीप झाड़ियों से रामप्रवेश सिंह का शव बरामद किया, वहीं दूसरी ओर मराँची गांव के समीप रेलवे पटरी किनारे रंजीत कुमार का क्षत-विक्षत शव मिला। रंजीत कुमार को पुलिस के अनुसार रामप्रवेश सिंह हत्याकांड में अप्राथमिक अभियुक्त बताया जा रहा था और वह मामले से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी रखने वाला व्यक्ति था। पुलिस प्रथम दृष्टया रंजीत की मौत को रेल दुर्घटना मान रही है। हालांकि, रामप्रवेश सिंह की हत्या और रंजीत कुमार की मौत एक ही दिन सामने आने से पूरे मामले को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। हत्या के मामले से जुड़े व्यक्ति की अचानक ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की परिस्थितियों की जांच को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों में भी संदेह है। बताया गया कि रंजीत कुमार की जेब से एक मोबाइल फोन मिला, जिसमें सिम कार्ड नहीं था। उसके पास लखीसराय से मोकामा का रेलवे टिकट भी बरामद हुआ है। टिकट पर अंकित समय और अन्य विवरण को देखते हुए पुलिस के लिए यह महत्वपूर्ण साक्ष्य हो सकता है।रंजीत के परिजनों का आरोप है कि रामप्रवेश सिंह के साथ हुई कथित घटना के दौरान रंजीत को भी आरोपियों ने अपने कब्जे में लेकर मारपीट की थी। परिजनों के अनुसार, रंजीत सूर्यगढ़ा से पंचमहला थाना में सरेंडर करने के लिए आ रहा था। इसी दौरान ट्रेन से गिरने की बात सामने आई है।मामले में यह भी सवाल उठ रहा है कि रंजीत ने लखीसराय रेलवे स्टेशन से टिकट कब और किस परिस्थिति में लिया था। पुलिस यदि टिकट के समय का मिलान स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज से करती है, तो इससे रंजीत की आखिरी गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है।फिलहाल पुलिस दोनों घटनाओं के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। रंजीत कुमार की मौत हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य वजह, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। रामप्रवेश सिंह हत्याकांड और रंजीत की मौत के बीच कोई संबंध है या नहीं, इसे लेकर भी पुलिस की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

> **पुलिस दोनों घटनाओं के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। रंजीत कुमार की मौत है या हादसा**

## दो दिवसीय बिहार-झारखंड राज्य स्तरीय एनएसएस कन्वेंशन-2026 का शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, पटना एवं ए.एन. कॉलेज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कॉलेज के सत्येन्द्र नारायण सिन्हा सभागार में दो दिवसीय बिहार-झारखंड राज्य स्तरीय एनएसएस कन्वेंशन-2026 का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में दोनों राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के एनएसएस समन्वयक, कार्यक्रम पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों सहित करीब 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. रत्ना अमृत ने कहा कि 'मैं नहीं, आप' का भाव युवाओं में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने ए.एन. कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए गए गांवों में संचालित स्वच्छता, रक्तदान, वृक्षारोपण, मतदाता जागरूकता एवं महिला सशक्तीकरण कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि स्वच्छता को सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जन-आंदोलन का रूप देना होगा। इस दिशा में एनएसएस के युवा स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अबु बकर रिजवी ने कहा कि एनएसएस युवाओं को समाज के वास्तविक प्रश्नों से जोड़ते हुए उनमें सेवा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करता है। कार्यक्रम में राज्य निदेशक श्री कपिल देव राम तथा श्री विकास कुमार, आईएएस, निदेशक, युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार ने भी युवाओं के कौशल विकास, रोजगार और सामाजिक सहभागिता से जुड़े विषयों पर विचार रखे।




## बागवानी क्षेत्र में अधिक आय एवं रोजगार की संभावना पर एक दिवसीय कार्यशाला

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, पटना एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के उप निदेशक डा. राज पांडे, डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, पटना एवं प्रगतिशील कृषकों के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। केन्द्र की प्रधान डा. रीता सिंह ने कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया साथ ही साथ समेकित कृषि प्रणाली को अपनाने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में बागवानी फसलों के उत्पादन एवं कटाई उपरांत प्रबंधन के माध्यम से वाणिज्यिक बागवानी का विकास, फलों की खुले क्षेत्रों में खेती, बटन मशरूम उत्पादन, टिशू कल्चर ईकाइ की स्थापना, उच्च मूल्य वाली सब्जियों व फूलों की संरक्षित खेती, कोल्ड स्टोरेज निर्माण, विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए पूंजी निवेश अनुदान योजना पर राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की किसानों के लिए वितीय एवं तकनीकी सहायता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में किसानों को परियोजना विकसित करने, अनुदान योग्य परियोजना प्रस्ताव तैयार करना आदि विशयों पर भी किसानों को जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में केन्द्रिय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ के प्रधान वैज्ञानिक डा. संजय कुमार सिंह ने किसानों से अमरूद, जामुन, बेल, आंवला, करौंदा के साथ अन्य अल्पदोहीत फलों के प्रयोग करते हुए जैव विविधता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने किसानों से बिहार राज्य जैव विविधता परिषद, पटना से जुड़कर जैव विविधता का संरक्षण में शामिल होने का अवाहन किया।




## अति पिछड़ा वर्ग चेतना मंच की बैठक में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान पर जोर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अति पिछड़ा वर्ग चेतना मंच की संगठनात्मक बैठक रविवार को जिला बाढ़ में जिला महामंत्री कन्हैया कुमार चंद्रवंशी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाने और युवाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पप्पू कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि दहेज प्रथा और नशाखोरी जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक करना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने शिक्षित और संगठित समाज के निर्माण पर जोर दिया। राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष प्रसाद चंद्रवंशी ने संगठन की गतिविधियों और समाज के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम सिंह का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा समाज को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेना होगा।

## नशामुक्ति जागरूकता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलीं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रीति शेखर

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोकामा नगर परिषद क्षेत्र स्थित रामरतन सिंह महाविद्यालय के सभागार में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नशामुक्ति जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला मंत्री एवं संयोजक संजीव कुमार मंगलम के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रीति शेखर ने कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त व्यक्ति ही स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ नेता मनोज मोलदियार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।वहीं, मोकामा प्रवास के दौरान डॉ. प्रीति शेखर ने पार्टी के पुराने एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। मोकामा पूर्वी मंडल के अंतर्गत मरांची निवासी एवं जनसंघ काल के संस्थापक सदस्य बिपिन सिंह के पैतृक गांव पहुंचकर उन्होंने 'वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान संपर्क योजना' के तहत उनसे मुलाकात की।मंडल अध्यक्ष अविनाश कुमार चंदन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभव और मार्गदर्शन के आधार पर संगठन को और मजबूत बनाने को लेकर चर्चा हुई।



## हर जरूरत के लिए बैंकिंग सुविधाएं : आर. माधवन ब्रांड एंबेसडर

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार और झारखंड, सितंबर, 2026: बैंकिंग की जरूरतें हर ग्राहक की अलग होती हैं। किसी को बचत और जमा की सुविधा चाहिए, तो किसी को लोन, बिजनेस बैंकिंग या निवेश से जुड़ी सेवाएँ। इसी को ध्यान में रखते हुए, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने 'नथिंग स्मॉल अबाउट अस' नाम से नया ब्रांड कैंपेन शुरू किया है। इसके साथ अभिनेता और पद्मश्री से सम्मानित आर. माधवन को बैंक का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। लक्ष्मण वेलायुथम, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, ने कहा, हमने पाया कि नाम में 'स्मॉल' होने से कभी-कभी लोगों को लगता है कि हमारे प्रोडक्ट्स, लोन या सेवाएँ सीमित हैं। इस कैंपेन के जरिए हम बताना चाहते हैं कि आज उज्जीवन के पास अलग-अलग वित्तीय जरूरतों के लिए कई तरह की बैंकिंग सेवाएं और बड़ी पहुंच है। आर. माधवन की सादगी और भरोसेमंद पहचान इस संदेश को लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगी। आर. माधवन ने कहा, उज्जीवन से जुड़ने से पहले मैंने बैंक और उसकी यात्रा के बारे में जाना। जो कुछ मैंने जाना, उससे मुझे खुशी हुई और इस बैंक के साथ जुड़ने का विश्वास मिला। मेरा विश्वास कीजिए, उनके बारे में कुछ भी छोटा नहीं है। कैंपेन 'स्मॉल' शब्द से जुड़ी उस सोच पर बात करता है, जिसमें बैंक का नाम सुनकर लोगों को लग सकता है कि यहाँ सिर्फ छोटी रकम की जरूरतें पूरी होती हैं या सेवाएं सीमित हैं।

## हाथीदह रेलवे अंडरपास और महेंद्रपुर के पास सड़क बनी जानलेवा

**हाथीदह रेलवे अंडरपास में गड्ढे और जलजमाव से राहगीर परेशान, हर साल बनती है सड़क, मरम्मत के कुछ दिन बाद फिर टूट जाती है**

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनएच-80 पर सफर करना इन दिनों राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा साबित हो रहा है। खासकर हाथीदह रेलवे अंडरपास और महेंद्रपुर के पास सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और जलजमाव के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।हल्की बारिश होते ही अंडरपास के आसपास की सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। इससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। महेंद्रपुर के समीप सड़क का नामोनिशान तक मिट चुका है और सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील नजर आ रही है।स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक एनएच-80 पर हर साल सड़क निर्माण और मरम्मत का काम कराया जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद सड़क फिर टूटने लगती है। लोगों का कहना है कि एनएच-80 टोल रोड है और गुजरने वाले वाहनों से नियमित रूप से टोल टैक्स वसूला जाता है, इसके बावजूद सड़क के रखरखाव की स्थिति बेहद खराब है।स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का आरोप है कि भारी-भरकम टोल टैक्स देने के बावजूद उन्हें सुरक्षित सड़क की सुविधा नहीं मिल रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित एनएच विभाग से हाथीदह रेलवे अंडरपास तथा महेंद्रपुर के पास सड़क की स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है।लोगों का कहना है कि सिर्फ खानापूर्ति के लिए की जाने वाली मरम्मत से समस्या का समाधान नहीं होगा। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था और मजबूत सड़क निर्माण जरूरी है, ताकि बारिश के दौरान जलजमाव और गड्ढों की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो।



CMYK

# बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की जिला पदाधिकारी द्वारा सतत समीक्षा

**जलस्तर में कमी के साथ सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में कार्रवाई तेज**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में बाढ़ की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है तथा जलस्तर में निरंतर कमी दर्ज की जा रही है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा प्रभावित परिवारों तक राहत एवं आवश्यक सहायता पहुंचाने की कार्रवाई जारी है। जलस्तर में कमी के साथ प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।वर्तमान में जिले के 32 पंचायत, 02 नगर निकाय, 93 गांव एवं 12 वार्ड बाढ़ से प्रभावित हैं। इन क्षेत्रों में कुल 2,98,800 की आबादी प्रभावित हुई है। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए आवश्यकता के अनुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन एवं राहत कार्यों के लिए वर्तमान में 11 नावों का परिचालन किया जा रहा है। जलस्तर में कमी के बावजूद आवश्यकता वाले क्षेत्रों में नावों का परिचालन जारी रखा गया है। प्रभावित परिवारों के बीच अब तक 48,505 पॉलिथीन शीट तथा 19,684 ड्राई राशन पैकेट वितरित किए जा चुके हैं।जिला पदाधिकारी ने बाढ़-2026 से प्रभावित वैसे नागरिकों, जिनका नाम अभी तक ऋ्क्ष वितरण सूची में शामिल नहीं हो पाया है, से अपील की है कि वे अपने संबंधित अंचलाधिकारी से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन/दावा प्रस्तुत करें, ताकि पात्रता के अनुसार उनका नाम ऋ्क्ष वितरण सूची में शामिल करने की कार्रवाई की जा सके।इसके लिए आवेदक का स्व-प्रमाणित पहचान पत्र, पति/पत्नी का पहचान पत्र, सभी बच्चों के पहचान पत्र, बैंक खाता/पासबुक की छायाप्रति, बैंक खाते के लिंक होने का प्रमाण/विवरण तथा आवश्यक सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदन संबंधित अंचल कार्यालय में स्वयं अथवा परिवार के अधिकृत सदस्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है।जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से स्पष्ट अपील की है कि जीआर वितरण सूची में नाम जोड़ने अथवा राहत राशि दिलाने के नाम पर किसी भी बिचौलिये या अन्य व्यक्ति को पैसा, कमीशन अथवा किसी प्रकार की राशि नहीं दें। इसके लिए केवल संबंधित अंचल कार्यालय अथवा अधिकृत पदाधिकारियों से ही संपर्क करें। किसी व्यक्ति द्वारा राशि की मांग किए जाने पर तत्काल संबंधित पदाधिकारी को इसकी सूचना दें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए वर्तमान में 04 स्वास्थ्य शिविर संचालित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से अब तक 22,923 मरीजों का उपचार किया जा चुका है। जलजनित बीमारियों एवं संक्रमण की रोकथाम के लिए अब तक 7,905 किलोग्राम ब्लीचिंग पाउडर वितरित/उपलब्ध कराया गया है। आपातकालीन स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए 5,000 मेडिकल किट उपलब्ध कराई गई हैं तथा 17,546 हैलोजन टैबलेट वितरित की गई हैं।

## जनगणना 2027 के आंकड़ों को त्रुटिरहित करते हुए जारी होगा जिला हस्तपुस्तिका : जिला सांख्यिकी पदाधिकारी



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय अंतर्गत अवस्थित डॉ. राधाकृष्ण भवन में जिले के सभी चार्ज अधिकारियों के साथ जिला हस्त पुस्तिका निर्माण कार्य को लेकर समीक्षात्मक बैठक अवधेश कुमार श्रीवास्तव, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि जिले के आंकड़े त्रुटिरहित जारी किये जाएंगे।भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत राज्य के सभी जिलों में जिला जनगणना पुस्तिका का संकलन कार्य प्रगति पर है। प्रारंभिक जांच के दौरान कुछ चार्ज में निम्नलिखित विसंगतियां पायी गयी हैं। जैसे - 2011 में आबाद ग्राम को 2027 में गैर-आबाद दर्शाना, आबाद ग्राम में परिवार संख्या शून्य दर्शाना, बेचिरागी ग्राम में परिवार संख्या अंकित करना, ग्राम का Status Null दर्शाना, सरकारी प्री-प्राइमरी स्कूल का गलत अंकन, क्षेत्रफल/ सिंचित भूमि को शून्य दर्शाना, Non Agriculture Area का गलत आकलन, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल स्रोत (नदी /तालाब) और स्वच्छ भारत मिशन का गलत अंकन आदि। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि आंकड़ों की शुद्धता पर विशेष ध्यान रखें। साथ ही सभी चार्ज को निर्देश दिया कि त्रुटिरहित एवं अद्यतन आंकड़े 3 दिनों के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। चार्ज अंतर्गत किसी भी प्रकार की विसंगति बरकरार रहने पर संबंधित चार्ज की जवाबदेही तय की जायेगी। मौके पर निदेशालय के नोडल अधिकारी शकील अहमद, कोषांग के प्रधान सहायक गोपाल जी मिश्रा, प्रबंधन कोषांग से अमरेश कुमार, कमलेश कुमार सिंह, वशीम परवेज, अभिजीत कुमार, कुणाल चौबे, आदि उपस्थित थे।

**संक्षिप्त समाचार**

## परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की बेरहमी से पिटाई

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेड़ा +2 उच्च विद्यालय में परीक्षा देकर लौट रहे छात्र के साथ मारपीट कर जख्मी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता अभय राज, पिता कृष्णा प्रसाद, ग्राम-पोस्ट पभेड़ा ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।आवेदन के अनुसार अश्विन राज उम्र 16 वर्ष +2 विद्यालय पभेड़ा में परीक्षा देने गया था। परीक्षा देकर लौटने के क्रम में विद्यालय प्रांगण में ही विरु कुमार उम्र 40 वर्ष पिता अवधेश चौरसिया, आयुष कुमार उम्र 16 वर्ष पिता विरु कुमार और अंकित कुमार उम्र 16 वर्ष पिता संतोष कुमार, सभी पभेड़ा निवासी ने उसे रोककर गाली-गलौज करते हुए रॉड, डंडे और बेल्ट से बुरी तरह मारने-पीटने लगे।गंभीर चोट के कारण छात्र का सिर फट गया और शरीर जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने बेहोशी की हालत में किसी तरह उसे बचाया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को देकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनरूआ में इलाज कराया।इस संबंध में धनरूआ थाना में कांड संख्या 661/26 दर्ज कर एसआई नवीन कुमार मामले की जांच कर रहे हैं।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी में मैट्रिक परीक्षा की तैयारी को लेकर अभ्यास परीक्षा शुरू

**महुदा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली मैट्रिक परीक्षा की तैयारी को लेकर शिक्षा विभाग, धनबाद के निर्देश पर सोमवार उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी में अभ्यास परीक्षा शुरू हो गयी है। परीक्षा का आयोजन 21 से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। सोमवार को



परीक्षा के पहले दिन गणित विषय की परीक्षा ली गयी। इस संबंध में संकुल मध्य विद्यालय कांड्रा के सीआरपी बहादुर महतो ने बताया कि अभ्यास परीक्षा के आयोजन से छात्र-छात्राओं को मैट्रिक परीक्षा के वातावरण से परिचित होने का अवसर मिलता है। इससे उनमें परीक्षा के प्रति रुचि बढ़ने के साथ आत्मविश्वास का भी विकास होता है। साथ ही विद्यालय में परीक्षा की तैयारी के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार होता है। अभ्यास परीक्षा का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक रागिनी कुमारी की देखरेख में किया गया। परीक्षा को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने में सहायक शिक्षक मोहतरम उस्मानी, प्रिया कुमारी एवं कुमारी जागृति समेत अन्य शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## मसौढ़ी मेन रोड में लगे सीसीटीवी कैमरे को असामाजिक तत्वों ने तोड़ा


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मसौढ़ी शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को असामाजिक तत्व निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला मसौढ़ी मेन रोड स्थित बर्तन गली मोड़ के पास का है, जहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाया गया सीसीटीवी कैमरा अज्ञात असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। घटना के पीछे क्या कारण है और किस मंशा से इस वारदात को अंजाम दिया गया है,



इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगाए गए हैं, इन्हें तोड़ना कहीं न कहीं गलत नीयत को दर्शाता है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस आसपास लगे अन्य कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

## राहुल सांकृत्यायन की दो कालजयी कृतियों पर विशेष पुस्तक परिचर्चा एवं गोष्ठी का आयोजन

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महापंडित राहुल सांकृत्यायन की अनमोल साहित्यिक एवं वैचारिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से आगामी 27 सितंबर रविवार को विशेष पुस्तक परिचर्चा एवं गोष्ठी का आयोजन स्व0 लाला सिंह स्मृति मंच,मसाढ़ी में होगी। उक्त जानकारी हिंदी विकास मंच, सरथुआ, दनियावां के अध्यक्ष, उप शाखा रेलवे क्रॉसिंग से दक्षिण लक्ष्मी निवास, योगीपुर रोड के समीप हरियाली युक्त प्रांगण में प्रकृति का दीदार करते हुए साहित्यकार व प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार नयन ने दी है। उन्होंने बताया कि इस गोष्ठी में महापंडित राहुल सांकृत्यायन की दो महत्वपूर्ण कालजयी कृतियां '22वीं सदी' और 'भागो नहीं, दुनिया को बदलो'



पर दो अलग-अलग सत्रों में विशेष रूप से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया जाएगा। राहुल जी ने साहित्य को केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं माना, बल्कि उसे विचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक चेतना, यात्रा और परिवर्तन से जोड़ा। उनकी रचनाओं में भविष्य के समाज की कल्पना से लेकर वर्तमान सामाजिक व्यवस्था को समझने और उसे बेहतर बनाने की प्रेरणा दिखाई देती है। डॉ. नयन ने सभी साहित्य प्रेमियों से आह्वान किया है कि आइए, राहुल सांकृत्यायन की पुस्तकों को केवल पढ़ें ही नहीं, बल्कि उनके विचारों को जानें, समझें और उन पर संवाद करें।मौके पर सचिव नीतू नयन,विहान पारिजात,अविरल नयन,शिवानी श्री,दीपशिखा, वार्ड 11 के पार्षद शम्भू कुमार(अधिवक्ता),साकेत कुमार,चांदनी कुमारी(महराजगंज),रिकी कुमार(पार्थु) व छात्र संघ श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय के पाटलिपुत्र प्रभाग के अध्यक्ष आशिष कुमार पटेल,रामदयाल पासवान भी उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब वैदेही एवं लीयो क्लब सीवान का संयुक्त 12वां वार्षिकोत्सव समारोह




**सीबान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस क्लब, लायंस क्लब वैदेही एवं लीयो क्लब सीवान का संयुक्त 12वां वार्षिकोत्सव समारोह उमेद पैलेस, पचरूखी (सीवान) में घूम-धाम से सम्पन्न हुआ। इसमें मोतिहारी, मुजफ्फरपुर,पटना, छपरा, गोपालगंज आदि जिलों के लायंस पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रंगमंच के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान कर सीवान का गौरव बढ़ाने हेतु लायंस क्लब सीवान द्वारा लायन वाहिद और लायन डॉ. ब्रजेश की स्मृति में दिया जाने वाला अवार्ड 'सद् भावना एवार्ड-2026' से प्रगतिशील लेखक संघ, सीवान एवं पीपुल्स कल्चरल स्क्वॉयड, सीवान के सचिव प्रसिद्ध रंगकर्मी अनिल कुमार श्रीवास्तव को समारोह की मुख्य अतिथि-डिस्ट्रीक गवर्नर लायन श्रीमती संगीता नन्दा ने मोमेंटो एवं बीस हजार रुपए देकर सम्मानित किया। रंगकर्मी अनिल कुमार श्रीवास्तव रंगमंच के अतिरिक्त टी.वी. सीरियल, वृत्त-चित्र एवं भोजपुरी तथा हिन्दी फिल्मों में भी उत्कृष्ट अभिनय कर सीवान का मान बढ़ाया है। इन्हें अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर भिखारी ठाकुर सम्मान' से सम्मानित किया जा चुका है। अनिल कुमार श्रीवास्तव के सम्मान से जिले के तमाम रंगकर्मियों, साहित्यकारों, एवं गणमान्य नागरिकों में खुशी का वातावरण बना हुआ है।

## बच्चों के शिक्षा के अधिकार एवं आरटीई अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चम्पारण, के सचिव नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में शिक्षा इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के शिक्षा के अधिकार, आरटीई अधिनियम तथा संबंधित न्यायिक निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में बिमलेश कुमार,अपर न्यायाधीश - सह - अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अरेराज, जिला शिक्षा पदाधिकारी के प्रतिनिधि, वीरमणि कुमार, सहायक प्राध्यापक (विधि), मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय, मोतिहारी तथा राज कुमार चौधरी, प्रधानाचार्य, मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय, मोतिहारी ने भाग लिया।बैठक में सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21अ के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(C) के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए निजी गैर-सहायता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश स्तर पर कम-से-कम 25 प्रतिशत सीटों का प्रावधान है।

# निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने अस्पताल परिसर में किया हंगामा

**निजी अस्पताल के संचालक व कर्मी के विरुद्ध थाने में केस दर्ज, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस**




**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बाजार स्थित एकमा के ताजपुर रोड में एक निजी अस्पताल में रविवार की देर रात इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। हंगामे की सूचना मिलते ही सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 एकमा प्रेमचंद सिंह एवं एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस पदाधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद एकमा थाना पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया। मृतका की पहचान बनियापुर थाना क्षेत्र के भूमिहारा गांव निवासी पवन कुमार की पत्नी आरती कुमारी (30) के रूप में हुई है। बताया गया कि आरती कुमारी का मायका मांझी थाना क्षेत्र के सालीम पट्टी गांव में है। मामले में मृतका के पति पवन कुमार सहित अन्य परिजनों ने निजी अस्पताल के संचालक एवं कर्मियों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मृतका के पति पवन कुमार ने एकमा थाना में निजी अस्पताल के संचालक एवं कर्मियों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर संबंधित अस्पताल संचालक एवं कर्मियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 एकमा प्रेमचंद सिंह ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कर्मा पूजा पूर्व दो हादसे: पोखर में डूबने से 11 वर्षीय बच्ची की मौत

**गंगा में स्नान के दौरान बच्चा लापता**



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कर्मा पूजा के उल्लास के बीच मोकामा और घोसवरी इलाके में डूबने की दो अलग-अलग घटनाओं से मातम पसर गया। घोसवारी प्रखंड के सम्यागढ़ थाना क्षेत्र के मिल्की गांव में पोखर में स्नान करने गई 11 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गई। वहीं, मोकामा थाना क्षेत्र के तपस्वी गंगा घाट पर स्नान करने के दौरान एक बच्चा गहरे पानी में डूबकर लापता हो गया।मिल्की गांव निवासी नीतीश कुमार की 11 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी कर्मा पूजा के अवसर पर अपनी सहेलियों के साथ गांव के समीप स्थित पैन (पोखर) में स्नान करने गई थी। स्नान के दौरान शिवानी और उसकी एक सहेली गहरे पानी में चली गईं। बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पोखर में उतरकर काफी तलाश के बाद शिवानी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही सम्यागढ़ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पर्व के दिन हुई इस घटना से मिल्की गांव में मातम पसरा हुआ है।

**तपस्वी गंगा घाट पर बच्चा लापता**

दूसरी घटना मोकामा थाना क्षेत्र के तपस्वी गंगा घाट की है। यहां कौवाभोग निवासी आदित्य कुमार अपने दो दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने पहुंचा था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया।

## भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण की अष्टधातु मूर्तियां चोरी

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महाबलीपुर ओपी क्षेत्र के करकट बीघा गांव स्थित राम-जानकी ठाकुरबाड़ी से चोरों ने बीती रात भगवान श्रीराम, माता जानकी और भ्राता लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी कर लीं। चोरों ने गर्भगृह के दरवाजे में लगे ग्रिल का ताला काटकर घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी सोमवार की सुबह मठ में मौजूद लोगों के जागने के बाद हुई। मिली जानकारी के अनुसार, करकट बीघा स्थित राम-जानकी ठाकुरबाड़ी में भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण की मूर्तियां गर्भगृह में स्थापित थीं। रविवार की रात मठ परिसर में कुछ लोग सोए हुए थे। इसके बावजूद चोरों ने रात में किसी समय ग्रिल का ताला काटकर गर्भगृह में प्रवेश किया और तीनों मूर्तियां लेकर फरार हो गए। सुबह जब मठ में मौजूद लोग उठे तो गर्भगृह के बाहर ग्रिल का कटा हुआ ताला पड़ा देखा।

## 15 वर्षों से जर्जर महेंद्रनाथ स्टेशन रोड निर्माण के लिए मुखिया की हो रही प्रशंसा

**आठ लाख रुपए की लागत से बन रही पीसीसी सड़क, लोगों में खुशी ● मुखिया रीता देवी की हो रही प्रशंसा**



**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 15 वर्षों से जर्जर महेंद्रनाथ स्टेशन रोड का निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में खुशी है। सड़क की पीसीसी ढ़लाई के कारण इस सड़क से लोगों को आवागमन में फिलहाल कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।पर सड़क की पीसीसी ढ़लाई निर्माण कार्य शुरू होने के बाद रसूलपुर पंचायत की मुखिया रीता देवी की सराहना की जा रही है। मुखिया पति व प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद ने बताया कि प्रथम चरण में फिलहाल छपरा सिवान एनएच से अनुरागी ब्रह्म स्थान तक यह कार्य हो रहा है जो उनके रसूलपुर पंचायत की सीमा तक है।करीब 400 मीटर लम्बी स्टेशन रोड में 200 मीटर का पीसीसी कार्य एक सप्ताह के अंदर पुरा हो जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश ने बताया कि निर्माण कार्य पंद्रहवीं वित्त आयोग की योजना से हो रहा है।जिस पर करीब आठ लाख रुपए खर्च हो रहा है।इस स्टेशन रोड के बनने से केवल रसूलपुर पंचायत ही नहीं बल्कि छपरा ,सिवान , गोपालगंज सहित सूबे के सीमावर्ती देवरिया, गोरखपुर आदि जिलों से आनेवाले बाबा महेंद्रनाथ धाम के हजारों श्रद्धालुओं को लाभ होगा।

# दिल में छेद से पीड़ित वैशाली के दो बच्चे सर्जरी के लिए पटना रेफर




**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत संचालित मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहे मासूमों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसी कड़ी में सोमवार को वैशाली जिले के दो गंभीर रूप से पीड़ित बच्चों को बेहतर इलाज के लिए 102 एंबुलेंस से इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान (आईजीआईसी), पटना भेजा गया। दोनों बच्चे दिल में छेद (कंजेनिटल हार्ट डिजीज) की समस्या से जूझ रहे हैं। अस्पताल में भर्ती होने के बाद 23 और 24 सितम्बर को डॉक्टरों की विशेष टीम द्वारा इनकी डिवाइस क्लोजर सर्जरी की जाएगी।

**हर जरूरतमंद बच्चे तक पहुंचेगा योजना का लाभ : डीएम**

जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में जिले में बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सघन अनुश्रवण किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि जिले का कोई भी मासूम आर्थिक तंगी या जानकारी के अभाव में इलाज से वंचित न रहे। स्वास्थ्य विभाग और आरबीएसके टीम को निर्देश दिया गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाएं, ताकि समय रहते हृदय रोग से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उन्हें उच्च संस्थानों में निशुल्क और समुचित उपचार दिलाया जा सके। डीएम वर्षा सिंह के सतत पर्यवेक्षण का ही परिणाम है कि जिले में लगातार पीड़ित बच्चों को चिन्हित कर समय पर विशेषज्ञ अस्पतालों में भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, वैशाली जिले में इस योजना के जरिए अब तक 200 से अधिक बच्चों का सफल उपचार कराया जा चुका है। इनमें डिवाइस क्लोजर और ओपन हार्ट सर्जरी के साथ-साथ कई जटिल मामलों का चिकित्सकीय प्रबंधन शामिल है। सर्जरी के बाद भी विभाग लगातार बच्चों का फॉलोअप कर उनके स्वास्थ्य की निगरानी करता है, जिसके बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। सिविल सर्जन डॉ. आर. के. साहू ने बताया कि जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को नया जीवन देने में यह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। वहीं, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. कुमार मनोज ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण जो परिवार निजी अस्पतालों में लाखों का खर्च वहन करने में असमर्थ थे, उनके लिए यह योजना नई किरण बनकर उभरी है। इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में ज्यादा बच्चों को चिन्हित कर पूरी तरह निःशुल्क उपचार कराया गया है। आरबीएसके की जिला समन्वयक डॉ. शाइस्ता ने बताया कि मोबाइल मेडिकल टीम गांव-गांव जाकर स्क्रीनिंग कर रही है, ताकि समय रहते पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें जिला स्वास्थ्य समिति के माध्यम से निशुल्क इलाज दिलाया जा सके।

## मोकामा में टॉप-10 अपराधियों में शामिल रोहित कुमार गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के टॉप-10 अपराधियों में शामिल रोहित कुमार को पुलिस ने सोमवार देर शाम धौरानी टोला से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी को सादे लिबास में पहुंची टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा। कार्रवाई मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में अवर निरीक्षक सुनील कुमार की टीम ने की।थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान संकरवार टोला निवासी मुन्ना सिंह के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, रोहित कुमार मोकामा थाने में दर्ज दो एनडीपीएस मामलों में फरार चल रहा था। पुलिस उसे मोकामा क्षेत्र में सूखा नशा के कारोबार से जुड़े प्रमुख आरोपियों में मान रही है।पुलिस के अनुसार, रोहित कुमार के खिलाफ मोकामा थाने में पशु क्रूरता, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत करीब 14 मामले दर्ज हैं।

## सशक्त स्थायी समिति की बैठक में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय




**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद हाजीपुर की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में शहरवासियों से जुड़े आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सार्वजनिक सुविधाओं के संबंध में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक निर्णय लिए गए।

**प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को शीघ्र भुगतान का निर्णय**

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्णय लिया गया कि योजना के प्रथम, 0.1 एवं 0.2 से संबंधित सभी पात्र आवेदकों/लाभुकों का भुगतान यथाशीघ्र कराया जाए। इसके लिए संबंधित विभाग को आवश्यक पत्र नगर परिषद के माध्यम से भेजने का निर्णय लिया गया, ताकि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ समय पर मिल सके।

**सभी वार्डों में फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा का छिड़काव**

मानसून के बाद मच्छरों के प्रकोप एवं उससे होने वाली बीमारियों की रोकथाम को लेकर भी बैठक में विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में नियमित रूप से फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा दवा का छिड़काव कराया जाए। इस कार्य को प्रभावी बनाने के लिए सभी माननीय वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित कर गली-मोहल्लों एवं इंटीरियर क्षेत्रों तक फॉगिंग और एंटी-लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी क्षेत्र में मच्छरजनित बीमारियों का खतरा न रहे।

**सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव पर भी निर्णय**

बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के सभी सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। जिन सार्वजनिक शौचालयों का सैरात बंदोबस्ती हो चुका है, उनके संबंधित टेंडरधारियों को आवश्यक पत्र भेजकर मरम्मती एवं रखरखाव का कार्य कराने का निर्देश देने का निर्णय लिया गया। वहीं, जिन सार्वजनिक शौचालयों का टेंडर नहीं हुआ है, उनकी साफ-सफाई, मरम्मती एवं नियमित देखरेख नगर परिषद द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में लिए गए इन निर्णयों का उद्देश्य शहर में जनसुविधाओं को बेहतर बनाना, मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम करना तथा आम नागरिकों को स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है।

CMYK

# कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकली समर्पण दीप स्वर्वेद संदेश यात्रा पहुंची औरंगाबाद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा।** अंबा प्रखंड अंतर्गत देमुहान सड़सा सूर्य मंदिर परिसर में सोमवार को सुपूज्य संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकली समर्पण दीप स्वर्वेद संदेश यात्रा औरंगाबाद पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर विहंगम योग से जुड़े श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बिहार प्रांत के अध्यक्ष युवा संत समाज सह कार्यवाहक महामंत्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि 'समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा बिहार के विभिन्न जिलों से होते हुए सोमवार को देमुहान सड़सा सूर्य मंदिर की पावन भूमि पर पहुंची जहां बिहार का यात्रा औरंगाबाद में सम्पन्न हुई, इसके बाद उड़ीसा के लिए यात्रा रवाना होगी।संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मानवीय चेतना की सार्थक दिशा तथा पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के गूढ़ मर्म को सहज रुप में समझाया। उन्होंने आत्मिक उन्नति एवं परम पुरुषार्थ की दिशा में आगे बढ़ने के लिए साधना और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उनकी दिव्य वाणी से श्रद्धालु भाव-विभोर हुए। राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित वैदिक पुरोहित आचार्य मयंक शास्त्री ने बताया कि यात्रा की सार्थक परिणति सेवा-संकल्प के रुप में हुई। 14 एवं 15 दिसंबर 2026 को स्वर्वेद महामंदिर धाम, वाराणसी में वार्षिक उत्सव के अवसर पर 25 हजार कुंडीय विश्वशांति वैदिक महायज्ञ आयोजित होगा। श्रद्धालुओं ने महायज्ञ एवं समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव के निमित्त सेवा करने तथा अधिक से अधिक लोगों को आयोजन से जोड़ने का संकल्प लिया। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय निदेशक बिहार पीएन सिंह, संरक्षक डीएन सिंह, संरक्षक रामचंद्र तिवारी, पटना प्रमंडल मंत्री नवल सिंह, जिला सचिव उमेश सिंह, संयोजक विनोद वर्मा, अनुज प्रसाद, डा.श्याम नारायण प्रसाद, सुनिल संगम, प्रदीप शास्त्री, पूर्व जिला पार्षद दीनानाथ विश्वकर्मा, योगेंद्र यादव, अजय यादव, राजगीर विश्वकर्मा, दिनेश यादव, लालमोहन प्रजापति, रामचंद्र पाण्डेय, भृगुनाथ सिंह, उषा देवी, प्रभा देवी, कलाउती देवी, मुनी देवी, राखी सिंह , सुषमा सिंह, सुनिता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मगध व शाहाबाद के प्रभारी बने अभय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश टोली का गठन किया है। दाउदनगर प्रखंड के रामनगर निवासी विनय सिंह उर्फ अभय सिंह चंद्रवंशी को मगध और शाहाबाद का प्रभारी बनाया गया है। यहां भाजपा के नेता अश्विनी तिवारी, नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, राकेश पांडेय, डॉ. दिनेश मेहता, रंजन मेहता, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा एवं अन्य ने उन्हें बधाई दिया। अभय सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा के सभी प्रकार के 12 कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लक्ष्य से वह काम कर रहे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से अभियान को सफल बनाया जाएगा।

# सूर्यकुंड तालाब अतिक्रमण के घेरे में




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध देव नगर पंचायत क्षेत्र स्थित सूर्यकुंड तालाब इन दिनों अतिक्रमण और अव्यवस्था की समस्या से जूझ रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में बस स्टैंड और टेंपो स्टैंड की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन चालक अपनी सुविधा के अनुसार जगह-जगह वाहन खड़ा कर रहे हैं। इसका सीधा असर सूर्यकुंड तालाब परिसर और आसपास के क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। सूर्यकुंड तालाब के आसपास दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण और सड़क किनारे लगाई जा रही अस्थायी दुकानों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर वाहनों के बेतरतीब तरीके से खड़े होने से सड़कें संकरी हो जा रही हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सूर्यकुंड तालाब केवल देव की पहचान ही नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र भी है। यहां वर्षभर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। विशेष अवसरों और पर्व-त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाती है। ऐसे में तालाब के आसपास अतिक्रमण और वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से स्थिति और गंभीर हो जाती है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि तालाब परिसर और आसपास लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण से क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित हो रही है। धार्मिक स्थल के आसपास साफ-सफाई और व्यवस्थित आवागमन की व्यवस्था होना जरूरी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया और वाहनों के लिए अलग से स्टैंड की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले समय में परेशानी और बढ़ सकती है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और नगर पंचायत से सूर्यकुंड तालाब परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। साथ ही बस और टेंपो के लिए अलग से व्यवस्थित स्टैंड उपलब्ध कराने की मांग की गई है, ताकि वाहन सड़क किनारे और तालाब के आसपास खड़े न हों।

लोगों का कहना है कि यदि वाहनों के लिए स्थायी व्यवस्था कर दी जाए और तालाब परिसर के आसपास नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो, तो श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को काफी राहत मिल सकती है। साथ ही देव के इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल की सुंदरता और गरिमा को भी बरकरार रखा जा सकेगा।

# लड़की के गायब होने के मामले में पुलिस पर लापरवाही का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर से 18 सितंबर की शाम एक लड़की अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों ने कई घंटे तक खोजबीन करने के बाद थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया। परिजनों का आरोप है कि आवेदन के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिजन लड़की की बरामदगी के लिए अपने स्तर से प्रयास करते रहे। इसी दौरान उन्होंने एक स्थान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की वीडियो क्लिप प्राप्त की। वीडियो से पता चला कि लड़की गुम नहीं हुई है, बल्कि एक लड़का, जो अपने नाना के घर रहता था, अपने नाना के परिवार के साथ मिलकर शादी की नीयत से लड़की को ले गया है। परिजनों ने 19 सितंबर को प्राथमिकी के लिए थाना में आवेदन दिया, जिसमें घटना में संलिप्त लोगों को आरोपी बनाया। वीडियो क्लिप के आधार पर पुलिस आरोपियों के घर पहुंची और कुछ लोगों को थाना लाई। परिजनों के अनुसार, आरोपियों ने घटना स्वीकार भी की। इसके बावजूद लड़की की बरामदगी किए बिना रात करीब 10 बजे सभी को छोड़ दिया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि तबीयत खराब होने की वजह से आरोपितों को हॉस्पिटल भेजा गया था। परिजनों ने सवाल उठाया कि यदि आरोपी की तबीयत खराब थी तो उसे बिना पुलिस अभिरक्षा के हॉस्पिटल क्यों भेजा गया। परिजनों का कहना है कि गुमशुदगी के आवेदन पर ही प्राथमिकी दर्ज की गई, जबकि 19 सितंबर को दिए गए आवेदन का उसमें उल्लेख नहीं है। पुलिस के रवैए से पीड़ित परिवार हताश है।

## लड़की अपहरण के मामले में पुलिस भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के बडौखर गांव टोले बेला विगहा से हसपुरा पुलिस ने लड़की अपहरण के मामले में जगदेव राम के पुत्र प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय पेश कर सोमवार को पुलिस जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की प्रकाश कुमार के खिलाफ लड़की अपहरण करने का हसपुरा थाना कांड संख्या 338/26 प्राथमिकी दर्ज है। इस मामले में कारवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया।

## शराब के नशे में युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पुलिस ने शराब के नशे में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राकेश भारती, निवासी अजदा सिकड़िया, थाना पालीगंज, जिला पटना के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि शराबी युवक को थाना के पास से शराब के नशे की हालत में पकड़ा गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# लोन नहीं चुकाने पर जमीन-मकान की नीलामी, बैंक ने लिया भौतिक कब्जा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के वार्ड नंबर 9 स्थित पाल मोहल्ला में पंजाब नेशनल बैंक का ऋण नहीं चुकाने पर जमीन और उस पर बने दो मंजिला मकान की नीलामी के बाद सोमवार को बैंक ने भौतिक कब्जा लिया गया। औरंगाबाद जिलाधिकारी के आदेश पर दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी सतेंद्र कुमार की देखरेख में कार्रवाई की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी शशीरंजन सिन्हा ने बताया कि अशोक कुमार गुप्ता ने वर्ष 2019 में उक्त संपत्ति के आधार पर करीब 9 लाख रुपये का ऋण लिया था। इसके बाद उनके पुत्र मंटू कुमार ने पूजा इंटरप्राइजेज के नाम से इसी जमीन-मकान पर वर्ष 2023 में करीब 10 लाख रुपये का ऋण लिया। ऋण लेने के बाद कुछ राशि जमा की गई, लेकिन बाद में भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया। इसके चलते दोनों ऋण खाते एनपीए हो गए। उन्होंने बताया कि बैंक की ओर से बकाया राशि जमा करने के लिए कई बार नोटिस भेजा गया, लेकिन इसके बावजूद ऋण का भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद फरवरी 2026 में उक्त संपत्ति की नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई। जिलाधिकारी के आदेश के बाद सोमवार को बैंक की टीम ने जमीन और उस पर बने दो मंजिला मकान का भौतिक कब्जा ले लिया।

## एक नजर

### ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन का जत्था पहुंचा हसपुरा

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के पचरूखिया, जैतपुर, मलहारा, जखौरा, डुमरा, जमालविगहा तथा अमझरशरीफ में नुक्कड़ सभा करते हुए आंल इंडिया यूथ फेडरेशन के कार्यकर्ता हसपुरा बसस्टैंड के समीप का. रामशरण यादव के प्रतिमा स्थल परिसर पहुंचे। जहां उनके प्रतिमा पर मालार्पण कर गगण भेदी नारा लगाते हुए 28 सितंबर को राजभवन घेराव के लिए पटना पहुंचने का आह्वान किया। जत्था में शामिल फेडरेशन के राज्य सचिव मो. गयासुद्दीन, राज्याध्यक्ष शंभू देवा, राज्य संयोजक रूपेश कुमार राज, कार्यकारिणी सदस्य अरूण कुमार रंजन, स्टूडेंट्स फेडरेशन राज्याध्यक्ष सुधीर कुमार सहित सीपीआई जिला कार्यसमिति सदस्य नागेश्वर यादव, अंचल मंत्री हसपुरा चन्द्रशेखर सिंह, पूर्व प्रमुख विजय कुमार, प्रगतिशील लेखक संघ के सतेन्द्र कुमार,श्याम किशोर यादव ने कहा 17 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन का घेराव बाम संगठन मोर्चा की ओर से किया जाएगा। जिसमें बिहार के कोने - कोने से बाम संगठन मोर्चा राजभवन घेराव को ऐतिहासिक रूप देंगे। इस घेराव आंदोलन में बिहार के किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिलाओं तथा आम जनता शामिल होकर अपनी मांगों का हुंकार भरेंगे। राजभवन घेराव के दौरान जनसंगठनों का आक्रोश पूर्ण विशाल प्रदर्शन भी होगा।

### मारपीट मामले में एक आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** तिनेरी मोड़ के पास हुई मारपीट की घटना के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले में बंदया थाना के प्रतापपुर गांव निवासी ब्रजेश कुमार के बयान पर केस संख्या 370/26 दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि इस मामले में प्रतापपुर गांव निवासी राजाराम पासवान को आरोपित बनाया गया है। तिनेरी मोड़ के समीप मारपीट की घटना के बाद वादी द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए राजाराम पासवान को गिरफ्तार किया है।

### बिहार में फार्मासिस्ट कैडर के लिए भर्ती, पदोन्नति व सेवा नियम शीघ्र लागू करने की मांग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में फार्मासिस्टों के लिए भर्ती, पदोन्नति एवं सेवा नियम लागू करने की मांग तेज हो गई है। बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल के निर्वाचित सदस्य डॉ. विकास कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर राज्य में फार्मासिस्ट कैडर के लिए भर्ती, पदोन्नति व सेवा नियम शीघ्र तैयार कर लागू करने की मांग की है। डॉ. सिंह ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में फार्मासिस्ट दवा वितरण के साथ मरीजों को दवा संबंधी परामर्श, वैक्सीन एवं कोल्ड-चेन प्रबंधन, दवा भंडारण तथा दवाओं की सप्लाई चेन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। इसके बावजूद फार्मासिस्टों के लिए स्पष्ट और व्यवस्थित कैरियर प्रगति की व्यवस्था का अभाव लंबे समय से चिंता का विषय बना हुआ है। उन्होंने अपने पत्र में भारतीय फार्मेसी परिषद द्वारा जारी फार्मासिस्ट कैडर के लिए भर्ती, पदोन्नति व सेवा नियम, 2025 का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें फार्मेसी सेवाओं के लिए संरचित कैडर व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इसके तहत फार्मेसी ऑफिसर से लेकर ज्वाइंट डायरेक्टर (फार्मेसी) तक विभिन्न पदों की व्यवस्था प्रस्तावित है। विनियमों में फार्मेसी अधिकारी, वरिष्ठ फार्मेसी अधिकारी, सहायक मुख्य फार्मेसी अधिकारी, मुख्य फार्मेसी अधिकारी, जिला फार्मेसी अधिकारी/उप निदेशक (फार्मेसी) और संयुक्त निदेशक (फार्मेसी) जैसे पदों का उल्लेख किया गया है। डॉ. सिंह के अनुसार, ऐसी कैडर व्यवस्था लागू होने से फार्मासिस्टों को निर्धारित सेवा अवधि एवं पात्रता के आधार पर पदोन्नति का स्पष्ट मार्ग मिल सकता है। डॉ. विकास कुमार सिंह ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर उच्चस्तरीय समिति का गठन कर बिहार फार्मासिस्ट कैडर रूल्स तैयार किए जाएं और उन्हें पीसीआई के केंद्रीय दिशानिर्देशों के अनुरूप लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि स्पष्ट कैडर व्यवस्था से फार्मासिस्टों के कैरियर विकास को संस्थागत आधार मिलेगा। साथ ही सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मेसी प्रबंधन, दवा आपूर्ति व्यवस्था और मरीजों की दवा संबंधी सेवाओं को भी मजबूती मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बिहार के फार्मासिस्टों की लंबे समय से चली आ रही सेवा संबंधी और पदोन्नति संबंधी अपेक्षाओं को देखते हुए राज्य सरकार को इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक पहल करनी चाहिए।

# जमीन पर बैठकर परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राएं, शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

### समता उच्च विद्यालय मलहारा की तस्वीर ने खोली शैक्षणिक व्यवस्था की पोल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लाख दावे कर रही है, लेकिन हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के समता उच्च विद्यालय मलहारा की तस्वीर इन दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। विद्यालय में परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं को जमीन पर बैठकर परीक्षा देने की स्थिति सामने आई है। परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं के जमीन पर बैठकर प्रश्नपत्र हल करने की तस्वीर सामने आने के बाद क्षेत्र में विद्यालय की व्यवस्था को लेकर चर्चा तेज हो गई है। विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त कमरे और बैठने की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें फर्श पर बैठकर परीक्षा देने को मजबूर होना पड़ रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाली असुविधा के साथ-साथ पढ़ाई के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप पर्याप्त कक्ष उपलब्ध कराना जरूरी है। शिक्षा के अधिकार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात तभी सार्थक होगी, जब विद्यालयों में विद्यार्थियों के बैठने, पढ़ने और परीक्षा देने के लिए समुचित आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। समाजसेवी महेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार, अरविंद कुमार, पूर्व मुखिया बृजनंदन मेहता, चंद्रशेखर सिंह, मनीष कुमार, सतेंद्र कुमार सहित अन्य समाजसेवियों ने विद्यालय की स्थिति पर चिंता जताते हुए सरकार एवं शिक्षा विभाग से विद्यालय में अतिरिक्त कमरों का निर्माण कराने तथा विद्यार्थियों के लिए समुचित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की।

# निजी स्कूल संघ ने लगाया उपेक्षा का आरोप, प्रस्वीकृति न मिलने पर कोर्ट जाने की चेतावनी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स द्वारा रविवार को औरंगाबाद रोड स्थित एक सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम एवं अन्य अतिथियों ने किया, जबकि अध्यक्षता देवदत्त पाठक ने की। संचालन विजय कुमार उर्फ मुन्ना और जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रामगति सिंह, नरेंद्र कुमार व गौरी शंकर सिंह तथा निजी विद्यालय के शिक्षक मदन मोहन उपाध्याय, शैलेश कुमार उर्फ शिव लखन सिंह, सुषमाकर पांडे एवं विजय चौबे सहित कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर उपेक्षा का गंभीर आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि जिले के अन्य प्रखंडों में प्रस्वीकृतिकरण का कार्य हो चुका है, लेकिन दाउदनगर में मामला अब भी अटका हुआ है। हर वर्ष इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी के चक्कर लगाने पड़ते हैं। वक्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार प्राथमिक स्तर पर प्रति छात्र 7,000 रुपये खर्च करती है, जबकि निजी विद्यालय न्यूनतम शुल्क में शिक्षा दे रहे हैं; इसके बावजूद बैठकों में संचालकों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। संघ ने डीपीओ (सर्व शिक्षा अभियान) सहित अन्य अधिकारियों पर असहयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि नियमानुसार प्रस्वीकृति नहीं मिली, तो वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

# स्वच्छता अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र में चला विशेष सफाई अभियान

### धार्मिक स्थलों से लेकर सार्वजनिक स्थानों तक हुई साफ-सफाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में सोमवार सुबह स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत विशेष संयुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न पंचायतों में धार्मिक स्थलों, छठ घाटों और सार्वजनिक परिसरों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत गोरडीहा स्थित सूर्य मंदिर एवं छठ घाट, ग्राम पंचायत बलार के मठ पड़रिया सूर्य मंदिर एवं छठ घाट परिसर की विशेष सफाई कराई गई। वहीं भदुकीकला के खैरा मुंद्रा मंदिर, ग्राम पंचायत पोगर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र, ग्राम पंचायत कोटवारा के अमरपुरा सामुदायिक भवन तथा ग्राम पंचायत अर्थुआ में इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार, संजू यादव, नारायण कुमार, मोहम्मद मूसा, संटू कुमार, वीणा कुमारी, रणधीर कुमार, मदन कुमार, मोहम्मद मेराज, रामकुमार यादव, अरविंद कुमार एवं रामेश्वर चौधरी सहित अन्य कर्मियों ने विभिन्न स्थानों पर उपस्थित रहकर अभियान को सफल बनाया। वहीं, संबंधित पंचायतों के स्वच्छता कर्मियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई कर अभियान में सक्रिय योगदान दिया। अधिकारियों एवं कर्मियों ने लोगों से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की। अभियान के माध्यम से धार्मिक स्थलों, छठ घाटों और सार्वजनिक परिसरों को स्वच्छ रखने के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। अभियान में शामिल कर्मियों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की पहचान है और इसे बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# गायत्री मंत्र के महत्व पर दिया गया विशेष जोर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** देव सूर्य नगरी में अवस्थित राम जानकी गायत्री मंदिर के प्रांगण में भगवती वंदनीय माता की जन्म दिवस पर प्रत्येक रविवार के भांति गायत्री मंत्र सामुहिक मानसिक जाप हवन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जन्म शताब्दी वर्ष समारोह पर आचार्य ललित शर्मा द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को लेकर प्रखंड समन्वयक श्यामता प्रसाद यादव ने गायत्री मंत्र के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए कहा कि यह मंत्र जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान प्रदान करता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रतिदिन गायत्री महामंत्र का जाप करने की अपील की। साथ ही साधना, स्वाध्याय और शिक्षा के माध्यम से आत्मविकास पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन कुंड में आहुति दी। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कारों से ही एक सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने चरित्र निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि सदविचारों को आचरण में उतारना ही सच्चा चरित्र है। एक चरित्रवान व्यक्ति समाज में हर प्रकार से सम्मानित होता है। इस कार्यक्रम में गायत्री परिवार बसंत प्रसाद गुप्ता, विकी कुमार, राखी कुमारी, शांति देवी, अनीता देवी, गीता देवी, सुनीता देवी, रुबी देवी, रीया देवी सैकड़ों माताएं बहनें भाईयों ने भाग लिया।

# पूर्व मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की मनाई गई जयंती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के ब्लॉक रोड स्थित एनडीए कार्यालय में सोमवार को मुख्यमंत्री भोला पासवान शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा ने की, जबकि संचालन जदयू जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने भोला पासवान शास्त्री के सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन को याद करते हुए उनके बताए मार्ग और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, जदयू जिला महासचिव सह विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, जदयू जिला उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार पासवान सहित एनडीए के कई कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# ओवरहेड पोल हटने से दाउदनगर-बारून नहर मार्ग बना जानलेवा

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर-बारुण नहर रोड स्थित तेजपुरा-डीहरा क्षेत्र में सिंचाई विभाग द्वारा लगाए गए ओवरहेड बैरियर का ऊपरी लोहे का पोल हटा दिए जाने से लगातार भीषण हादसे हो रहे हैं। रोक हटने के कारण ट्रैक्टर, पिकअप वैन समेत भारी वाहन अनियंत्रित गति से दौड़ रहे हैं। हाल ही में पिकअप से कुचलकर डॉ. हर्षवर्धन की मौत हो गई थी। वहीं कुछ माह पूर्व तेजपुरा लख के पास हुए हादसे में भटौलिया निवासी छह लोगों की जान चली गई थी। इसके अलावा दो बार स्कॉर्पियो और एक बार पुलिस वाहन भी नहर में गिर चुके हैं। सड़क किनारे उगी झाड़ियों व जंगली तुलसी से दृश्यता घटने और चौरम, तेजपुरा व डीहरा के तीखे मोड़ों के कारण बाइक व ऑटो सवारों पर लगातार खतरा बना रहता है। तेजपुरा के समाजसेवी सौरभ कुमार उर्फ संतोष कुमार ने इस समस्या को लेकर विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र से मुलाकात कर ओवरहेड पोल व साइन बोर्ड लगाने की मांग की। विधायक ने सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता से वार्ता की। मुख्य अभियंता ने तीखे मोड़ों पर साइन बोर्ड लगाने और ओवरहेड पोल दुरुस्त कराने की सहमति दी है।

**AFFIDAVIT**

I, hitherto known as Umavati Devi Avadhesh Sah W/o Avadhesh Sah, R/o 151 Anvari, Dist.-Kaimur (Bhabhua) State-Bihar, Pin Code-821109. have changed my name and I shall hereafter be known as Umaravati Devi. Affidavit no. 1314 date 19.09.26

# मालदा रेल मंडल ने चलाया गहन स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम

## बुकिंग, पार्सल कार्यालय आदि की हुई सफाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा स्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत विषय के साथ इस मंडल के विभिन्न स्टेशनों और रेलवे प्रतिष्ठानों में आज गहन स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में इस मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके अलावा विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्थित बुकिंग कार्यालय, पार्सल कार्यालय, क्रू लॉबी, बुकिंग लॉबी, रनिंग रूम, पे एंड यूज़ शौचालय, प्लेटफॉर्म, कार्यालय इकाइयों तथा अन्य रेलवे परिसरों में व्यापक साफ-सफाई की गई। इधर रेलवे कर्मचारियों एवं हाउसकीपिंग कर्मियों ने अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए चिन्हित क्षेत्रों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई सुनिश्चित की। इस अभियान के साथ-साथ धुलियान गंगा, जमालपुर, हंसडीहा सहित अन्य स्टेशनों पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों को रेलवे परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का उचित निपटान करने तथा कचरे के सही पृथक्करण के महत्व के बारे में जागरूक किया। यात्रियों को विशेष रूप से चार-बिन कचरा पृथक्करण प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। कर्मचारियों ने विभिन्न बिन के उचित उपयोग के बारे में समझाते हुए यात्रियों को कचरे का जिम्मेदारीपूर्वक निपटान करने के लिए प्रेरित किया। इन पहलों का उद्देश्य जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा रेलवे यात्रियों में स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी की स्थायी भावना विकसित करना है। मालदा मंडल द्वारा स्वच्छ, स्वच्छतापूर्ण एवं टिकाऊ रेलवे परिवेश को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं। साथ ही, यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों को स्वच्छता को साझा जिम्मेदारी के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।



# नाबालिग किशोरों से दुर्व्यवहार मामले में तीन धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जमुई जिले में सड़क पर जा रहे लड़का-लड़की के साथ दुर्व्यवहार और बदसलूकी करने वाले तीन 'राक्षस' पकड़ लिए गए। घटना का वीडियो आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जमुई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जानकारी एसपी विश्वजीत दयाल ने साझा की। तीनों आरोपी जमुई जिले के मरवा गांव के रहने वाले हैं। एसपी के अनुसार पुलिस इन तीनों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ कर रही है ताकि घटना से जुड़े अन्य पहलुओं का पता लगाया जा सके। जमुई में लड़का-लड़की से बदसलूकी की घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय है। फिलहाल तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूरी घटना की विस्तृत जांच आगे बढ़ा रही है। एसपी ने एसडीपीओ दीप्ति मोनाली के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है। इनके द्वारा कांड को खंगाला जा रहा है। दरअसल जमुई जिले में 19 सितंबर की शाम एक नाबालिग छात्र-छात्रा के साथ सड़क पर बदसलूकी की बेहद शर्मनाक घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार दोनों जब स्कूटी से जा रहे थे, तभी रास्ते में कुछ युवकों ने उन्हें जबरन रोक लिया और घेरकर उनके साथ अभद्रता और मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान लड़की के साथ छेड़खानी की गई। पीड़ित लड़का और लड़की रोते हुए हाथ जोड़कर उन्हें छोड़ देने की गुहार लगाते रहे, लेकिन दबंगों ने उनका वीडियो बना लिया। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर आने के बाद मामला उजागर हुआ। इसके बाद जमुई पुलिस संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई आरंभ की।



## पृष्ठ 1 का शेष

### डूबने से आठ ...

के पानी में दो बच्चियों के शव उतराते देखे। शव देखते ही इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही कजरैली थानाध्यक्ष गौतम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बायपास थानाध्यक्ष विकास कुमार भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों शवों को पानी से बाहर निकलवाया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एफएसएल की तकनीकी टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल और आसपास के इलाके की जांच कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम के लिए मायागंज अस्पताल भेज दिया है।

### बिहार विधान परिषद के ...

विधान परिषद से जुड़े रहे हैं। अवधेश नारायण सिंह के इस्तीफ़े को बिहार में भाजपा और जदयू के बीच महत्वपूर्ण पदों के बंटवारे से जोड़कर देखा जा रहा है। मौजूदा सरकार में मुख्यमंत्री का पद भाजपा के पास है। विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी भी भाजपा के पास है। ऐसे में विधान परिषद के सभापति का पद जदयू को मिलने की चर्चा चल रही थी। अब अवधेश नारायण सिंह के इस्तीफ़े की खबर के बाद इस चर्चा को और बल मिला है।

### नये परिसीमन के बाद...

को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिहार में पंचायतों की सीमा काफी बड़ा है और इसी वजह से परिसीमन आवश्यक है। मुख्यमंत्री के मुताबिक राज्य निर्वाचन आयोग से भी इस संबंध में अनुरोध किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आमतौर पर लोग मानते हैं कि देश में सबसे बड़ी ताकत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के पास होती है लेकिन उनके मुताबिक जमीनी स्तर पर सबसे महत्वपूर्ण और ताकतवर भूमिका मुखिया की होती है। सीएम ने कहा कि मुखिया के पास सबसे अधिक काम होता है और उसका चुनाव लड़ना भी आसान नहीं होता। वार्ड और मुखिया के चुनाव में स्थानीय स्तर पर रिश्ते और सामाजिक समीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोकतंत्र की जमीनी ताकत का उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार यह भी पता नहीं चलता कि बगल में रहने वाला व्यक्ति किसे वोट दे रहा है। यहां तक कि अपने परिवार के सदस्य का वोट किस उम्मीदवार को जाएगा, इसकी भी जानकारी नहीं होती। मुख्यमंत्री ने इसे लोकतंत्र की वास्तविक ताकत बताया।

# अकादमिक काउंसिल की बैठक में 21 एजेंडों पर चर्चा

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सभागार में सोमवार को दोपहर एक बजे अकादमिक परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने की। कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने परिषद के सभी सदस्यों का स्वागत किया।

बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक पाठ्यक्रम, परीक्षा, शोध, शिक्षकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण, नए पाठ्यक्रम सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विषयों से संबंधित कुल 21 प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। पूर्व में आयोजित अकादमिक परिषद की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ-साथ नवीन शिक्षण कार्यक्रम एवं संबद्धता समिति तथा परीक्षा मंडल की बैठकों की कार्यवाही की भी पुष्टि की गई। बैठक में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के लिए समान पाठ्यक्रम तथा चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के आठवें सेमेस्टर के लिए विभिन्न विषयों में चार-चार श्रेय के तीन पत्रों के समान पाठ्यक्रम पर चर्चा हुई। शिक्षुता आधारित उपाधि कार्यक्रम से संबंधित अध्यादेश एवं विनियमों में संशोधन पर भी विचार किया गया। इसके अलावा कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम, मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम एवं क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम के लिए प्रति कक्षा भुगतान के आधार पर शिक्षकों के पैनल के अनुमोदन, आरडी कॉलेज, शेखपुरा में विधि स्नातक पाठ्यक्रम शुरू करने तथा प्रत्येक सेमेस्टर में प्रत्येक विषय की कम से कम 25 पुस्तकों की खरीद के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। शेखपुरा संस्थान को व्यवसाय प्रशासन, कंप्यूटर अनुप्रयोग एवं शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने पर भी विचार किया गया। स्नातक पाठ्यक्रम में कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम के स्थान पर दो श्रेय के 'गूढ़ शब्द पहेली' पाठ्यक्रम को शामिल करने, भारतीय ज्ञान परंपरा के 33 विषयों में दो श्रेय के मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम के रूप में पाठ्यक्रम स्वीकृत करने तथा विद्यार्थियों की इंटर्नशिप के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का पैनल तैयार करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में महाविद्यालयों में प्रवेश एवं निष्कासन से संबंधित नए नियम, कर्मचारियों की सेवा की सामान्य शर्तों में प्रस्तावित संशोधन, 36 घंटे के अल्पकालिक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, शोध प्रवेश वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 की आवेदन तिथियों के पुनर्निर्धारण तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के स्थानांतरण के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया।

इसके अलावा 19 राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में अंग्रेजी, हिंदी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास एवं समाजशास्त्र विषयों में अनुबंध आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष तथा अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मंजू कुमारी, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) आनंदी कुमार, इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) गिरीश चंद्र पांडेय, उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मो. शाहिद रजा जमाल आदि उपस्थित थे।



**तालाब का नहीं हो सका कायाकल्प :** रफीगंज के बलार गांव का पुराना तालाब सरकारी उपेक्षा के कारण अपना पहचान खो रहा है।

**फिरौती के लिए अपहृत युवक सकुशल बरामद :** जहानाबाद। जिले के हुलासगंज थाना पुलिस ने फिरौती के लिए अपहरण किए गए युवक सुनील कुमार चौहान को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने पटना पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए रविवार को पटना जिले के जेठुली गांव में उसे बरामद किया। मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुनित बिगहा गांव निवासी सोनी देवी ने हुलासगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

# डीडीसी ने की जिला उद्योग केंद्र के योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** उप विकास आयुक्त रवि राकेश ने आज यहां जिला उद्योग केंद्र की संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक की। जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में सोमवार को आयोजित इस बैठक में उप विकास आयुक्त ने जिला उद्योग केन्द्र के संबंधित अधिकारियों और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले चल रही उद्योग केन्द्र की विभिन्न योजनाओं के प्रगति का जायजा लिया। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, ऋण स्वीकृति तथा ऋण वितरण के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान श्री राकेश ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाध उधम उन्नयन योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की और सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करते हुए पात्र लाभुकों के ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उप विकास आयुक्त ने आगामी समीक्षा बैठक तक ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण की संख्या में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही बंधन बैंक सहित सभी संबंधित बैंकों के प्रतिनिधियों को लंबित मामलों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा पात्र लाभुकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। श्री राकेश ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# अरवल में बनेगा 12.3 किमी का फोरलेन

**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अरवल में जल्द नया फोरलेन बाईपास बनाने की तैयारी है। यह बाईपास एनएच-139 के नौबतपुर-हरिहरगंज रोड पर बनाया जाएगा। इसकी लंबाई करीब 12.3 किलोमीटर होगी। इस सड़क के बनने से अरवल इलाके में आने-जाने वाले वाहनों को नया रास्ता मिलेगा। खासकर उन वाहनों को फायदा होगा जिन्हें अभी शहर या आसपास के व्यस्त रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। इस बाईपास को बनाने में करीब 269.53 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके लिए सरकार की ओर से टेंडर निकाला गया है। यानी अभी सड़क का काम शुरू नहीं हुआ है।

# धरना के आठवें दिन सहरसा विधायक आइपी गुप्ता ने किया समर्थन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जमुई में चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध और अपराधियो को संरक्षण देने वाले थाना प्रभारी के निलंबन की मांग को लेकर भाकपा माले, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में आठवें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा धरना की के नेतृत्व कर रहे भाकपा माले के राज्य कमिटि सदस्य बाबू साहब सिंह ने धरने की अध्यक्षता करते हुऐ कहा कि चंद्रमडी सहित जिले भर हो रहे अपराध पर रोक लगाने अपराधियों को संरक्षण देने वाले पुलिस पर करवाई के सवाल को लेकर सैकड़ो की संख्या में लोग दिनरात धरना दे रहे है लेकिन गूँगी बहरी जिला पुलिस अधीक्षक अभी तक उनके जुबान से एक शब्द नही निकला की हम बढ़ते अपराध पर रोक लगाएंगे और संरक्षण दे रहे पुलिस पर करवाई करेंगे वही आज के मुख्य वक्ता 'इंडियन इंक्लूसिव पार्टी' के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सहरसा विधायक आईपी गुप्ता ने समर्थन देते हुए कहा कि भाकपा माले और आदिवासी संघर्ष मोर्चे संयुक्त नेतृत्व में चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने तथा अपराधियों को संरक्षण देने वाले चंद्रमंडीह थाना प्रभारी गजेंद्र कुमार के तत्काल निलंबन की मांग को हमारी पार्टी पूर्ण रूपेण समर्थन करती है तो पुलिस अधीक्षक को स्पष्ट शब्दों में चेताया कि अपराधियों को संरक्षण देने वाले चंद्रमंडी थाना प्रभारी को बचाने की कोई भी कोशिश प्रशासनिक स्तर पर न की जाए। जनता अबला या मौन नहीं रहने वाली है। बढ़ते अपराध और अपराधियों को शह देने वाली पुलिस की संदिग्ध कार्यशैली की निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। यह आंदोलनकारियों और स्थानीय जनता की पुरजोर मांग पर विधायक आईपी गुप्ता ने आश्वासन दिया कि वे इस गंभीर मामले और पुलिस की जनविरोधी कार्यशैली की गूंज को आगामी विधानसभा के सदन में मजबूती से उठाएंगे और मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराएंगे। धरना स्थल पर वासुदेव राय कल्लू मरांडी सलीम अंसारी अजीम अंसारी मोहम्मद हैदर ललन सिंह शंभू तांती विजय तांती मिथुन कुमार भूषण तांती, दामोदर पासवान संजय माझी तुलसी माझी शम्भू मांझी रेणु देवी आदि उपस्थित थे।

# बड़हरा की 21 पंचायतें जूझ रहीं बाढ़ से, सरकारी सहायता नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी

## किसानों पर नीलगाय और जंगली सूअरों की अलग मार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड के 21 पंचायतें जहां बाढ़ के पानी से घिरी हैं, वहीं बभनगावां पंचायत जो सरकारी आंकड़ों में बाढ़ प्रभावित सूची में शामिल नहीं है, वहां के किसानों के सामने अलग तरह की आफत खड़ी हो गई है। यहां नीलगाय, जंगली सूअर और अन्य जंगली जानवरों के झुंड ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसानों का आरोप है कि बाढ़ के कारण जंगली जानवर दियारा और जंगल वाले इलाके से निकलकर ऊंचे स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं, जिसके चलते बभनगावां में उनका प्रकोप काफी बढ़ गया है। खेतों में लगी मक्के की फसल को ये जानवर रात के समय रौंदकर बर्बाद कर दे रहे हैं।

बभनगावां के किसान रंजीत कुमार ने बताया कि उन्होंने बटाई पर जमीन लेकर और महंगे दाम पर खाद-बीज खरीदकर 10 बीघे में मक्के की खेती की थी। लेकिन नीलगाय और जंगली सूअरों के लगातार हमले से पूरी फसल बर्बाद हो गई। अब खेती में लगी लागत भी निकालना मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरे किसान सुमंत हर्षवर्धन ने सरकारी उदासीनता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित 21 पंचायतों में फसल नुकसान पर सरकारी सहायता की व्यवस्था तो की जाती है, लेकिन बभनगावां जैसे पंचायत में जहां जंगली जानवरों से फसल बर्बाद हुई है, वहां बचाव के लिए कोई ठोस उपाय तक नहीं किया जा रहा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जंगली जानवरों के प्रकोप को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं, उन्हें उचित मुआवजा और सहायता दी जाए।

इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम प्रकाश से दूरभाष पर पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।

# प्रशांत किशोर ने पूर्व मंत्री जमशेद अशरफ से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जनसुराज नेता प्रशांत किशोर रविवार को बेगूसराय पहुंचे और बिहार सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बिहार राज्य हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जमशेद अशरफ से उनके मुंगेरीगंज स्थित आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच देश और बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर लंबी बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि यह मुलाकात व्यक्तिगत और औपचारिक थी, लेकिन मौजूदा सियासी माहौल में दो बड़े चेहरों की मुलाकात से राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। मुलाकात के दौरान बिहार की राजनीति की दिशा, वर्तमान परिदृश्य और संभावित बदलावों पर विचार-विमर्श हुआ। जमशेद अशरफ ने कहा कि वर्तमान में बिहार की राजनीति में स्पष्ट दिशा नहीं दिख रही है, लोग बेहतर बदलाव और विकास की उम्मीद लगाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बिहार की तकदीर बदल सकती है और नई सोच व नई दिशा की जरूरत है। बिहार के युवा, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के मुद्दों पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। प्रशांत किशोर ने भी बिहार के मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य पर अपनी बात रखी। दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत हुई। फिलहाल किसी राजनीतिक निर्णय या नई पहल की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन मुलाकात के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।इस दौरान जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती, सरवर अली, रजनीश कुमार, मो. आजाद, मो. शमशाद उर्फ गुड्डू, मो रब्बान, अगम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

बिहार सरकार

कार्यालय, नगर पंचायत, बारूण, औरंगाबाद

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2026–27

(E-Tendering On website – eproc2.bihar.gov.in)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत,बारूण, औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक–16/09/2026
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय:– दिनांक–08/10/2026 को 10:00 बजे पूर्वा0 से (on www.eproc2.bihar.gov.in )
4. प्री बीड मीटिंग का समय स्थान एवं तिथि :– दिनांक–09/10/2026 को 11:00बजे पूर्वा0 स्थान – कार्यालय नगर पंचायत, बारूण के सभागार में ।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय :– दिनांक–15/10/2026 को 03.00 बजे अपा0 तक (on www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनिकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–16/10/2026 को 03.30 बजे अपा0 के बाद (on www.eproc2.bihar.gov.in )
7. वित्तिय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड के निष्पादन के पश्चात् ।
8. निविदा में सफल निविदाकार को आवश्यक कागजात जैसे –सभी शपथ–पत्र (मूल में),ExistingCommitment (मूल में) अग्रधन राशि के रूप में जमा बैंक गारंटी मूल प्रति/ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में), परिमाण विपत्र का ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में) एकरारनामा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा ।
9. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य क्षेत्र का नाम | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (2 प्रतिशत) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लुडिंग मौनसुन की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत बारूण | 05TPD सुखे कचड़ो को प्रसंस्करण हेतु MRF Center का निर्माणकार्य। | 9806508.00 | 196200.00 | 10,000.00 | As Per E-Proc2 | छः माह |
| 2 | नगर पंचायत बारूण | 05 TPD गीले कचड़ों का प्रसंस्करण हेतु कम्पोस्ट पीट (Windrow) का निर्माण कार्य। | 5404388.00 | 108100.00 | 10,000.00 | As Per E-Proc2 | छः माह |

Note :- Bidders should submit Bid Processing fee through on-line Payment as Per Amount Generated on Website https://eproc2.bihar.gov.in

10. निविदा की वैधता अवधि :–180 दिन
11. निविदा कागजात अपलोड करने से पूर्व संवेदक को "Bid Processing Fee" निम्न विधि से जमा करना होगा :–
(i)"Bid Processing Fee" is and Transaction Processing Fee is mandatory to be paidthrough online mode i.e. Internet Payment gateway (Credit/debit Card), Net Banking, NEFT/RTGS.
(ii)"Bids along with necessary online payments must be submitted through e-Procurement portal www.eproc2.bihar.gov.in before the date and time specified in the NIT. The
12. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, बारूण

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.012010 (B&C) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद
(खनन शाखा)
औरगाबाद जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु
अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई के फलस्वारूप जप्त बालू की नीलामी दिनांक–13.10.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, औरंगाबाद स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्त्तो के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस–14.10.2026 को नीलामी करायी जायेगी।

1. जप्त बालू का स्थल एवं मात्रा की विवरणी :–

| क्र० | जप्त बालू का भंडारण स्थल | भू–निर्देशांक | बालू की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | अग्रधन राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औरंगाबाद सोन–31 नदी तट से 300 मीटर के अन्दर सकेन्ड्री लोडिग स्थल पर भंडारित बालू | Lat-24.832316 N, Long-84.165818E | 2430289.49 | 4,11,93,407/- | 1,02,98,352/- |
| 02 | नबीनगर थानान्तर्गत शमशान घाट के समीप | Lat-24.59783833, Log-84.1248299 | 2000 | 33,900/- | 8,500/- |

2. नीलामी के शर्त एवं बन्धेज के साथ विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in/notice_category/tenders पर देखा जा सकता है।
3. नीलामी से संबधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद (मो0 नं0 8969672525 ) से संपर्क किया जा सकता है।
4. अपरिहार्य कारण से किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार समाहर्त्ता, औरंगाबाद को सुरक्षित रहेगा।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

PR. No. 012176 (Mines) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# अस्पतालों में चिकित्सक एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आयुक्त ने दिया निर्देश

## आयुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में सोमवार को प्रमंडल स्तरीय स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) के अधीक्षक, दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के सिविल सर्जन, बीएमएसआईसीएल के अधिकारी सहित क्षेत्रीय क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी आकाश ऐश्वर्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत में आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने डीएमसीएच के अधीक्षक से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, संसाधनों तथा मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने प्रमंडल के सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित रहनी चाहिए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी सिविल सर्जनों को अनुमंडलीय अस्पतालों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करने को कहा गया। आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की ड्यूटी निर्धारित रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने अस्पतालों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर, वार्ड, शौचालय, पेयजल स्थल सहित अन्य आवश्यक स्थानों पर नियमित साफ-सफाई होनी चाहिए। साथ ही मरीजों के लिए साफ बेडशीट, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में आयुक्त ने अस्पतालों में एंबुलेंस सेवा को सक्रिय रखने का निर्देश दिया। आयुक्त ने सभी सिविल सर्जनों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत निबंधित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण एवं जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। इसके अतिरिक्त आयुक्त ने प्रमंडल के तीनों जिलों में अस्पताल, नर्सिंग होम, जांच घर, एक्स-रे केंद्र सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी निजी एवं सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की निर्धारित मानकों के अनुरूप निगरानी एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त श्री राय ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए अस्पतालों में आवश्यक संसाधन, दवाएं, चिकित्सक, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित अनुश्रवण करते रहने का निर्देश दिया।

# 51 गर्भवतियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को पीएचसी नावकोठी में गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित की गई। शिविर में कुल 51 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान 21 महिलाएं एनीमिया से ग्रसित पाई गईं। स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवतियों का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबीन, यूरिन सहित अन्य आवश्यक जांच की।जांच में एनीमिया की पुष्टि होने के बाद चिकित्सकों ने महिलाओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराने और चिकित्सकीय सलाह के अनुसार दवाओं का सेवन करने की सलाह दी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान शरीर में रक्त की कमी को दूर करने के लिए आयरन की गोली का नियमित सेवन जरूरी है। इसके साथ ही भोजन में पके पीले फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, रागी सहित पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को भारी काम से बचने तथा पर्याप्त आराम करने की सलाह दी। साथ ही सुरक्षित जच्चा-बच्चा के लिए संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। शिविर में गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम सहित अन्य आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।हालांकि, शिविर के दौरान एक भी एएनएम एवं जीएनएम की उपस्थिति नहीं होने की बात सामने आई। इससे शिविर की व्यवस्था को लेकर सवाल भी उठे।

मौके पर डॉ. नितिन कुमार, पैथोलॉजिस्ट पंकज जोशी, सीएचओ सूर्य भूषण कुमार, रॉबिंस कुमार, सुभानी कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने जांच एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग किया।

# एसपी ने बलिया थाना का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया/बेगूसराय।** एसपी मनीष कुमार ने सोमवार को बलिया थाना का करीब एक घंटे तक निरीक्षण किया। थाना परिसर, अभिलेखों और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। एसपी ने लंबित कांडों की समीक्षा कर अनुसंधान समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। थाने आए फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने अपराध नियंत्रण, गश्ती व विधि-व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए और कहा कि आम लोगों से संवेदनशील व्यवहार करें, शिकायतों में लापरवाही न हो। मौके पर डीएसपी सुबोध कुमार, थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे। एसपी ने बलिया थाने का किया निरीक्षण, लंबित कांडों में तेजी लाने का निर्देश दिया

## जनता दरबार में 55 आवेदनों का निष्पादन

**बेगूसराय।** 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत आज समाहरणालय में जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित हुआ। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने 55 आवेदन दिए। डीएम ने सभी आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निष्पक्षता, संवेदनशीलता और समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। आवेदकों को कार्रवाई की जानकारी नियमित रूप से देने को भी कहा।क्ख्र ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद का सशक्त माध्यम है। प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शिता और समयबद्धता से करना प्राथमिकता है। बता दें, प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार आयोजित किया जाता है।

# स्वच्छ पंचायत बनाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत राज नावकोठी में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने किया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय, पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन परिसर में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता कर्मियों एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से परिसर में फैले कचरे को हटाया तथा आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। लोगों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए अपने घर, गली-मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने का संकल्प लिया। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा, स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, वार्ड सदस्य सुधीर कुमार, सलमान खान, महेश महतो, शत्रुघ्न कुमार, शंभू सहनी सहित स्वच्छता कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। नियमित साफ-सफाई और जनभागीदारी से ही पंचायत को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा कचरे का उचित प्रबंधन करने की अपील की।

# जिले में भूमिहीनों को मिलेगी वासभूमि

## 20 नवंबर को राज्य भर में 30 हजार प्रमाण-पत्र वितरण का लक्ष्य : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल भवन में सोमवार को जिलाधिकारी रिची पांडेय ने प्रेस वार्ता कर 'अभियान बसेरा-02' की जानकारी दी। डीएम ने बताया कि इस अभियान के तहत आगामी 20 नवंबर को पूरे राज्य में 30 हजार बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित करने का लक्ष्य है। इसके तहत एससी, पिछड़ा व अति पिछड़ा वर्ग के पात्र भूमिहीन परिवारों को 3 से 5 डिसमिल तक वासभूमि दी जाएगी। सभी अंचलाधिकारियों को पात्र लाभुकों के चिह्नीकरण और प्रमाण-पत्र वितरण की प्रक्रिया समयबद्ध पूरी करने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने कहा कि अभियान केवल प्रमाण-पत्र वितरण तक सीमित नहीं रहेगा। राजस्व समस्याओं के समाधान के लिए पदाधिकारियों का रोस्टर बनाया जा रहा है। वे नियमित पंचायतों का भ्रमण कर शिविर लगाएंगे, जहां क्षतिग्रस्त जमाबंदी सुधार व निःशुल्क भूमि मापी जैसे कार्य किए जाएंगे। उन्होंने अपील की कि आवेदन केवल संबंधित अंचल कार्यालय में ही जमा करें, पटना या कहीं और जाने की जरूरत नहीं है। लोगों को बहकाने वालों पर कार्रवाई होगी। प्रेस वार्ता में अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# एलएनएमयू में 'वर्ल्ड अल्जाइमर्स डे' पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** एलएनएमयू के साइकोलॉजी डिपार्टमेंट में अध्यक्ष प्रो अनीस अहमद की अध्यक्षता में 'अल्जाइमर दिवस' मनाया गया। अपने संभाषण में उन्होंने बताया कि हर साल 21 सितंबर को दुनिया भर में 'वर्ल्ड अल्जाइमर डे' मनाया जाता है। इसका मकसद अल्जाइमर और डिमेंशिया के दूसरे प्रकारों के बारे में जागरूकता फैलाना और उनसे जुड़ी गलतफहमियों और सामाजिक कलंक को दूर करना है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को अल्जाइमर के बारे में शिक्षित करना है जो डिमेंशिया का सबसे आम कारण है और इसके 60-70% मामले इसी वजह से होते हैं। साथ ही याददाश्त कम होने और सोचने-समझने की क्षमता घटने से जुड़ी नकारात्मक सोच और सामाजिक कलंक को चुनौती देना भी इसका मकसद है। इसके अलावा, मरीजों के परिवारों और उनकी देखभाल करने वालों पर पड़ने वाले भावनात्मक और शारीरिक बोझ को समझना और शुरुआती दौर में ही बीमारी का पता लगाने को बढ़ावा देना भी जरूरी है; क्योंकि लक्षणों की जल्दी पहचान होने से मरीजों को बेहतर इलाज, योजना और सहायता मिल सकती है। इस मौके पर प्रो ध्रुव कुमार, डॉ मो ज़या हैदर, डॉ दिवेश कुमार शर्मा और डॉ निशत शाहीन ने भी अल्जाइमर बीमारी के बारे में अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे। अल्जाइमर बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कैंपस के अंदर एक रैली का भी आयोजन किया गया।

# भारत का पूर्वी मोर्चा विषय पर व्याख्यान

## लनामिवि के शिक्षक एवं शोधार्थियों की रही सहभागिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** पाटलिपुत्र प्रज्ञा प्रवाह के तत्वावधान में भारत का पूर्वी मोर्चा (म्यांमार एवं बांग्लादेश) विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन 19 सितंबर, 2026 को मंडपम, बिहार लोक भवन, पटना में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल पी.सी. नायर (सेवानिवृत्त), पूर्व महानिदेशक, असम राइफल्स तथा द्वितीय वक्ता के रूप में मेजर जनरल जे.एस. नंदा, (सेवानिवृत्त), पूर्व रक्षा सलाहकार, भारतीय उच्चायोग, ढाका, बांग्लादेश ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस व्याख्यान में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं शोधार्थियों ने सहभागिता की। विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग से डॉ अनिल कुमार चौधरी, एसोसिएट प्रोफ़ेसर एवं विभागाध्यक्ष, डॉ ज्योति प्रभा, सहायक प्राध्यापक (सीनियर स्केल), डॉ मनीष कुमार, सहायक प्राध्यापक (सीनियर स्केल) तथा शोधार्थी सरोज कुमार ने भाग लिया। वहीं राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ नीतू कुमारी, सहायक प्राध्यापक (सीनियर स्केल) के साथ शोधार्थी नीतीश कुमार नायक, रोहन शर्मा एवं केशव कुमार चौधरी कार्यक्रम में शामिल हुए। व्याख्यान के दौरान भारत के पूर्वी क्षेत्र की सामरिक एवं भू-राजनीतिक स्थिति तथा म्यांमार और बांग्लादेश के संदर्भ में भारत के रणनीतिक हितों पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा साझा किए गए विचारों से भारत के पड़ोसी देशों में हो रहे समकालीन घटनाक्रमों तथा उनके व्यापक रणनीतिक प्रभावों को समझने में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शोधार्थियों की इस सहभागिता से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक सहभागिता, ज्ञान-विनिमय तथा समकालीन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विषयों के अध्ययन के प्रति प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है। इस सहभागिता पर सभी सहभागियों को विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी एवं कर्मचारियों ने बधाई दी है।

# आंगन का मिलन कार्यक्रम को लेकर की गई समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों की सेवा एवं सुशासन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 6 से 8 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को जिला अतिथि गृह में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा ने की। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, बिहार सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामचंद्र प्रसाद, सांसद डॉ. गोपाल ठाकुर, पूर्व मंत्री हरि सहनी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम की तैयारियों, आयोजन स्थल, लाभुकों की सहभागिता, विभागीय समन्वय तथा विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक जिम्मेदारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल ने बताया गया कि 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा महिला सशक्तीकरण से जुड़े विषयों को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आँगनबाड़ी सेविका-सहायिका एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा, जो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में माताओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा की कार्यक्रम के अंतर्गत तीन लाभुक महिलाओं का सम्मान, पारंपरिक गोदभराई एवं अन्नप्राशन संस्कार, तथा माताओं एवं बच्चों के साथ संवाद सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य, बाल विकास एवं मातृ कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में मंत्री डॉ रामचंद्र प्रसाद ने उपस्थित कार्यकर्ता एवं अधिकारियों से कहा कि 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम को प्रभावी एवं जनसरोकार से जुड़ा बनाने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि 'आँगन का मिलन' कार्यक्रम माताओं, बच्चों, आँगनबाड़ी सेविका-सहायिका एवं आशा कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद और जनभागीदारी का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तीकरण, मातृ स्वास्थ्य, बाल पोषण एवं जनकल्याण को विशेष प्राथमिकता मिली है। बैठक मे पूर्व मंत्री हरि सहनी जी, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रभारी गुड़िया तिवार, भाजपा जिला अध्यक्ष (पूर्वी) विनय पासवान, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा ,जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक जी,संतोष पोद्दार, जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन,संगीता साह,जिला मंत्री मीरा मेहता जी,सपना भारती,रिंकी देवी जी, कल्पना झा जी,सहित कार्यक्रम के संयोजक-सहसंयोजक एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सरकार की योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**अरवल।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में मंगलवार को हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करना, पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की प्रगति का जायजा लेना तथा योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों का निराकरण सुनिश्चित करना रहा। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विभागीय उपलब्धियों की अद्यतन प्रगति से समिति को अवगत कराया गया। योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने, लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त करने के उपरांत समिति के माननीय सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं, जनहित के मुद्दों एवं महत्वपूर्ण सुझावों को भी बैठक में समिति के समक्ष रखा गया। सदस्यों द्वारा उठाए गए विषयों पर सांसद ने गंभीरतापूर्वक लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। सांसद ने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय, पारदर्शिता एवं जवाबदेही पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी करने तथा क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों की विभागवार अनुपालन स्थिति की भी समीक्षा की गई। इस क्रम में लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा जिन योजनाओं में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है, उनमें आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रगति लाने पर बल दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होने देने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों के आलोक में जिले में संचालित योजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं का अपेक्षित लाभ आमजन तक प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से पहुंच सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, संबंधित विभागों के पदाधिकारी तथा दिशा समिति के माननीय सदस्य एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

अल्पकालीन निविदा संख्या– 05/भ0प्र0 औरंगाबाद/2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 16.09.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 05.10.2026 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 06.10.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 06.10.2026 को अपराहन 3:30 बजे से
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद (ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद। (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद। (घ) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | दानी बिगहा स्थित डी0 टाईप आवास(पुराना) में चाहरदीवारी के उपर ग्रिल, जल निकासी हेतु नाली एंव अन्य मरम्मति कार्य | 5.819 | 11700.00 | 1250.00 | 15 दिन |
| 2 | प्रखंड परिसर औरंगाबाद स्थित सी0 टाईप आवास का आवश्यक मरम्मति एवं अन्य कार्य | 4.453 | 9000.00 | 750.00 | 15 दिन |
| | कुल | 10.272 | | | |

PR. No. 012186 (BCD) 2026-27

कार्यपालक, अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

# नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा सोमवार को सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत आयोजित जनता दरबार में कुल 32 आगंतुकों की शिकायतें सुनी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आमजन और पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत बनाना तथा लोगों की समस्याओं का शीघ्र और न्यायोचित समाधान सुनिश्चित करना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। जनता दरबार जैसे कार्यक्रमों से लोगों को अपनी बात सीधे पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है जिससे शिकायतों का बेहतर और तेज निस्तारण संभव हो पाता हैं।

# एनटीपीसी नबीनगर में सजी 'काव्य संध्या', कवियों ने बांधा समां

## नीलोत्पल मृणाल, डॉ. तिश्या श्री समेत चर्चित कवियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** जिले के बारून एवं नवीनगर प्रखंड की सीमा पर अवस्थित नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एनटीपीसी) में हिंदी पखवाड़ा के तहत आयोजित 'काव्य संध्या' में देश के चर्चित कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को साहित्य और संवेदनाओं की विविध दुनिया से रूबरू कराया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि नीलोत्पल मृणाल, गजेन्द्र प्रियांशु, सुदीप भोला एवं कवयित्री डॉ. तिश्या श्री ने अपनी प्रभावशाली काव्य प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में साहित्यिक रंग भर दिया। कार्यक्रम में एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एलके बेहेरा तथा बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एजे राजकुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर एलके बेहेरा ने आमंत्रित कवियों का स्वागत करते हुए हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत की महत्वपूर्ण भाषा है और इसे दैनिक जीवन के साथ-साथ कार्यालयीन कार्यों में भी अधिकाधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। काव्य संध्या के दौरान कवियों ने हास्य, व्यंग्य, गीत और विभिन्न काव्य रचनाओं की प्रस्तुतियों से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी प्रस्तुतियों में हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा के साथ-साथ सामाजिक एवं सांस्कृतिक संवेदनाओं के विभिन्न रंग देखने को मिले। श्रोताओं ने कवियों की प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया और कई अवसरों पर तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, उप कमांडेंट केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल रफाकत खान, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं ए.डी.एम.) मनोरंजन पाणिग्रही सहित परियोजना के अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ओंकार नाथ ने आमंत्रित कवियों, अतिथियों एवं उपस्थित प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी नबीनगर में 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार, संवर्धन तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 'काव्य संध्या' इसी क्रम में आयोजित की गई, जिसमें साहित्य और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम के माध्यम से हिंदी के प्रति लोगों की रुचि और जुड़ाव को बढ़ावा दिया गया।

# राजस्व मामलों के निपटारे में लाएं तेजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिले के सभी अंचल अधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में दाखिल-खारिज, ऑनलाइन दाखिल-खारिज, जमाबंदी सुधार, सरकारी भूमि का सत्यापन, भूमि-संबंधी मामलों के निष्पादन तथा विभिन्न राजस्व सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के अनुसार जिले में ऑनलाइन दाखिल-खारिज के कुल 16,546 मामलों में से 13,571 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है तथा कुल निष्पादन प्रतिशत 82 प्रतिशत रहा। जिलाधिकारी ने अंचलवार प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जमाबंदी सुधारात्मक विवरण की भी समीक्षा की गई। जमाबंदी में नाम, विवरण एवं अन्य प्रविष्टियों से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नागरिकों से संबंधित राजस्व अभिलेखों के सुधार के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निष्पादित किया जाए। सरकारी भूमि के सत्यापन की समीक्षा के क्रम में जिले में कुल 1,16,205 प्लॉट के सत्यापन की स्थिति की समीक्षा की गई। उपलब्ध प्रगति के अनुसार 1,11,302 प्लॉट का एग स्तर पर सत्यापन किया जा चुका है तथा कुल सत्यापन प्रगति 95.8 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने शेष लंबित मामलों को शीघ्र पूरा करने तथा सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में सरकारी भूमि के म्यूटेशन एवं भूमि संबंधी अन्य मामलों की भी समीक्षा की गई। कुल 4,260 मामलों की स्थिति की समीक्षा के दौरान लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा भूमि अधिग्रहण, भूमि हस्तांतरण, भूमि बंदोबस्ती आदि से संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बसैरा-02 अभियान की अंचलवार प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने भूमि आवंटन के पश्चात पर्चा अपलोड करने तथा लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# अपराध नियंत्रण अभियान के तहत 63 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 63 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 18 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, आर्म्स एक्ट में दो, पॉक्सो एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में सात, मद्य निषेध अधिनियम के तहत तीन तथा अन्य मामलों में 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 50 लीटर देसी शराब, एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक मोबाइल, दो मास्टर चाबी, एक रिंच, दो बाइक एवं एक चार चक्का बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1099 वाहनों से 61 हजार रूपये की वसूली की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# भूमिहीन परिवारों को मिलेगी वासभूमि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जिले के पात्र भूमिहीन परिवारों को वासभूमि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभियान बसेरा संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पात्र भूमिहीन परिवारों को नियमानुसार वासभूमि उपलब्ध कराते हुए बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। अभियान के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के पात्र भूमिहीन परिवारों को वासभूमि का लाभ प्रदान करने को प्राथमिकता दी जा रही है। पात्र परिवार योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने संबंधित अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करें। आवेदन जमा करने के लिए पटना स्थित राज्य मुख्यालय जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के पात्र भूमिहीन परिवारों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से पटना राज्य मुख्यालय की यात्रा न करें तथा अभियान बसेरा के तहत वासभूमि से संबंधित आवेदन एवं जानकारी के लिए अपने संबंधित अंचल कार्यालय से ही संपर्क करें। साथ ही यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा पात्र परिवारों को दिग्भ्रमित कर अथवा गलत सूचना देकर जिलों से पटना राज्य मुख्यालय लाने का प्रयास किया जाता है तो ऐसे व्यक्तियों एवं संस्थाओं को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि अभियान बसेरा के तहत सभी पात्र भूमिहीन परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया जाए ताकि कोई भी पात्र परिवार वासभूमि के अधिकार से वंचित न रहे। इसके लिए जिले के सभी संबंधित अंचल कार्यालयों में आवश्यक प्रक्रिया के तहत आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं।

# अब ऐप से होगी खाद की बिक्री, कालाबाजारी पर कसेगा शिकंजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा(औरंगाबाद)।** खाद की बिक्री में पारदर्शिता लाने और किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने डिजिटल व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन में फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल मोबाइल एप्लीकेशन को लेकर एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। जिले में नई व्यवस्था को 1 अक्टूबर से लागू करने का प्रस्ताव है। प्रशिक्षण में उर्वरक विक्रेताओं और कृषि विभाग के कर्मियों को मोबाइल ऐप के संचालन की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राकेश रंजन ने ऐप की तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी देते हुए बताया कि नई व्यवस्था से खाद बिक्री की पूरी प्रक्रिया डिजिटल निगरानी में रहेगी। विक्रेताओं को ऐप में लॉगिन, प्रतिदिन स्टॉक का रियल टाइम अपडेट, किसान की डिजिटल पहचान का सत्यापन और बिक्री रसीद जारी करने की प्रक्रिया का चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी समस्या आने पर उसके समाधान की जानकारी भी दी गई। नई व्यवस्था में खाद के स्टॉक और बिक्री का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होगा। इससे उपलब्धता की स्थिति पर विभाग की निगरानी आसान होगी। किसानों के सत्यापन के बाद बिक्री दर्ज होने से खाद वितरण में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। वहीं डिजिटल रसीद से किसान के पास खरीद का प्रमाण भी रहेगा।

# जिलास्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 28 से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के अंतर्गत औरंगाबाद जिलास्तरीय विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितंबर से 02 अक्टूबर तक इंडोर स्टेडियम, औरंगाबाद में किया जाना निर्धारित है। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं निर्धारित आयु वर्ग के अनुसार भाग लेंगे। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, हॉकी, हैंडबॉल, रग्बी, खो-खो, भारोत्तोलन, ताइक्वांडो, कुश्ती (फ्री स्टाइल), कुश्ती (ग्रीको रोमन), कबड्डी, तीरंदाजी, बॉक्सिंग, योगा, शतरंज, कबड्डी, टेबल टेनिस, सेपक टकरा, सहित विभिन्न खेल विधाओं को शामिल किया गया है। खेल प्रतियोगिताओं के लिए बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग निर्धारित किया गया है। संबंधित खेल विधाओं में निर्धारित संख्या के अनुरूप खिलाड़ी विद्यालय स्तर से चयनित होकर जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए योग्यता प्रमाण-पत्र तथा विद्यालय का अग्रेषण-पत्र अनिवार्य किया गया है। खिलाड़ियों को निर्धारित दस्तावेजों, फोटो प्रमाण, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण-पत्र की छायाप्रति सहित आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा। खिलाड़ियों की आयु की गणना 31 दिसंबर 2026 के आधार पर की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि अपने विद्यालय की टीम एवं खिलाड़ियों का पंजीकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। 24 सितंबर को शाम 5:00 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में पंजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के साथ विद्यालय द्वारा महिला एवं पुरुष शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं सामान्य शिक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# महिलाओं के साथ पोषण विषय पर चर्चा आयोजित

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पोषण माह के दौरान जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला अंतर्गत 09 सितंबर से 08 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसी क्रम में आज केताकी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर महिलाओं के साथ पोषण के विषय पर चर्चा आयोजित की गई। चर्चा के दौरान महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, दैनिक भोजन में विभिन्न पोषक तत्वों को शामिल करने तथा बच्चों एवं परिवार के बेहतर पोषण के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

# परिवादों के निष्पादन की हो नियमित समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित कर संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी नेकहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बारून (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के मुंशी बिगहा के समीप नेशनल हाईवे-19 पर सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुंशी बिगहा निवासी दिलकेश्वर राठौर के पुत्र चंचल राठौर के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर एनएच-19 को पूरी तरह जाम कर दिया। गुस्साए लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। इससे हाइवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और काफी देर तक यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने के साथ-साथ हाइवे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी नारायण राय, प्रभारी थानाध्यक्ष रिंकू कुमारी और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मंजीत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद अधिकारियों ने सड़क जाम समाप्त कराने और स्थिति को सामान्य करने की दिशा में पहल शुरू की। हादसे के कारण हाइवे पर काफी देर तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

# महादलित टोले में आज तक नहीं बनी सड़क

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर प्रखंड के बनियां पंचायत के नगमतिया टोले महादलित गांव भुईयां बिगहा में सम्पर्क सड़क नहीं रहने से ग्रामीण पगडंडी के सहारे आवागमन को लेकर मजबूर हैं। नगमतिया क़ब्रिस्तान से भुईयां बिगहा महादलित टोला तक सम्पर्क सड़क का अभाव है। आजादी के बाद भी अभी तक भुईयां बिगहा महादलित टोला का विकास नहीं हो सका है। नगमतिया भुईयां बिगहा के लोग आज भी विकास से कोसों दूर है। आने जाने के लिए सिर्फ पगडंडी है। भुइयां बिगहा महादलित टोला तक चार पहिया वाहन जाना तो दूर दो पहिया वाहन भी नहीं जा सकता हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के अंतर्गत औरंगाबाद नगर परिषद द्वारा सम्राट अशोक भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति आमजनों में जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। शिविर में उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान आमजनों को व्यक्तिगत स्वच्छता, अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, कचरे के उचित निस्तारण तथा विभिन्न प्रकार के संक्रमण एवं बीमारियों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि स्वच्छ वातावरण का सीधा संबंध बेहतर स्वास्थ्य से है तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन की नियमित आदत के रूप में अपनाकर अनेक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति आमजनों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। अभियान के अंतर्गत कचरे के ढेर वाले स्थलों को चिह्नित कर विशेष साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, विद्यालयों में स्वच्छता पाठशाला, सफाई मित्रों के लिए सुरक्षा शिविर, पर्यटन स्थलों की विशेष साफ-सफाई सहित विभिन्न स्वच्छता एवं जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा अपने घर, गली, मोहल्ले एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

